राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 चीन की करेंसी में रूसी तेल क्यों लें भारत ने जताई ...

पाकिस्तान लौटते ही नवाज ने क्यों की भारत से रिश्ते सुधारने की ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 163 | पटना, सोमवार , 23 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

शारदीय नवरात्र, नौवां स्वरूप : मां सिद्धिदात्री की पूजा

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

मां दुगार्जी की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। नवरात्रि पूजन के नवें और अंतिम दिन इनकी उपासना की जाती है। मां का यह रूप सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियां हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था,इसी कारण वह लोक में अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए।

आवश्यक सूचना

दुगार्पूजा के अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। दुगार्पूजा के अवसर पर प्रात किरण का दफ्तर 23.10.2023 एवं 24.10.2023 को बंद रहेगा। अतएव पाठकों को प्रातः किरण का अगला अंक 26.10.2023 को मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी और इस अवसर पर सभी के उत्तम स्वास्थ्य व सुखी जीवन की कामना की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट मेंकहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को दुर्गा पूजा की ढेरों शुभकामनाएं। मां दुर्गा हर किसी को उत्तम स्वास्थ्य और सुखी जीवन का आशीर्वाद दें। महालया से दुर्गा पूजा उत्सव प्रारंभ होता है। इस दिन से मूर्तियों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाता है। परंतु वास्तविक पूजा षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी और विजयादशमी के रूप में परिभाषित की गयी है।

सियाचिन में एक अग्निवीर की मौत : सेना

नई दिल्ली। सियाचिन में ड्यूटी के दौरान एक अग्निवीर की मौत हो गई। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और बल के सभी रैंक के कर्मियों ने महाराष्ट्र के अग्निवीर गवते अक्षय लक्ष्मण की मौत पर शोक व्यक्त किया है। काराकोरम पर्वतीय श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन हिमनद को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को अत्यधिक ठंड और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि लक्ष्मण की मौत का कारण क्या है। फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, फायर एंड फ्यूरी कोर के सभी अधिकारी सियाचिन की दुर्गम ऊंचाइयों पर ड्यूटी के दौरान अग्निवीर (ऑपरेटर) गवते अक्षय लक्ष्मण के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और सरकार के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट प्रशासक बताया। शाह रविवार को 59 साल के हो गए। अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए 300 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमित शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह भारत की प्रगति और गरीबों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने को लेकर बेहद गंभीर हैं।

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में दुर्गापूजा की धूम, पंडालों में उमड़ा आस्था का सैलाब

या देवी सर्वभूतेषु.... की गूंज से गुंजायमान हुआ शहर

प्रात : किरण

पटना। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में दुगापूर्जा की धूम है। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमो नमः की गूंज से पूरा शहर गुंजायमान हो रहा है। शारदीय नवरात्रा के आठवें दिन रविवार को महाअष्टमी को मां महागौरी की पूजा अर्चना को लेकर मंदिरों व पूजा पंडालों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। अहले सुबह से ही महागौरी के दर्शन पूजन को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजा पंडालों में बजने वाले माता के भजनों से शहर को गुंजायमान कर दिया है। वहीं पूजा को लेकर आचार्यो के द्वारा किए जाने वाले वैदिक मंत्रों के उच्चारण व धूप अगरबत्ती की खुशबू से माहौल भक्तिमय हो चुका है। बच्चों से लेकर बड़ों तक माता का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया खासकर महिलाएं महा अष्टमी को माता के खोईचा भरने के लिए पूरे सामान लेकर पूजा पंडाल पहुंची थी।

इस दौरान महिलाओं ने नए वस्त्र के साथ चूड़ी बिंदी सिंदूर सहित विभिन्न प्रकार के भोग प्रसाद अर्पित किए। राजाबाजार, शेखपुरा, बोरिंग रोड चौराहा, बोरिंग कैनाल रोड, आयकर गोलंबर, डाकबंगला चौराहा, पटना जंक्शन, कदमकुआं, चूड़ी मार्केट, अशोक राजपथ, मछुआटोली, जाबाजार, आशियाना, गर्दनीबाग, कंकड़बाग, शेखपुरा में बने पूजा पंडालों सहित सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। भक्त मां के दरबार में अपनी मुरादें पूरी करने लिए हाजिरी लगा रहे

हैं। पूजा पंडालों में जगह-जगह बज रहे भक्ति गीतों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया है। राजधानी समेत राज्य के कोने-कोने में लोग पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा कर रहे हैं। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में दशहरे की धूम है। राजधानी में बने भव्य पंडाल आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सड़कों पर आकर्षक सजावट की गई है। रंग बिरंगी रोशनी से पूरे शहर को नहलाया गया है। जगह-जगह खूबसूरत पंडाल और आकर्षित करती मां देवी की प्रतिमाएं लोगों को अपनी ओर आकृष्ट करने को मजबूर कर रही है।

जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कडें इंतजाम किए गए है। हर चौक चौराहे पर पुलिस के जवान मुस्तैद हैं। पूजा पंडाल के आयोजक भी बढ़ चढ़कर प्रशसन का साथ दे रहे हैं। पूजा पंडालों में महिलाओं व पुरूषों के अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। गड़बड़ी के मद्देनजर सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने मां भगवती शीतला माता, बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी का किया दर्शन

मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए की मां दुर्गा की पूजा अर्चना

सीएम ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, बंगाली अखाड़ा व रामकृष्ण मिशन आश्रम में माता रानी का लिया आशीर्वाद

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को नवरात्रा पर्व की महाअष्टमी के दिन अगमकुआँ स्थित शीतला माता मंदिर, पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोचार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री ने माँ शीतला देवी, मां बड़ी पटनदेवी एवं मां छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जी जाकर माँ भगवती दुर्गा की भी पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री को मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। पूजा अर्चना के दौरान वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इसके साथ ही

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाअष्टमी पूजा के अवसर पर पटना के गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में पूजा अर्चना की, साथ में जल संसाधन मंत्री संजय झा रहें मौजूद

मुख्यमंत्री गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति स्थित माँ दुर्गा मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की पूजा समिति की ओर से मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

ठाकुरबाड़ी में माँ दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने नाला रोड स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम पर माता रानी का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर उनका अभिनंदन किया। यहां से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार लंगरटोली स्थित बंगाली अखाड़ा दुर्गा मंदिर गए जहां उन्होंने देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन किए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित काली मंदिर जाकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

पटना सहित कई जिलों में भूकंप के झटके, 5.3 मापी गई तीव्रता

प्रात : किरण

पटना। बिहार की राजधानी पटना समेत कई जिलों में रविवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विभाग के अनुसार सुबह 7.25 बजे पटना, बगहा, सीवान, गोपालगंज और छपरा में भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के झटके करीब तीन से चार सेकंड तक महसूस किए गए। झटके महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप का केंद्र नेपाल के काठमांडू में बताया जा रहा है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई है। जमीन के 10 किलोमीटर नीचे केंद्र था। भूकंप का असर नेपाल से सटे बिहार और उत्तर प्रदेश के सभी सीमावर्ती जिलों में ज्यादा रहा। इसके साथ दोनों राज्यों की राजधानी तक लोगों ने झटका महसूस किया। झारखंड और पश्चिम बंगाल तक इसका असर रहा।

हालांकि, कहीं से कोई नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना अबतक सामने नहीं आई है। रविवार सुबह 7 बजकर 24 मिनट 20 सेकंड पर भूकंप आया, जबकि पटना में लोगों ने इसके कुछ देर बाद कंपन महसूस किया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, नेपाल के काठमांडू के पास भूकंप का केंद्र है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 रिकॉर्ड की गई। इसके बाद में रविवार सुबह 8 बजकर 44 मिनट 43 सेकंड में फिर से भूकंप आया। इसका केंद्र तिब्बत

● भूकंप का केंद्र नेपाल के काठमांडू में, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक रहा असर

बताया गया। हालांकि, इसका बहुत हल्का असर बिहार तक पहुंचा। पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, नेपाल से शुरू हुआ भूकंप बिहार-यूपी के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल तक पहुंचा। भूकंप के झटके उत्तर प्रदेश के महाराजगंज के ठूठीबाड़ी व सौनोली, सिद्धार्थनगर, बहराइच, श्रावस्ती, लखनऊ, प्रयागराज में महसूस किए गए। बिहार में चंपारण, मधुबनी, सारण, सीवान, गोपालगंज समेत बॉर्डर जिलों में असर ज्यादा हुआ। इधर, पटना, गया, सासाराम होकर भूकंप के झटका पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा तक जुड़े जिलों तक पहुंचा। अबतक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग ने ऑफ्टर सॉक्स की सूचना दी है, जो किसी भूकंप के कुछ देर बाद कभी-कभी आते हैं।

कठिन दौर से गुजर रहे हैं भारत-कनाडा के संबंध: जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत के मामलों में कनाडा के कर्मियों के हस्तक्षेप को लेकर चिंताओं के मद्देनजर नई दिल्ली ने देश में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता का प्रावधान लागू किया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यदि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा में प्रगति दिखती है तो भारत कनाडा के लोगों को वीजा जारी करना फिर से शुरू कर सकता है। गत जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता संबंधी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा पिछले महीने आरोप लगाये जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव में आ गया है। ट्रूडो के आरोपों के कुछ दिनों बाद, भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की और ओटावा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने को कहा। जयशंकर ने एक कार्यक्रम में भारत-कनाडा संबंधों को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, यदि हमें कनाडा में अपने राजनयिकों की सुरक्षा में प्रगति दिखती हैं, तो हम वहां वीजा जारी करना फिर से शुरू करना चाहेंगे। भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति कम करने पर उन्होंने कहा कि राजनयिक संबंधों पर विएना संधि में राजनयिक समानता प्रदान की गई है। जयशंकर ने कहा, विएना संधि द्वारा समानता प्रदान की गई है, जो इस पर प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय नियम है। हमारे मामले में, हमने समानता का आह्वान किया क्योंकि हमें कनाडाई कर्मियों द्वारा हमारे मामलों में लगातार हस्तक्षेप को लेकर चिंता थी। कनाडा अपने 41 राजनयिकों को पहले ही भारत से वापस बुला चुका है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बृहस्पतिवार को भारत से राजनयिकों की वापसी की घोषणा करते हुए भारत के कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत और राजनयिक संबंधों पर जिनेवा संधि का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया है। भारत पहले ही इस आरोप को खारिज कर चुका है। जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध अभी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को कनाडा की राजनीति के कुछ हिस्से से दिक्कत है।

झारखंड में अवैध बॉक्साइट खनन: एनजीटी ने समिति गठित की, रिपोर्ट मांगी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक समिति का गठन कर उसे झारखंड के लोहरदगा में बॉक्साइट के कथित अवैध खनन पर तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जो लोहरदगा में अवैध बॉक्साइट खनन पर एक मीडिया रिपोर्ट के बाद दाखिल की गई थी। लोहरदगा को देश का बॉक्साइट शहर भी कहा जाता है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने बॉक्साइट के बड़े पैमाने पर अवैध खनन को लेकर प्रकाशित रिपोर्ट का उल्लेख किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बॉक्साइट को जाली नंबर प्लेट वाले ट्रकों में गुप्त रूप से ले जाया जाता है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने हाल के आदेश में कहा, समाचार से पता चलता है कि पर्यावरण कानूनों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा इससे जुड़ा है।

न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर शीर्ष पर पहुंचा भारत, कीवियों का विजय रथ रूका

इस जीत के साथ भारतीय टीम के पास 10 अंक, शमी ने 5 विकेट झटके

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विश्व कप 2023 के 21वें मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। अब भारत के पास 10 अंक हैं। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 273 रन बनाए। भारत ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया है।

वनडे विश्व कप 2023 में कीवी टीम का विजयरथ रुक चुका है, जबकि टीम इंडिया इस टूनार्मेंट में अभी भी अजेय है। इस जीत के साथ भारतीय टीम के पास 10 अंक हो गए हैं और अंक तालिका में भारत शीर्ष पर पहुंच गया है। वहीं, न्यूजीलैंड को पहली हार झेलनी पड़ी है और यह टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 273 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 130 रन डेरिल मिचेल ने बनाए। रचिन रवींद्र ने 75 और ग्लेन फिलिप्स ने 23 रन का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा सिर्फ विल यंग (17 रन)

ही दहाई का आंकड़ा छू सके। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए विराट कोहली ने 95 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने 46 और रवींद्र जडेजा ने नाबाद 39 रन बनाए। श्रेयस ने 33, राहुल ने 27 और गिल ने 26 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए। वहीं, बोल्ट-हेनरी और सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। भारतीय टीम का अगला मैच 29 अक्तूबर को इंग्लैंड के साथ होगा। न्यूजीलैंड से मिले 274 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े लेकिन इसके बाद भारत को रोहित शर्मा के रुप में पहला झटका लगा. रोहित 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल 26 रन बनाकर चलते बने। भारत के लिए श्रेयस अय्यर ने 33, केएल राहुल ने 27 रनों की पारी खेली। जबकि जडेजा 39 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल की शतकीय पारी के दम पर निर्धारित 50 ओवरों में 273 रन बनाए हैं और टीम इंडिया को जीत के लिए 274 रनों का लक्ष्य दिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत इस मुकाबले में खराब रही और टीम ने 9 के स्कोर पर ही अपना पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद टीम को 19 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा. शुरूआती दो झटके लगने के बाद न्यूजीलैंड को डेरिल मिशेल और रचिन रवीन्द्र की जोड़ी ने वापसी करवाई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 159 रनों की साझेदारी की। इस दौरान रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। हालांकि, इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और बड़े स्कोर की तरफ बढ़ती दिख रही न्यूजीलैंड को एक के बाद झटके दिए. न्यूजीलैंड के लिए इस मैच में डेरिल मिचेल ने 127 गेंदों पर 130 रनों की पारी खेली, जबकि रचिन रवींद्र ने 87 गेंदों पर 75 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज खास कमाल नहीं दिखा पाया। भारत के लिए मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। मोहम्मद शमी ने अपने 10 ओवरों में 54 रन देकर 5 विकेट झटके।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना-800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है तथा हमें ईमानदारी, सच्चरित्रता, सहिष्णुता, सेवा और करूणा आदि शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में सुख, शांति और सौभाग्य लेकर आये तथा सबके जीवन में साहस, संयम और एक नई ऊर्जा का संचार करे।

मैं आवाहन करता हूँ कि इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएँ ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR No.-010429 (Governor Secretariate) D. 2023-24

संक्षिप्त खबरें

निर्माणधीन घर का ताला तोड़ चोरो ने 50 हजार रुपए ले उरे

दानापुर। नगर के अंतर्गत उमाशंकर सिंह के निर्माणधीन घर का ताला तोड़ चोरो ने सीसीटीवी के डीभीआर समेत करीब 50 हजार का सामान ले उरे। इस संबंध में शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के बोर्ड कालोनी निवासी उमाशंकर सिंह ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि उमाशंकर सिंह दानापुर थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा के एमपीनगर फेज 2 में अपना घर का निर्माण करा रहे है। चोरो ने उनके बंद निर्माणधीन घर का ताला तोड़ उसमे लगा सीसीटीवी व डीवीआर समेत करीब 50 हजार के सामान ले उरे। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी गई है

चोरी के लोहे के पाइप के साथ एक युवा गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को अहले सुबह लोहा का पाइप चोरी कर गाड़ी से ले जाते हुए एक युवक को गिरफ़्तार किया गया इस संबंध में पुलिस ने युवक से पूछताछ करने के बाद मामला दर्ज किया। जिसकी पहचान लखनीबिगहा निवासी अनिल कुमार के रूप में किया गया। बताया जाता है कि रविवार की सुबह गश्तीदल खगौल कैंट रोड मे ओर थी। तभी एक गाड़ी पर पाइप लेकर जा रहे एक युवक को देखा गया जिसे सगुनामोड़ के गश्ती दल ने पीछा किया तभी कबाड़ी दुकान के पास उसने पुलिस को देख वो भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे खदेर कर धड़ दबोचा। उसे अपना गुनाह स्वीकार किया पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

चैतन्य झांकियां का प्रदर्शन

पटना सिटी (प्राकि)। गुरु गोपद के मंगल तालाब मनोज कमलिया स्टेडियम के पास प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की ओर से चैतन्य झांकियों का आयोजन रविवार को भी किया गया। सेंटर की प्रभारी ब्रह्म कुमारी रानी दीदी की देखरेख में आयोजित झांकी में दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिक, गणेश के साथ ज्ञान गंगा की जीवंत प्रदर्शनी पेश की गयी। झांकी का उद्घाटन एसडीओ गुंजन सिंह ने किया। सोमवार को महापौर सीता साहू उद्घाट करेंगी।

दुर्गा पूजा समिति ने किया सम्मान

पटना सिटी (प्राकि)। जंगली प्रसाद लेन स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के स्थापना के 81 वर्ष पूरा हुआ। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति ने नई परंपरा की शुरूआत करते हुए पूजा समिति एवं मोहल्ले के वरिष्ठ बड़े बुजुर्ग नागरिकों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक नंदकिशोर यादव ने सदस्यों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया। इसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के संरक्षक रामजी योगेश एवं संचालन संजीव सिन्हा ने किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, भाजपा नेता अवधेश सिन्हा, अशोक कुमार, हरि मेहता, रणधीर वर्मा, दीपक वर्मा, सुखारी माली, सन्नी सिन्हा, आर्यन सिन्हा, पंकज शुक्ला, अमन सिन्हा, राजेश सिन्हा, अवधेश शुक्ला आदि का सम्मान किया गया।

दशहरा शिविर में सीएम का स्वागत

पटना सिटी (प्राकि)। मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा आयोजित दशहरा सेवा शिविर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्री विजय कुमार चौधरी का आगमन हुआ। समारोह के प्रायोजक शशि शेखर रस्तोगी, अमित रस्तोगी एवं सौरभ रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने राजस्थानी साफा, माता की चुनरी ओढ़ा कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश सचिव कमल नोपानी, संयोजक राहुल अग्रवाल, सचिव राजकुमार गोयनका, गोविंद कानोडिया, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका आदि उपस्थित थे। जदयू नेता शशिकांत गुप्ता, अनंत अरोड़ा, संजय राज भी सीएम के कार्यक्रम में मौजूद थे।

महाअष्टमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

आरा। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को देवी दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। महाअष्टमी को पूजन करने के लिए पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर रविवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। मां अरण्य देवी की प्रतिमा एवं मंदिर परिसर को आकर्षक ढ़ंग से फूल-श्रृंगार से सजाया गया था। भीड का आलम यह था कि महिला-पुरुष भक्तो की लाइन आरण्य देवी, व्यापार मंडल से आगे सब्जी गोला तक पहुंच गई। यह सिलसिला शाम करीब आठ बजे तक चला। दोपहर ढाई बजे तक भक्त एवं श्रद्धालुओं की भीड़ कुछ कम हुई। लेकिन पुनः 3 के बाद मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सीएम ने शक्तिपीठ स्थल, शीतला मंदिर व मारूफगंज में किया पूजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को नवरात्र के महाअष्टमी पर अगमकुआं स्थित श्री शीतला मंदिर, शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी एवं श्री छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा कराई। उन्होंने मां शीतला देवी, मां बड़ी पटनदेवी एवं मां छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की।

चहारदीवारी व टाइल्स का काम: अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर पहुंचने पर यहां पंकज पुजारी, सुनील पुजारी आदि ने उनका स्वागत करते हुए भगवती की पूजा कराया। उन्होंने मां शीतला की आरती भी उतारी। यहां राजीव रंजन व अन्य उन्हें भगवती शीतला की तस्वीर प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सुनील पुजारी से यहां की व्यवस्था के बारे में बातचीत किया। श्री सुनील ने बताया कि कब्रिस्तान की चहारदीवारी गिरा रहने से असामाजिक तत्व और शरारती तत्व के लोग परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इस कारण से चहारदीवारी का निर्माण कर दिया जाए। साथ ही परिसर में टाइल्स लगवाने की बात भी कही। इस पर साथ में रहे डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह को मुख्यमंत्री ने निर्देशित करने का काम किया।

फरवरी-मार्च तक काम पूरा: इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर पहुंचा। यहां महंत विजय शंकर गिरी एवं विकास गिरी ने भगवती की पूजा-अर्चना कराया। नारियल फोड़ा गया और आरती उतारी गई। इस दौरान महंत विजय शंकर गिरी ने मुख्यमंत्री विजय चौधरी एवं साथ में रहे अधिकारियों को माता की चुनरी, चरणामृत और प्रसाद भेंट किया। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने महंत जी से कहा कि अब आप खुश हैं न। काम तेजी से अब शुरू होगा और फरवरी-मार्च, 24 तक भव्य गुंबद और मंदिर सब बन जाएगा। इस पर महंत विजय शंकर गिरी ने कहा कि यह सब आपके सद्प्रयास से संभव हो रहा है। जब भव्य रूप से गर्भगृह का निर्माण हो जाएगा और गुंबद के बनने के साथ ही पताका लग जाएगा, तब विधिपूर्वक अनुष्ठान के साथ भगवती को गर्भगृह में विराजित किया जाएगा। तब आपको यहां आमंत्रित करेंगे। इस पर सीएम ने कहा कि वह हमेशा यहां सेवा के लिए तत्पर हैं।

छोटी पटनदेवी में भी होगा काम: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काफिला यहां पूजा-अर्चना करने के बाद शक्तिपीठ स्थल श्री छोटी पटनदेवी मंदिर के लिए प्रस्थान किया। यहां पहुंचने के बाद अचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी एवं विवेक द्विवेदी ने भगवती की पूजा-अर्चना कराया। मुख्यमंत्री ने भगवती की आरती उतारी। उन्हें भगवती की चुनरी, प्रसाद आदि प्रदान किया गया। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मंदिर में चल रहे 51 शक्तिपीठ के निर्माण के बाबत मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान साथ में रहे डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह को बुलाकर सीएम श्री नीतीश ने कहा कि देख लीजिए। यहां भी विकास का काम जो संभव है, वह करवा दीजिए। इस पर जिलाधिकारी ने हामी भरी।

मारूफगंज व दलहट्टा भी गए: सीएम नीतीश कुमार ने श्री श्री बड़ी देवी जी, मारूफगंज तथा श्रीश्री बड़ी देवी जी, दलहट्टा भी गए। मारूफगंज में मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, संत प्रसाद गोलवारा, सचिव डॉ राजेश कुमार, सहसचिव साधु शरण भदानी, सुनील बंका, अतानु साहा, प्रह्लाद यादव, ईश्वर लाल अग्रवाल, राज नारायण केसरी आदि ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने भगवती की पूजा-अर्चना की। समिति की ओर से उन्हें मोमेंटो और चुनरी के साथ प्रसाद प्रदान किया गया। बाद मुख्यमंत्री दलहट्टा गए। यहां भी उन्होंने भगवती की पूजा अर्चना की। समिति की ओर से भी उन्हें सम्मानित कर चुनरी और माता का प्रसाद प्रदान किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, डीएम डॉ चन्द्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गण्यमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

तख्तश्री में चंडी दी वार का पाठ जारी, शस्त्र दर्शन शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। शारदीय नवरात्र पर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दशमी तक चंडी दी वार का पाठ किया जाएगा। रविवार को भी अपराह्न में अष्टमी का पाठ पूरा किया गया। दशमी को चंडी दी वार पाठ के बाद इस नवरात्र का समापन होगा। जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में चंडी दी वार का पाठ चल रहा है। दशम ग्रंथ में गुरु महाराज ने चंडी दी वार का जिक्र किया है। इसी का पाठ नवरात्रि के नौ दिनों तक किया जाता है। इस दौरान प्रबंधक कमेटी और संगत के द्वारा ईख और नारियल का प्रसाद चढ़ाया जाता है। पाठ की समाप्ति के बाद आरती की जाती है। इसके बाद संगतों के बीच नारियल फोड़कर ईख के साथ प्रसाद का वितरण किया जाता है। वहीं महाअष्टमी से लेकर दशमी तक गुरु महाराज के जीवन से जुड़े अस्त्र व शस्त्र का दर्शन कराया जाता है। यह रविवार को अष्टमी पूजा के साथ शुरू हो गया। यह दशमी यानी मंगलवार तक दर्शन किया जा सकेगा। पाठ में शामिल होने के लिए स्थानीय सिख संगत के साथ ही पंजाब, हरियाणा व दूसरे राज्यों से भी सिख संगत तख्त साहिब पहुंच रही है।

ट्रांसपोर्टनगर से ट्रक कंटेनर में रखा 58 कार्टन विदेशी शराब जप्त

स्कैनर की मदद से खोज किया गया जप्त, अन्य सामान के बीच था रखा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू होने के बावजूद इसकी तस्करी लगातार हो रही है। रविवार को शराब की एक खेप अगमकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्टनगर में आने की सूचना उत्पाद विभाग को मिली। इसके बाद आनन-फानन में टीम का गठन करने के साथ ही यहां छापेमारी की गई। यहां स्कैनर की मदद से शराब पकड़ी गई। मगर कौन सा ट्रक कंटेनर में शराब था, यह पता नहीं चल पा रहा था।

उत्पाद विभाग की टीम ने स्कैनर की मदद ली। इस स्कैनर की मदद से ही हरियाणा नंबर के ट्रक में अन्य सामान के बीच रखा गया शराब बरामद किया जा सका। सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक कंटेनर में शराब आया है। हालांकि तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इसके बाद स्कैनर मंगवा कर ट्रैकों को स्कैन किया जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक कंटेनर, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर 55एएन 5475 लिखा था, के बॉडी को स्कैन किए जाने के बाद उसमें छुपा कर रखा गया शराब का पता चला। इसके बाद उसमें रहे अन्य सामान को हटाया गया। शराब भी अपने ब्रांड के कार्टन में नहीं होकर दूसरे कार्टन में पैक कर रखा गया था। करीब 58 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया गया है। यह सब 750 एमल का करीब 1100 बोतल था। इसकी मात्रा करीब 825 लीटर और कीमत करीब 10 लाख रुपया आंका गया है। शराब मेड इन हरियाणा है। हालांकि आसपास चालक, खलासी और शराब तस्कर को खोजने का प्रयास किया गया।

लोगों से पूछताछ भी की गई, मगर कुछ पता नहीं चल सका। उत्पाद विभाग की टीम ने इसके बाद उसे कुम्हरार स्थित हाजत परिसर में लाकर रख और यहां कागजी प्रक्रिया पूरा किया। अधिकारी का कहना था कि ट्रक नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता किया जाएगा और उससे पूछताछ की जाएगी। आखिर उस ट्रक को लेकर कौन चालक और खलासी यहां आया था। माल कहां से लोड हुआ था और इसे किसने मंगवाया था। किस ट्रांसपोर्ट वाले के यहां अनलोड किया जाना था।

श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व महाराजगंज का मिलन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। दशहरा के नौ दिनों तक भगवती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करने के बाद विजयादशमी यानी मंगलवार को प्रतिमा के विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान मिलन स्थल शेख बूचर की चौराहा पुरानी सिटकोर्ट पेट्रोल पंप के पास श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व महाराजगंज के मिलन का दृश्य व खोइंछा की अदला-बदली होगी। इसकी तैयारियों को लेकर श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति की बैठक गिरजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता और जगत किशोर प्रसाद के संचालन में हुई। इसमें पुरोहित मनोज भट्ट, राकेश कुमार सिन्हा रिंकू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। दूसरी ओर दुगार्पूजा में विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से दो जगहों पर अस्थायी थाना खोला जाएगा। एसडीओ गुंजन सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए विसर्जन स्थल भद्र घाट व गायघाट में अस्थायी थाना खुलेगा। यहां मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गयी है। विसर्जन के लिए भद्र घाट, लॉ कॉलेज घाट समेत अन्य घाटों पर कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। इसी में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मिलन के दौरान भी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी।

विवाहिता की मौत, दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में एक विवाहिता का शव उसके बेडरूम में दुपट्टा के फंदे से लटका मिला। मृतका के परिजन ने घरेलू कलह में आत्महत्या की बात कही और ससुराली परिजन पर दहेज उत्पीड़न और हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित सूचना दी है। जानकारी अनुसार फतुहा स्टेशन रोड में किराए के मकान में रहने वाली स्वीटी कुमारी (21 वर्ष) का शव रविवार की दोपहर घर के बेडरूम में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। ससुराली परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद में महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है वहीं नालंदा जिले के नगरनौसा विशुनपुर गांव निवासी मृतका के पिता नाथुन प्रसाद ने बताया कि करीब तीन साल पूर्व शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के तोप गांव निवासी स्व. वशिष्ठ प्रसाद के पुत्र आशुतोष राठौड़ उर्फ गुड्डू से हिंदू रीति रिवाज के साथ अपनी पुत्री स्वीटी की शादी की थी। आरोप लगाया की शादी के कुछ ही महीने बाद से ही ससुराली परिजन दो लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री का उत्पीड़न करते थे। रविवार को सूचना मिली कि उनकी पुत्री ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद पिता अपने बेटे और बेटी के साथ फतुहा पहुंचे तथा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पिता ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी है तथा आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया है। वहीं विवाहिता के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि मेरा जीजा आशुतोष राठौड़ उर्फ गुड्डू दहेज के लिए बहुत प्रताड़ित करता था। कहता था कि मुझे पैसा दो, मुझे पैसे का काम है।

तुम्हारे परिवार वाले कहां से लाएंगे, मुझे नहीं पता। भाई ने बताया एक बार एक कट्ठा जमीन बेचकर भी गुड्डू को पैसा दिया गया था। लेकिन हमलोग गरीब हैं किसानी से ही घर चलता है, बार-बार इसे कहां से पैसे दूंगा। इतना ही नहीं इसका किसी दूसरे लड़की से अवैध संबंध भी है। जब मेरी बहन को अवैध संबंध के बारे में पता चला तब से ही वह विरोध करती थी जिसके लिए उसकी बेरहमी से पिटाई की जाती थी। सूचना पर पहुंचे एसआई इरफान व एसआई सौरभ कुमार ने परिजनों से जानकारी ली। उन्होंने कहा मामला संदिग्ध है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या या आत्महत्या का पता चल पाएगा। वहीं विवाहिता के पति आशुतोष को गिरफ़्तार कर लाया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मर्यादा हनन पर माफी मांगे तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी : ज्ञानी हरप्रीत सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। श्री अकाल तख्त साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने भी 18 अक्टूबर को तख्तश्री पटना साहिब में राष्ट्रपति महोदया के आने के दौरान संगतों के साथ की गई बदसलूकी की निंदा की है। वीडियो के माध्यम से ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि तख्तश्री पटना साहिब पावन तख्त है। खालसा पंथ का स्थान है। राष्ट्रपति महोदया के आने के पूर्व जिस तरीके से संगतों के मामले को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, वह सिखों का हृदय झकझोरने और परेशान करने वाला है। राष्ट्रपति महोदया का माथा टेकने से लेकर अनेक देश और विदेशों से भी वीवीआईपी आया करते हैं गुरु घर में सबों का स्वागत किया जाता है, मगर तख्तश्री पटना साहिब को छोड़कर अन्य किसी भी तख्त साहिब या गुरुद्वारों में संगतों को रोका नहीं जाता है और न ही दरबार साहिब को संगतों से खाली कराया जाता है। पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी ने परिसर से संगतों को बाहर कर दिया है, यह गलत है। गुरु ने संगत को मान सम्मान दिया है। संगत सर्वोपरि है। उसे बाहर करना, गेट पर रोकना और कमरे में बंद रखना यह सिख परंपरा का मजाक और उसकी अनदेखी है। जो भी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी ने ऐसा किया है, वह सरासर गलत है। कोई भी वीवीआईपी आए या साधारण व्यक्ति आए, सबों का दरबार में स्वागत और सम्मान है। संगत से दुर्व्यवहार करना गलत है। यह नहीं होना चाहिए। तख्तश्री कमेटी को संगत से इसके लिए माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने दुर्व्यवहार किया है।

सिद्धिदात्री की उपासना आज, संधि पूजा का हुआ अनुष्ठान

महाअष्टमी को व्रत रख महागौरी की लोगों ने की आराधना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्रि में भक्तों के लिए महाष्टमी विशेष रूप से महत्व रखता है इस दिन अधिकांश भगवती के उपासक व्रत रख उनकी पूजा और आराधना करते हैं। महागौरी की उपासना के लिए शक्तिपीठ मंदिरों व अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी थी। सोमवार को देवी के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की उपासना की जाएगी। इस दिन भक्ति श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ पूरा करने के बाद नवरात्र का अनुष्ठान हवन के साथ पूरा करेंगे। इसके बाद कुंवारी कन्या का पूजन कर उन्हें भोजन करने के साथ ही दक्षिणा और उपहार भी देंगे।

मंगलवार विजयादशमी वाले दिन ब्रह्म मुहूर्त के बाद से कलश का विसर्जन शुरू होगा। उसी दिन मध्याह्न से भगवती की स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा, जो दूसरे दिन एकादशी यानी बुधवार की रात तक जारी रहेगा। श्री बड़ी देवी जी, मारुफगंज में उपाध्यक्ष संत कुमार गोलवारा व सचिव अतानु साहा की उपस्थिति में दुर्गा देवी का कल्पारंभ के साथ महाअष्टमी विहित व संधि पूजा की गई। इसी प्रकार से दलहट्टा बड़ी देवी जी व नंदगोला बड़ी देवी जी में भी संधि पूजा का अनुष्ठान किया गया। शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी व विकास गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में, अगमकुआं शीतला माता मंदिर में पुजारी जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, मनोज श्री माली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी, बड़ी देवी जी महाराजगंज में निशा पूजा का अनुष्ठान बीती रात हुआ। दूसरी ओर श्री बड़ी देवी जी,खाजेकलां, युवा मंडली, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति, मनोरंजन पूजा समितिचैली टाल, बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग, गुरहट्टा श्री बड़ी देवी जी, हमामपर, कमांडर गली, कसेरा पंचायत, सोनार टोली के श्री चांदी के देवी जी, हाजीगंज, मच्छरहट्टा गली, श्री काले हनुमान मंदिर, रानीपुर की प्रसिद्ध काली जी की मूर्ति का दर्शन करने को लोग उमड़ रहे हैं। काली स्थान दीरापर पं शशिकांत मिश्रा व पानीटंकीकाली मंदिर में मुन्ना बाबा की देखरेख में पूजा हुई। सबसे अधिक भीड़ शक्तिपीठस्थल श्री बड़ी पटन देवी छोटी पटन देवी और अगमकुआं के शीतला माता मंदिर में जुटी थी। मंत्री पशुपति कुमार पारस, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद रामकृपाल यादव, रविशंकर प्रसाद से भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा सहित अन्य वीआईपी के आने का दौर जारी रहा।

एसटीएफ ने बंटी खां को उठाया

पटना (प्राकि)। एसटीएफ की विशेष टीम ने कुख्यात और वांछित अपराधी बंटी खां उर्फ सरवर हसनैन उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है।

बंटी उर्फ सरवर हसनैन उर्फ दानिश खाजेकलां थाना क्षेत्र के बंगलापर का रहने वाला गुलाम हसनैन खां का पुत्र है। उक्त अपराधी के विरुद्ध पटना जिला के विभिन्न थाना में लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित अनेक कांड दर्ज है। जानकारी के मुताबिक उक्त अपराधी को कंकड़बाग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

दो प्रमुख तख्त के जत्थेदार से तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी पर कार्रवाई की विनती

राष्ट्रपति के आगमन पर मर्यादा हनन व चुनाव टालने पर संगत की बैठक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर की पटना साहिब में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 अक्टूबर को आई थीं। इस दौरान दरबार साहिब से संगतों को जबरन बाहर निकल जाने, उन्हें तख्त परिसर में जाने से रोकने और कमरे में बंद रखने को लेकर लोगों में खासा नाराजगी है। साथ ही गुरु घर में राष्ट्रपति को बैठने के लिए गद्दा दिए जाने की भी निंदा की जा रही है। इसे लेकर रविवार को संगनों की बैठक तख्श्री परिसर के रिसेप्शन के पास हुई। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति महोदय का आना और दरबार साहिब में पहुंचकर गुरु के समक्ष नतमस्तक होना अच्छी बात है। मगर उन्हें आने को लेकर जिस तरीके से प्रोटोकॉल के नाम पर संगतों को परेशान किया गया, वह खास निंदनीय है। कहा गया कि राष्ट्रपति के आने के दो घंटे पूर्व ही दरबार साहिब से संगतों को ऊंची आवाज में बोलकर और उन्हें धमकाते हुए बाहर किया गया, वह गलत था। अनेक संगत अंदर आना चाह रही थी, मगर उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया गया। कमरे से संगतों को बाहर भी निकलने नहीं दिया गया। यही नहीं, दरबार साहिब में राष्ट्रपति को बैठने के लिए अलग से गद्दा लगाया गया। दूसरी ओर तख्तश्री कमेटी का कार्यकाल पांच साल पूरा हो चुका है। चुनाव प्रक्रिया भी बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के द्वारा शुरू किया गया। मतदाता सूची तैयार कर भी भेजा गया, मगर चुनाव को टालने का हर हथकंडा कुछ पदाधिकारी के द्वारा किया जा रहा है। कुछ सदस्यों के द्वारा देसी घी आदि की खरीदारी में भी घोटाला किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। साथ ही कहा गया कि आने वाले गुरु पर्व को लेकर सब-कमेटी बनाई जाए। यह होने वाले खर्च और आय-व्यय पर पूरी निगरानी रख सक। इसे लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को पत्र भेज कर दोषी प्रबंधकों पर कार्रवाई करने का निवेदन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मनोहर सिंह बग्गा ने की। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह तख्तश्री पटना साहिब के संरक्षक के द्वारा मनोनीत सदस्य रणजीत सिंह कालरा के अलावा पूर्व उपाध्यक्ष ह एसोसिएट मेंबर महाराज सिंह सोनू, सरदार प्रेम सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरसिमरन सिंह सोनू, हरविंदर पाल सिंह, लकी सिंह, विक्की सिंह, हनी सिंह, हरजीत सिंह, अवतार सिंह, चरणजीत सिंह मंटू, गुरचरण सिंह लांबा, हरजीत सिंह टिटू आदि मौजूद थे।

कारखाने में जलने इलाज के दौरान श्रमिक की मौत पर हंगामा

परिजनों ने इलाज में कोताही का लगाया आरोप, मांगा 10 लाख मुआवजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना क्षेत्र के आयरन फैक्ट्री में काम के दौरान सरिया के उड़कर कामगार के शरीर में आग लग गई। इससे तीन लोग घायल हो गए थे। इन सबों को इलाज के लिए धनुकी मोड़ स्थित बर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

यहां रविवार को इलाज के दौरान 40 प्रतिशत जले मरीज धीरेंद्र उपाध्याय की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने रविवार को कुम्हरार के धनुकी स्थित नर्सिंग होम में हंगामा किया। परिजन डाक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर अगमकुआं थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने समझा-बुझा कर कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने बताया कि मौत भोजपुर जिला के कोइलवर थाना क्षेत्र के रहने वाले 35 वर्षीय धर्मेंद्र प्रसाद उपाध्याय की हुई है। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र चार अक्टूबर को दीदारगंज थाना क्षेत्र आयरन कारखाना में काम करने के दौरान दो अन्य साथियों के साथ जल कर घायल हो गए थे। उनका शरीर 40 प्रतिशत जल गया था। घायलों को उपचार के लिए बर्न हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। रविवार को धर्मेंद्र बाथरूम गया और वहां गिर गया दर्द बताने के बाद उसे दर्द निरोधक सूई दी गई। इसके बाद उसकी स्थिति बिगड़ गई और हार्ट फेल्योर होने के कारण उसकी मौत हो गई। यह बात उक्त नर्सिंग होम के चिकित्सक का कहना था।

इधर परिजन का आरोप है कि लापरवाही बरतने की वजह से उनकी मौत हुई है। इसी बात को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोग आश्रित को 10 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग कारखाने के मालिक से कर रहे थे। इधर हंगामा की सूचना मिलने पर अगमकुआं के दारोगा बल के साथ पहुंचे। दोनों पक्षों को समझा कर मामले को शांत कराया। अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त होने पर इसमें

राजधानी पटना में भव्य पंडाल बना आकर्षण का केन्द्र, रंग बिरंगी रोशनी में डूबा शहर

शारदीय नवरात्र : महाअष्टमी को मां महागौरी के दर्शन को लेकर पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गोलघर लोदीपुर चौराहा

राजीव नगर

दुजरा



राजीव नगर ओव्रबीज

आयकर गोलंबर किदवईपुरी

- डाकबंगला और बोरिंग रोड में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन महाअष्टमी को मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए अहले सुबह से ही पूजा पंडालों व मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महा अष्टमी के दिन लोग व्रत रखते हैं। जो 9 दिन तक उपवास नहीं करते। वे एकम यानी पहले और अष्टमी के दिन उपवास करते हैं। दुर्गा पूजा के मौके पर राजधानी पटना में भव्य पंडाल बनाये गये हैं। तमाम पूजा समितियों की तरफ से इस बार देश के अलग-अलग मंदिरों के तर्ज पर पंडाल बनाये गये हैं जो अनवरत अपनी ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहा है। पटना के गोलघर चौराहा पर बना पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां उतराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया गया है। इस केदारनाथ मंदिर में मां दुर्गा विराजमान है। इस पंडाल को देखने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं और माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। वहीं, पटना के डाकबंगला चौराहे पर बनाए गये पूजा पंडाल भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां राजस्थान के सरस्वती मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। इस पंडाल के अंदर और गेट पर अखरोट के छिलके से कारीगरी की गयी है। इस पंडाल को बनाने में करीब एक महीने से कारीगर लगे हुए थे। वहीं, पटना को बोरिंग रोड चौराहे पर वृंदावन का प्रेम मंदिर बनाया गया है। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। डाकबंगला और बोरिंग रोड में अचानक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पंडाल के आस-पास रंग बिरंगी लाइट्स से सजावट की गयी है। यह भी लोगों का ध्यान अपनी आकृष्ट कर रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सड़कों के किनारे अस्थायी तौर पर दुकाने खोली गयी है जहां लोग विभिन्न तरह के व्यंजनों का स्वाद चखते देखे जा रहे हैं। वही पटना के इनकम टैक्स में ओडिशा के राधा कृष्ण मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। वही पटना के एतवारपुर इलाके में गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर के दर्ज पर बिहार का सबसे बड़ा पंडाल बनाया गया है। जिसे देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं। जबकि पटना के ही बैरिया गोपालपुर में दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के दर्ज पर पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। इन पूजा पंडालों को देखकर लोग भी हैरान हैं लोग अपने मोबाइल में इसे कैद करते देखे जा रहे हैं। पटना के हरेक पूजा पंडालों पर लोगों की भारी भीड़ सेल्फी और परिवार के साथ फोटो लेने के लिए लग रही है। दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

वहीं, दुर्गा पूजा को लेकर पटना की सड़कें रोशनी से चकाचौंध हैं। कई जगहों पर तोरण द्वार की खूबसूरती लोगों को आकर्षित कर रही है। वहीं झिलमिल रोशनी से चमकती पटना की सडकें शहर की खूबसूरती को और ज्यादा निखर रही हैं। शहर के सभी इलाकों में कई पूजा पंडाल बने है। विभिन्न थीम पर सजे पूजा पंडालों में आकर्षक सज सज्जा की गई है। इन पूजा पंडालो के माध्यम से कई प्रकार के संदेश, जागरूकता सूचना और देश तथा राज्य की उपलब्धियां बताने की कोशिश की गई हैं। साथ ही नयनाभिराम लाइटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पटना के बोरिंग रोड चौराहा, बोरिंग कैनाल रोड, आयकर गोलंबर, डाकबंगला चौराहा, पटना जंक्शन, दमकुआं, चूड़ी मार्केट, बोरिंग रोड, बोरिंग कैनाल रोड, अशोक राजपथ, मछुआटोली, जाबाजार, आशियाना, गर्दनीबाग, कंकड़बाग, शेखपुरा समेत के कई इलाकों में मां की प्रतिमा और भव्य पंडाल बनाये गये हैं। शहर में रोशनी और साज-सज्जा की भी विशेष व्यवस्था की गई है। राजधानी का कोना-कोना भक्ति के माहौल से गुलजार है। पटना के ही गोविंद मित्रा रोड, यारपुर, सब्जीबाग, गोलघर चौराहा, पाटलिपुत्रा, कुर्जी, मनपुरा, कुर्जी बालू पर, गोसाई टोला, राजापुर, बोरिंग कैनाल रोड, बोरिंड रोड, किदवईपुरी, कृष्णानगर व नयाटोला आदि में भी मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। राजधानी के पूजा पंडालों में भक्ति का अलग-अलग रूप देखने को मिल रहा है।

26 को सदाकत आश्रम के मैदान में मनेगी श्रीबाबू की जयन्ती : अखिलेश

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जयंती समारोह कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जब मैं राष्ट्रीय जनता दल का विधायक 2000 में बना तो सबसे पहले आरजेडी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जी ने डा श्रीकृष्ण सिंह की जयन्ती मनाने के लिए मुझे प्रेरित किया और तब से हर साल मैं इस जयन्ती को समारोह की तरह मनाता रहा हूँ। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में यह बात कही। मालूम हो कि डा श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयन्ती इस बार 21 अक्टूबर की जगह 26 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम के मैदान में मनायी जायेगी। पहले यह कार्यक्रम मिलर हाई स्कूल ग्राउण्ड में होना था। इसके बारे में बताते हुए डा सिंह ने कहा कि हम नहीं चाहते थे कि दशहरा पूजा में कोई व्यवधान उत्पन्न हो इसलिए जयन्ती की तारीख आगे बढ़ाई गयी और इसे पार्टी मुख्यालय में आयोजित करने का फैसला लिया गया। डा सिंह ने कहा कि चूंकि श्रीबाबू की जयन्ती का आइडिया लालू जी का था इसलिए इसका उद्घाटन वही करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस बार इसे ऐतिहासिक रूप में मनाने की योजना है जिसके तहत प्रदेश भर में बैनर, पोस्टर और तोरणद्वार आदि युद्ध स्तर पर लगाये जा रहे हैं। जयन्ती समारोह में भाग लेने वाले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार, राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव तारिक अनवर प्रमुख हैं। दशहरा के शुभ अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी बिहार वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रेसवार्ता के दौरान जो कांग्रेस नेता मौजूद रहे उनमें झारखंड के अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष समशेर आलम, ब्रजेश पाण्डेय, पूनम पासवान, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, कपिलदेव यादव, विनोद शर्मा, निर्मल वर्मा, चन्द्र प्रकाश सिंह, प्रभात कुमार सिंह, आईपी गुप्ता, सेवादल के संजय यादव, सुमन कुमार मल्लिक, शशिकांत तिवारी, अखिलेश्वर सिंह प्रमुख हैं।

बीकेएमयू के 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक 25 को

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय खेत मजदूर यूनियन (बीकेएमयू) का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन दो से पांच नवंबर तक पटना के गेट पब्लिक लाईब्रेरी में आयोजित है। रैली की तैयारी को लेकर 25 अक्टूबर को जनशक्ति में स्वागत समिति की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता को लेकर रणनीति बनायी जायगी। भाकपा के राज्य सचिव व स्वागत समिति के मुख्य संरक्षक रामनरेश पाण्डेय और बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के महासचिव जानकी पासवान ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि भारतीय खेत मजदूर यूनियन का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन की शुरूआत दो नवम्बर को भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली के साथ होगी। इसकी तैयारी पूरे राज्य में जोर शोर से चल रही है। सम्मेलन में पूरे देश के चुने गए एक हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। सम्मेलन में बिहार में भूमि संघर्ष तेज करने, सभी भूमिहीनों को पांच डिसलिम भूमि देने, डी बंदोपाध्याय आयोग की सिफारिशों को लागू करने समाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि प्रति महीने पांच हजार रूपया करने, मनरेगा की मजदूरी छः सौ रुपए करने, मनरेगा के तहत दो सौ दिन रोजगार उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि पांच लाख करने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना बंद करने के साजिश के खिलाफ आदि मांगो को लेकर जनसंघर्ष तेज करने की रणनीति बनायी जायेगी। केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश बजट में खेत मजदूरों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मोदी सरकार में सबसे ज्यादा उपेक्षा खेत मजदूरों का है। मनरेगा के बजट में भारी कटौती की गई है। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े व महिला खेत मजदूर हैं। जो उपेक्षित हैं। मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों से खेत मजदूर तबाह हैं। मंहगाई आसमान छू रही है। गरीबों को दो जून की रोटी नहीं मिल रही है। दोनों नेताओं ने बिहार की जनता से राष्ट्रीय सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने और दो नवम्बर पटना में आयोजित भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली में भाग लेने की अपील की है।

पटना-सिकंदराबाद स्पेशल का धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन पर ठहराव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गया-कोडरमा-बोकारो-रांची के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी सं. 03253/07256/ 07255 पटना-सिकंदराबाद/ हैदराबाद-पटना स्पेशल का धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन पर तत्काल प्रभाव से 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी सं. 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 19.30 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 19.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । गाड़ी सं. 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 03.14 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 03.16 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल 05.15 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 05.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

ऋतुराज सिन्हा ने पुजा पंडाल का भ्रमण कर लिया माता का आशीर्वाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने रविवार को पटना लोकसभा के पटना साहिब और कुम्हरार विधानसभा के अंतर्गत स्थानों पर यथा बड़ी देवी जी, डलहत्ता बड़ी देवी जी, छोटी पटन देवी जी, अगमकुआं शीतला मंदिर, बड़ी पटन देवी जी, बंगाली अखाड़ा, जी.एम रोड, जनता फ्लैट, कुम्हरार, भिखना पहाड़ी स्थित पंडालों का भ्रमण कर माता रानी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने सभी बिहारवासियों को महाअष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और मां जगदम्बा से प्रार्थना की उनका आशीर्वाद हमे और हम सबके परिवार पर बना रहे और हम सब इसी तरह अपने परिवार ,बिहार और देश के विकास में कार्य करते रहे। इस दौरान जगह जगह पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने माला, गुलदस्ता और माता रानी के चुंदरी से उनका स्वागत किया । सिन्हा ने भी सभी कार्यकताओं से उनके और उनके परिवार का कुशलक्षेम जान,बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। श्री सिन्हा के साथ आनंद प्रसाद, रणवीर ,अभिषेक बिन्नी, शैलेन्द्र नारायण सोनू, राजेश मुखिया,चंद्रशेखर चंद्रवंशी, के साथ भाजपा के पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष एवं कई वार्ड पार्षदों ने भी माता रानी का आशीर्वाद लिया।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास की गति और तेज हो : राजीव

जदयू महासचिव ने बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में मांगा आशीर्वाद

पटना। महाष्टमी के अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन बिहटा के बाबा बिटेश्वरनाथ महाधाम मंदिर बिहटा के प्रांगण में अतिपिछड़ा समाज के द्वारा आयोजित पूजन कार्यक्रम में जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल,उपाध्यक्ष संटू पटेल, प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश जी, प्रदेश सचिव सुशांत पटेल जी, शिवराज कुमार समेत दर्जनों युवा नेताओं के साथ सम्मिलित हुए। पूजा का आयोजन जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद व महासचिव रोहित द्वारा किया गया। इस मौके पर जदयू महासचिव ने कहा कि बाबा बिटेश्वरनाथ महाधाम मंदिर का अपना पौराणिक महत्व है। कहा जाता है कि पांडवों का आगमन भी यहां हुआ था। मान्यता है कि इस मन्दिर में सच्चे मन से मांगी गयी समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हमारी मनोकामना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास रथ की गति और तेज हो। उन्होंने बिहार के सभी जाति-धर्मों और वर्गों के लोगों के जो अथक परिश्रम किया उसका फल उन्हें अवश्य मिले और ईश्वर उन्हें और उंचे पद पर आसीन करें। इस दौरान जदयू महासचिवके नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने माता के समक्ष बिहार को प्रदुषण मुक्त व हरियाली युक्त बिहार के निर्माण में अपना हरसंभव योगदान देने का संकल्प भी लिया।

रावण वध कार्यक्रम : 91 सीसीटीवी कैमरों से पूरे गाँधी मैदान एवं आस-पास की जाएगी निगरानी

रावण वध कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग

- गाँधी मैदान एवं आस-पास का क्षेत्र नो पार्किंग, नो वेडिंग जोन, सभी पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करेंगे: डीएम व एसएसपी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा है कि रावण वध कार्यक्रम, 2023 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों को इसके लिए सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहना होगा। साथ ही आपस में सार्थक समन्वय भी कायम रखना होगा। अधिकारीद्वय आज प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को गाँधी मैदान में संयुक्त ब्रीफिंग में संबोधित कर रहे थे। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। लोगों का गाँधी मैदान में प्रवेश एवं निकास हर हाल में अवरोधमुक्त तथा सुगमतापूर्वक होना चाहिए। आस-पास के क्षेत्रों में बाइकर्स गैंग के विरुद्ध तत्परता से कार्य करते हुए उनपर नियंत्रण रखें। पुलिस बाईक दस्ता को लगातार भ्रमणशील रखें। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पूरे जिले में लगभग 16 जगहों पर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गाँधी मैदान, पटना में हो रहा है। गाँधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का एक निर्धारित प्रोटोकॉल है। साथ ही यह फिक्स्ड वेन्यू-फिक्स्ड टाईम कार्यक्रम भी है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सभी पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए आयुक्त महोदय द्वारा भी गाँधी मैदान, पटना का नियमित निरीक्षण किया जाता है। रावण बध कार्यक्रम में अपार जन-समूह के एकत्रित होने की संभावना है। इसलिए विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरता जाना आवश्यक है, ताकि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। डीएम डॉ. सिंह ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँच जाएंगे तथा तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैद रहेंगे जबतक कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से पूरी तरह वापस न चली जाए एवं मैदान पूर्णतः खाली न हो जाए। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पूरे गाँधी मैदान को चार सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी सेक्टर में एम्बुलेंस, फायर यूनिट एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को वरीय प्रभार में रखा गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी चिकित्सकों, फायर यूनिट के पदाधिकारियों एवं पेयजल व्यवस्था के प्रभारी पदाधिकारियों से समन्वय बनाए रखेंगे ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या न हो। सेक्टर के प्रभारी दंडाधिकारियों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ गाँधी मैदान एवं आस-पास विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कुल 49 विभिन्न स्थानों पर 88 दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों को भी तैनात किया गया है। महिला बल, लाठी बल एवं अन्य पुलिस बल भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में 08 दंडाधिकारियों तथा गाँधी मैदान नियंत्रण कक्ष में 06 दंडाधिकारियों को सुरक्षित रखा गया है। बैरिकेडिंग गैंगवे पर 08 दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को लगाया गया है। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में दो आईटी पदाधिकारियों को लगाया गया है। सभी गेट पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 03 क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात रहेगा जो किसी भी प्रकार की आकस्मिक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेगा। गाँधी मैदान, पटना में सेन्ट्रल माईकिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ सभी 13 गेट एवं बाह्य क्षेत्रों में भी माईकिंग की व्यवस्था की गई है। पूरे गाँधी मैदान में एवं आस-पास हाई क्वालिटी के 91 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ये फिक्स्ड बुलेट एवं पीटीजेड कैमरा हैं। त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था के लिए गाँधी मैदान में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहेगा। इससे सम्पूर्ण भीड़ की गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

136 एलईडी मेटल लाईट, 112 पोल लाईट एवं 15 हाईमास्ट लाईट की व्यवस्था :

गाँधी मैदान के चारों ओर 35 प्रकाश मीनारों से 136 एलईडी मेटल लाईट, 112 पोल लाईट एवं 15 हाईमास्ट लाईट के द्वारा गाँधी मैदान एवं उसके चारों ओर प्रकाश की उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी। पाथवे लाईट की भी बेहतर व्यवस्था रहेगी। प्रकाश की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु प्रकाश मीनारों, हाईमास्ट लाईट के स्थलों पर अभियंताओं एवं तकनीशियनों की प्रतिनियुक्ति रहेगी। डीएम डॉ. सिंह ने निदेश दिया कि नगर निगम, भवन निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग द्वारा आपसी समन्वय कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि गाँधी मैदान में भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु मुख्य गेट के नजदीक तथा ध्वजारोहण स्थल के पास वाच टावरों की स्थापना की गई है। 10 वाच टावरों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को ड्रैगन लाईट/ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ मुस्तैद रखा जाएगा। प्रत्येक वाच टावर पर सिविल डिफेन्स के दो कर्मी भी तैनात रहेंगे। इन वाच टावरों से पूरे गाँधी मैदान में नजर रखी जाएगी। गाँधी मैदान में लोगों को सूचना का आदान-प्रदान करने तथा आवश्यक सहायता पहुंचाने हेतु चार हेल्प डेस्क (खोया-पाया सहायता केन्द्र) कार्यरत रहेगा। यह हेल्प डेस्क गेट नं0 5, 7, 10 एवं ध्वजारोहण स्थल के पास क्रियाशील रहेगा। इसमें दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गाँधी मैदान के बाहर सड़क पर आम लोगों के पैदल आने-जाने हेतु सुगम यातायात की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को तैनात करते हुए निदेश दिया गया है कि सकुर्लेशन जोन में कहीं भी भीड़ इकट्ठा न हो, लोगों का गाँधी मैदान में प्रवेश एवं निकास सुगमतापूर्वक हो।

रावण दहन समारोह विजया दशमी को शाम 5 बजे से

- नागा बाबा ठाकुरबाड़ी से निकलेगी प्रभु श्री राम की शोभायात्रा
- आतिशबाजी होगा विशेष आकर्षण
- बच्चों की जेब में नाम पता मोबाईल नंबर रख दें

पटना। बड़े हर्ष के साथ श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा विगत 67 वर्षों की भांति इस बार भी ऐतिहासिक गाँधी मैदान मे 24 अक्टूबर विजया दशमी को रावण दहन समारोह विशेष तैयारी के साथ हो रहा है। समारोह का उद्घाटन करने की स्वीकृति राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर जी के यहां से प्राप्त हो चुकी है । मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित मंत्री विजय चौधरी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की भी स्वीकृति मिल चुकी है । सायं पाँच बजे आरम्भ होगा रावण दहन समारोह । इस सन्दर्भ में गांधी मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त आशय की जानकारी साझा करते हुए कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि अध्यात्मिक सत्संग समिति के साथ संयुक्त रूप से समारोह के पूर्व दिन 12 बजे से नागा बाबा ठाकुरबाड़ी में सुंदरकांड का सामुहिक पाठ का भी आयोजन किया गया है। सुंदरकांड पाठ के पश्चात ठाकुर बाड़ी से बानर सेना के साथ निकाली जाएगी प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा । शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, निषाद राज, विभीषण, सुग्रीव, जामवंत, अंगद शामिल होंगे । रामलीला एवं शोभायात्रा के संयोजक प्रिंस कु राजू, आशु गुप्ता, नरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष बहुत ही आकर्षक ढंग से राम लक्ष्मण एवं वानर सेना कि झांकी दिन में 2 बजें निकाली जायेगी जो नागा बावा ठाकुरबाड़ी से निकलकर नाला रोड, आर्य कुमार रोड, मछुआ टोली, बारी पथ, बाकरगंज,रिजर्व बैंक होते हुए गाँधी मैदान रावण दहन समारोह स्थल पर संध्या 4:50 पर पहुंचेगी, तत्पश्चात राम लक्ष्मण जी एवं वानर सेना कि झांकी वहां पहुंचकर शोभायात्रा की तीन परिक्रमा होगी। परिक्रमा के पश्चात मुख्य अतिथि राम लक्ष्मण जी की आरती उतारेंगे । हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका से माता सीता जी को मुक्त कराकर, लंका दहन होगा। प्रभु श्रीराम कुंभकर्ण, मेघनाद और रावण का वध करेंगे। सह संयोजक मनीष सिन्हा ने नगरवासियों को आश्वस्त किया हैं कि इस वर्ष रावण दहन के दर्शकों की सेवा में रंगा रंग आतिशबाजी का आकर्षक एवं नयनाभिराम इंतजाम किया गया है। संयोजक द्वय मुकेश कुमार नंदन एवं राकेश कुमार ने बताया कि रामलीला का लाइव प्रसारण फेसबुक, यूट्यूब इंस्टाग्राम पर भी हों रहा हैं एवं रावण दहन का भी होगा। कमिटी की ओर से आग्रह किया जाता है कि बच्चों के साथ समारोह में आने वाले अपने बच्चों के जेब में नाम पता और मोबाइल नंबर लिखकर डाल दें ताकि भीड़ में खो जाने पर बच्चा अपने घर पहुँच सकें। प्रेस वार्ता में शामिल हुए सह-संयोजक राकेश कुमार और मनीष सिन्हा,रामलीला संयोजक प्रिंस कुमार राजू, सह संयोजक आशु गुप्ता,महासचिव राकेश मल्होत्रा, संस्थापक सचिव डा टी. आर. गाँधी, चेयरमैन कमल नोपानी, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, सह- कोषाध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष सुषमा साहू, सुजय सौरभ एवं राजेश बजाज,मीडिया प्रभारी एम पी जैन, ललन प्रसाद, सुरेश झुनझुनवाला,रामलीला आयोजन समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद, संजय वर्णवाल, आर्य नन्दन, उमानाथ वर्णवाल, अजीत कुमार बबलू, राकेश मिश्रा,अनूप वर्णवाल, प्रेम गुप्ता ।

केन्द्रीय मंत्री पारस ने मां दुर्गा का दर्शन किया

पटना। नवरात्र के अष्टमी के दिन राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस और प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज ने पटना से लेकर पटना सिटी में मारूफगंज में बड़ी पटन देवी, छोटी पटन देवी और शितला मंदिर तथा पटना के डाकबंगला चैराहा, बाँसघाट के माँ सिंद्धेश्वरी काली माँ का दर्शन एवं पूजा अर्चना की। पटना के विभिन्न पंडालों में दोनों नेताओं ने मां का दर्शन किया तथा पूजा अर्चना की एवं देशवासियों एवं बिहारवासियों के खुशहाली एवं उन्नती की आशीर्वाद मांगा और राज्य में शांति सदभाव तथा बिहार तरक्की के रास्ते पर अग्रसर बढ़ते रहने की कामना की। केन्द्रीय मंत्री पारस ने इस अवसर पर कहा कि सबों के जीवन में मां खुशहाली प्रदान करें। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केन्द्रीय मंत्री पारस के साथ पूर्व सांसद वीणा देवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, उपेन्द्र यादव, रंजीत पासवान, मिंटू यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ रंजीत पासवान, मीणा देवी सहित अनेकों नेता साथ रहे।

संक्षिप्त खबरें

शादी की नीयत से नाबालिग लड़की को भगाया

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से एक नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर नाबालिक लड़की के पिता ने विभूतिपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कटिहार जिला के फलका थाना क्षेत्र के ललिया निवासी रंजीत शर्मा के पुत्र संजीत कुमार को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिक दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि 17 अक्टूबर को मेरी नाबालिग पुत्री जनता महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की कक्षा करने गई। लेकिन शाम तक लौटकर नहीं आए। खोजबीन करने पर पता चला कि मेरी पुत्री का संजीत कुमार के साथ प्रेम प्रसंग है। शादी के नियत से संजीत मेरी पुत्री को भगाकर कहीं रखा हुआ है।

पत्नी के वियोग में पति ने तोड़ा दम

पत्नी के वियोग में पति ने 24 घंटे के अंदर तोड़ा दम रायपुर बुजुर्ग पंचायत के वार्ड 17 के पूर्व वार्ड सदस्य जगलाल महतो ने दुनिया को अलविदा कह दिया। वे 65 वर्ष के थे। विदित हो कि 20 अक्टूबर को रात में उनकी धर्मपत्नी हेमन्त देवी (63 वर्ष) का निधन हो गया था। वहीं 21 अक्टूबर को वे ग्रामीणों के साथ दाह संस्कार कर घर लौटे थे। रात्री में ही उनका भी निधन हो गया। 24 घंटे के अंदर ही पति-पत्नी की मृत्यु के चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं उनके परिवार के साथ साथ पूरा इलाका शोकाकुल है। उन्होंने अपने पीछे 3 पुत्र अमरजीत महतो, संतोष महतो, मनीष महतो तथा एक पुत्री सोनी देवी को छोड़ गए हैं। मौत की खबर पाकर पूर्व जिला परिषद् सदस्य हरेराम सहनी, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजीत साह, राजकुमार सहनी, शंकर गिरी, अनिल साह, अर्जुन शर्मा, रामप्रवेश पासवान, साजन सहनी, रामएकबाल सहनी, दिनेश पासी समेत अन्य लोगों ने पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया।

राम के महान भक्त थे केवट : महाराज साध्वी अन्नपूर्णा

भगवान राम के महान भक्त थे केवट महाराज। उक्त बातें कहे मैहर पीठ की महामंडलेश्वर साध्वी अन्नपूर्णा ने उदयपुर में राम कथा महायज्ञ समारोह को संबोधित करते हुए। केवट प्रसंग से पूर्व रामबाण गण के मार्मिक वर्णन पर श्रोताओं के आंखों से अश्रुपात होने लगे। दिन में राम कथा के बाद रात में शिवेश मिश्र जागरण टीम के द्वारा भगवती जागरण की मनोहारी प्रस्तुति की गई। भगवती जागरण के निदेशक संयोजक शिवेश मिश्र द्वारा गाए गए गीत, रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने, वहीं सृष्टि चला रहे हैं। इस गीत पर श्रोता भावविभोर होकर झूम झूम कर नाचने लगे। सारी रात श्रद्धालु श्रोता भगवती जागरण के सुमधुर गीतों से सराबोर होते रहे। स्थानीय समाज सेवी मुकुंद कुमार झा एवं अमन कुमार झा के द्वारा स्वप्नेश्वरी दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर राम कथा एवं भगवती जागरण का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान अमन कुमार झा, निक्की झा, मुकुंद झा, रानी झा, मोहन कुमार, माधव कुमार, अनिल कुमार झा, दयानंद झा, योगेन्द्र झा, किशोर कुमार झा, परमानंद झा, सदानंद झा, नंद कुमार झा सहित गणमान्यजन एवं हजारों श्रोता मौजूद थे।

नवरात्रि पूजा के मौके पर डांस कंपटीशन का आयोजन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन रेलवे कंपाउंड के प्रांगण में नवरात्रि पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के निमित्त डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। डांस कंपटीशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंशु सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार सिंह उर्फ मंटू बाबू, रंजीत कुमार सिंह उर्फ बाबू, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,प्रहलाद प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर किया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि अंशु सिंह ने कहा कि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व सनातनी परंपरा की आधारभूत इकाई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय ने किया। जबकि, संचालन सुरेश विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम में जम्होर थाना के थाना प्रभारी प्रमोद कुमार, सचिव राजेश कुमार सोनू कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही।

सिमरी पंचायत मे जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी राजनगर सिमरी पंचायत ब्लॉक मधुबनी में ऋतिका सिंह और मुदित पाठक ने स्वच्छता पैड वितरण और मासिक धर्म के स्वच्छता और पीरियड पर जागरूकता अभियान की शुरूआत की। यह पहली पहल है जिसमें बिहार में सभी ब्लॉक और पंचायतों को कवर किया जाएगा और जिले की हर महिला को इससे लाभ होगा।इस आयोजन की शुरूआत ऋतिका सिंह और मुदित पाठक द्वारा हुई जिन्होंने मासिक धर्म की स्वच्छता स्वच्छता पैड का उपयोग करने के लाभ और इसके साथ जुड़े मिथकों पर बात की। यह आयोजन डॉक्टर निरंजन कुमार जैसवाल मोइस राजनगर कस्तूरबा गांधी स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री चंद्रलेखा के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। इस आयोजन में 100+ पैड लड़कियों के बीच वितरित किए गए और उनके लिए एक सांवादि क सत्र भी आयोजित किया गया जहां वे खुलकर अपने विचार भावनाएं और सवाल साझा किए और उनके सवालों का समाधान किया गया।

लड़किया अपने चेहरे पर खुशी के साथ हंसी ले बाद और अपनी आखों में आत्म-विश्वास दिखा रही थीं। इस आयोजन को सभी के संयुक्त प्रयासों से सफल बनाया गया। मौके पर मुखिया जी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आर बी एस के से डॉक्टर आयुष्मान भारत स्वर्णा भा ब याल यूनिसेफ के प्रतिनिधियों पांच आशा भी मौजूद थीं और इस आयोजन का समर्थन सभी ने किया।

पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है : रंजीत निगुर्णी

● समर्था में लगे स्वास्थ्य शिविर में एक हजार से उपर विभिन्न मरीजों का हुआ उपचार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के खरहौर समर्था में लोक कल्याणार्थ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वर्गीय सुरेश नंदन सिंह की पुण्यतिथि पर लगाया गया। बिहार टाइम्स डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आईजीआईएमएस के डाक्टर रत्नेश चौधरी व पटना के रूबन अस्पताल के डाक्टर इन्द्रेश, डाक्टर सुरेंद्र आदि ने करीब एक हजार से ऊपर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें कमर दर्द, घुटना दर्द, बुखार, पारालाइसिस, विकलांग आदि मरीजों की संख्या सर्वाधिक रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी ने चिकित्सकों द्वारा किए गए इस नेक काम के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित लोगों की सेवा से बढकर कोई धर्म नही है। वहीं बिहार टाइम्स के संपादक अजय कुमार ने बताया कि इस कैंप में परीक्षण के साथ साथ खुन जांच, ईजीसी टेस्ट और मुफ्त दवाईयां भी उपलब्ध थी। जिसका फायदा यहां आने वाले मरीजों का मिला। मौके पर आयोजक सुजाता की ओर से चिकित्सक दलों को उपेंद्र हनी, मधुबनी पेंटिग व चादर देकर अतिथियों का सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम का संचालन करते हुए अजय कुमार ने बताया कि भविष्य में लगने वाले अगले स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सकों की सहभागिता यहां रहेगी। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सक टीम और अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार प्रभाकर सिन्हा, अरूण कुंवर, सुजाता, रूपेश कुमार, ललन सिंह, विमल सिंह, प्रणय कुमार आदि थे। आयोजक ने बताया कि रूबन के चिकित्सक डॉक्टर सत्यजीत के सलाह पर ग्रामीण इलाके में लगाया गया यह कैंप सफल रहा।

रोसड़ा में हुए दोहरे हत्याकांड में तीन दिन बाद मृतक के भाई के आवेदन पर एफआईआर दर्ज

● मृतक के भाई ने की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग, अपराधियों व संरक्षक पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रोसड़ा में 18 अक्टूबर को हुए दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने मृतक के भाई अमित कुमार चौधरी के आवेदन पर शनिवार को रोसड़ा थाना कांड संख्या 551/23 दर्ज किया है। इस कांड का अनुसंधान रोसड़ा थाना के थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार खुद करेंगे। मृतक के भाई अमित कुमार चौधरी ने पुलिस पदाधिकारी पर अपराधियों से सांठ-गांठ करने का आरोप लगाया है। उनके द्वारा दर्ज करायी गई प्राथमिकी में कहा गया है कि इस घटना से पूर्व भी उनके भाई सुमित कुमार चौधरी के साथ दो बार लूट की वारदात और गोली-बारी की घटना हो चुकी थी। इसको लेकर रोसड़ा थाना में में चार जून 2022 को एवं 20 अक्टूबर 2022 को एफआईआर दर्ज कराया गया था। वहीं इस वर्ष 13 जुलाई को उनके गोदाम में हुई चोरी की घटना भी हुई थी। इसी को लेकर रोसड़ा थाना में एफआईआर कराया गया था। सबसे पहले वाले मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं भौतिक वस्तुस्थिति के आधार पर कुछ अपराधियों पर संशय व्यक्त किया गया था। हालांकि उनके ऊपर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ था और उन्होंने उनके दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी। रोसड़ा थाना क्षेत्र के पवड़ा निवासी मणिकांत चौधरी के पुत्र सुमित कुमार चौधरी (36 वर्ष) और अजीत कुमार चौधरी (28 वर्ष) की अज्ञात अपराधियों ने 18 अक्टूबर की रात पाचुपुर चौरवा पोखर के पड़ ढाई लाख रुपए लूट के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। दर्ज प्राथमिकी में मृतक के बड़े भाई अमित कुमार चौधरी ने अपने व अपने परिवार एवं सगे संबंधियों के जानमाल के खतरे की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से घटना में संचालित अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं उन्हें व उनके परिवार को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। वहीं उन्होंने घटना में संलिप्त अपराधियों व उनके संरक्षक पुलिस पदाधिकारियों पर उचित न्यायसंगत कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर पंचायत की साधारण बोर्ड की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर नगर पंचायत की साधारण बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद कैलाश पासवान की अध्यक्षता में नगर पंचायत के सभागार में संपन्न हुई। कार्यपालक पदाधिकारी इंद्र कुमार मंडल ने बताया कि पूर्व की बैठक पर संपुष्ट प्रदान करना। शहर के सफाई के लिए डस्टबिन खरीदने पर विचार करना दीपावली एवम छठ के शुभ अवसर पर घाटों की सफाई तोरणद्वार निर्माण बिजली के कार्य पर विचार किया गया ।सशक्त स्थाई समिति में लिए गए निर्णय के आलोक में दैनिक कमी के मानदेय की स्वीकृति प्रदान करने नगर पंचायत में अवस्थित मकान एवं दुकान के किराया दर में संशोधन करने नई सड़क एवं नाला का निर्माण करने सहित नगर पंचायत के ऊपरी तल पर फर्नीचर सहित अनुकरण खरीदने पर विचार किया गया। इस बैठक में उपमुख्य पार्षद माला देवी वार्ड सदस्य जरीना खातून हनुमान मोर शिवजी पासवान विनोद शर्मा रीना गुप्ता मोहन राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री श्याम रजक ने लिया खानपुर प्रखंड के पूजा पंडालों का जायजा और की पूजा अर्चना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय माहसचिव श्याम रजक ने रविवार को समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड के ईलमासनगर, डेकारी, खानपुर, नत्थू द्वार, बाघोपुर, रेवड़ा, हांसोपुर स्थित दुर्गा पूजा के पंडालों का जायजा लिया तथा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की व मौजूद लोगों से मिलकर उनका कुशल-क्षेम जाना।

अपने सम्बोधन के क्रम में पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि पूजा से सुख-शांति, भाईचारा, कौमी एकता, यश और वैभव मिलती है।

हमारा देश भारत विश्व में सर्वश्रेष्ठ है, अनेकता में एकता ही इसकी अखंड पहचान है। भारतीय संस्कृति की मिसाल विश्व भर में दी जाती है। पूजा पंडालों में कौमी एकता का नजारा देखने को मिल रहा है। यह हमें भाईचारे में बंधे रहने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि त्योहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है।

महानवमी और कन्या पूजन का प्रतिफल है बेटी बचाओ बेटी बढाओ अभियान : डॉ अमरनाथ उपाध्याय

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर : जिले के निवासी व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पुजारी डॉ अमरनाथ उपाध्याय ने कहा कि सनातन धर्म में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती है। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है।नवरात्रि में क्यों किया जाता है कन्या पूजन नवरात्रि की अष्टमी या नवमी तिथि पर किये जाने वाले कन्या पूजन के बारे में पौराणिक मान्यता है कि एक बार जब इंद्र देवता ने परमपिता ब्रह्मा जी से देवी दुर्गा को प्रसन्न करने का सबसे आसान उपाय पूछा तो उन्होंने उन्हें कुंआरी कन्याओं का श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजन करने को कहा. मान्यता है कि कन्या पूजन की यह परंपरा उसी के बाद से शुरू हुई और अब तक चली आ रही है।

कन्या पूजन नौ दुर्गा का मतलब नौ वर्ष की कन्या की पूजा करना होता है। कन्या पूजन दो वर्ष की कन्या से प्रारम्भ किया जाता है।

2 वर्ष की कन्या को ' कुमारिका ' कहते हैं और इनके पूजन से धन , आयु , बल की वृद्धि होती है।

3 वर्ष की कन्या को ' त्रिमूर्ति ' कहते हैं और इनके पूजन से घर में सुख समृद्धि आती है।

4 वर्ष की कन्या को ' कल्याणी ' कहते हैं और इनके पूजन से सुख तथा लाभ मिलते हैं।

5 वर्ष की कन्या को ' रोहिणी ' कहते हैं इनके पूजन से स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

6 वर्ष की कन्या को ' कालिका ' कहते हैं इनके पूजन से शत्रुओं का नाश होता है।

7 वर्ष की कन्या को ' चण्डिका ' कहते हैं इनके पूजन से संपन्नता ऐश्वर्य मिलता है।

8 वर्ष की कन्या को ' साम्भवी ' कहते हैं इनके पूजन से दुःख-दरिद्रता का नाश होता है।

9 वर्ष की कन्या को ' दुर्गा ' कहते हैं इनके पूजन से कठिन कार्यों की सिद्धि होती है।10 वर्ष की कन्या को ' सुभद्रा ' कहते हैं इनके पूजन से मोक्ष की प्राप्ति होती है....

नवरात्रि पर्व के दौरान कन्या पूजन का बड़ा महत्व है। शुभ कार्यों का फल प्राप्त करने के लिए कन्या पूजन किया जाता है। कुमारी पूजन से सम्मान, लक्ष्मी, विद्या और तेज प्राप्त होता है। इससे विघ्न, भय और शत्रुओं का नाश भी होता है। होम, जप और दान से देवी इतनी प्रसन्न नहीं होतीं जितनी कन्या पूजन से। नव कन्याओं को नव देवियों के प्रतिबिंब के रूप में पूजने के बाद ही भक्त का नवरात्रि व्रत पूरा होता है। नवरात्रि में कन्याओं को मां का रुप मानकर अपनी शक्ति अनुसार उनका आदर सत्कार कर उनके भोजन करने के बाद दक्षिणा दी जाती हैं। मां दुर्गा अपने भक्त की कन्याओं की पूजा और सत्कार से प्रसन्न हो जाती हैं।

सैमसंग ने स्टाइलिश डिजाइन के साथ पेश किया गैलेक्सी ए05एस

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए05एस को लॉन्च कर दिया है। सैमसंग की लोकप्रिय गैलेक्सी ए सीरीज के तहत ये सबसे नवीनतम पेशकश है। इस फोन में प्रभावशाली 6.7 फुल एचडी डिस्प्ले दिया गया है, जो ग्राहकों को देखने का एक शानदार अनुभव प्रदान करता है। वहीं इसका 50एचडी का मुख्य कैमरा उन्हें शानदार फोटोग्राफी की क्षमता प्रदान करना है। इन बेमिसाल खूबियों के साथ यह स्मार्टफोन त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों के लिए एक शानदार विकल्प बनकर सामने आता है। अक्षय एस राव, जनरल मैनेजर, एमएक्स बिजनेस सैमसंग इंडिया ने कहा, गैलेक्सी सीरीज के साथ, हमारा मिशन सार्थक तकनीक को और अधिक सुलभ बनाना है। नया गैलेक्सी ए05एस स्टाइल और परफॉर्मेंस का एकदम सही मिश्रण है। स्नैपड्रैगन प्रोसेसर और 5000 एमएचए की विशाल बैटरी के साथ, गैलेक्सी ए05एस जेन र्ड ग्राहकों को सैमसंग फाइनेंस$ के माध्यम से सैमसंग के इनोवेशन को आसानी से जानने में मदद करता है। गैलेक्सी ए05एस में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 680 प्रोसेसर दिया गया है। यह प्रोसेसर एक शानदार पफार्मेंस को सुनिश्चित करता है। 6एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित, स्नैपड्रैगन चिपसेट अधिक पावर और स्पीड प्रदान करता है, इसकी मदद से यूजर बेरोक मल्टीटास्किंग कर सकता है, साथ ही एक सहज, रुकावट रहित यूजर अनुभव प्रदान करता है। रैम प्लस के साथ 12 जीबी तक की ताडयह सुनिश्चित करती है कि यूजर्स चलते फिरते हर समय कनेक्टेड रहे, साथ ही तेज डाउनलोड और गेमिंग, तथा निर्बाध स्ट्रीमिंग और ब्राउजिंग का आनंद ले सकें। गैलेक्सी ए05एस एक मजबूत बिल्ट और खूबसूरत फिनिश के साथ आता है। इस फोन में सैमसंग की सिग्नेचर गैलेक्सी डिजाइन की झलक देखने को मिलती है। यह फोन तीन नए रंगों में उपलब्ध है, इसमें हल्का हरा, हल्का बैंगनी और काला रंग शामिल है। गैलेक्सी ए05एस में देखने के शानदार अनुभव के लिए 6.71ह्व का फुल एचडी$ 90 हट्र्ज डिस्प्ले दिया गया है। 90 हट्र्ज की रिफ्रेश रेट वाली बड़ी स्क्रीन तकनीक-प्रेमी जेन और मिलेनियल ग्राहकों के लिए सोशल मीडिया फीड को स्क्रॉल करना आसान बनाती है। गैलेक्सी ए05एस के साथ, बिंज वॉचिंग के शौकीन ग्राहक सफर के दौरान आसानी से अपने पसंदीदा मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं।

इमरजेंसी वार्ड में इलाज कराना है तो, पहले सिविल सर्जन से करवाए पैरवी तभी कटेगी आपकी पर्ची

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में अगर इलाज कराना है तो पहले सिविल सर्जन से करवाए पैरवी तभी कटेगी आपकी पर्ची। आए दिन सदर अस्पताल की कमियां सामने आती रहती है। वहीं इन दिनों सदर अस्पताल के कुछ कर्मियों का बोलबाला नजर आ रहा है। पिछले कई सालों से यह कर्मी इस अस्पताल में कुंडली मारकर बैठा हैं। और अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। यही वजह है कि यह किसी की सुनता नहीं। ऐसे में अगर गरीब मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड पहुंच जाए तो। उसका इलाज क्या होगा स्वास्थ्य कर्मी पर्ची ही नहीं काटेंगे। ताजा मामला जीआरपी थाना के एक सिपाही अभिजीत कुमार से जुड़ा हुआ है। सिपाही अभिजीत अपने साथी के साथ एक कैदी को लेकर मेडिकल के लिए पहुंचा था इमरजेंसी वार्ड। इसी बीच जीआरपी जवान को सीने में दर्द हुई और उसने पर्ची काटने को स्वास्थ्य कर्मी को कहा। पर्ची तो नहीं काटा उल्टा जवान को कहा मेरी ट्रेन छूट जाएगी तो क्या तुम रुकवा दोगे। जवान कहता रहा मगर कर्मी सुनने को तैयार नहीं। तभी जवान में अपने वरीय अधिकारी से फोन पर बात कर फोन स्वास्थ्य कर्मी वीरेंद्र झा को दिया। मगर स्वास्थ्य कर्मी ने बात नहीं किया। कुछ देर के बाद जवान किसी से समस्तीपुर सिविल सर्जन का नंबर ले उनसे बात की और स्वास्थ्य कर्मी वीरेंद्र झा से बात कराया। तब जाकर जवान की पर्ची काटी और इलाज हुआ। जवान ने कहा जब एक स्टाफ के साथ यह लोग इस तरह की हरकत करते हैं तो। आप समझ सकते हैं कि आम गरीब मरीजों के साथ यह लोग क्या करते होंगे। कैसे यहां गरीबों का होता होगा इलाज भगवान ही जाने। एक पर्ची काटने के लिए अस्पताल के सबसे बड़े अधिकारी सिविल सर्जन से बात करनी पड़े। और स्वास्थ्य कर्मी को फोन पर बात करवाना पड़े। सूत्र बताते हैं कि इस कर्मी को लेकर हजार बार बड़े अधिकारी को शिकायते मिलती रहती है बावजूद कोई भी अधिकारी इस चतुर्थ कर्मी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया जाता है। पिछले सप्ताह ही एक महिला मरीज से हाँथ में प्लास्टर करने के एवज में 300 रुपये ले लिया था पर महिला मरीज के लिखित शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नही किया जाना भ्ष्टाचार को बढ़ावा देना प्रतीत हो रहा है।

लोकतंत्र की हत्या नाटक का हुआ मंचन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के मनाराय टोल स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर लोकतंत्र की हत्या नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम का आयोजन पूजा अभिनंदन समिति नवयुवक संघ मनारायटोल की ओर से किया गया। उद्घाटन महथी दक्षिण पंचायत के सरपंच हरे राम दास, मेला समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार एवं चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। जिसके बाद सामाजिक व राजनीतिक पर आधारित नाटक लोकतंत्र की हत्या का मंचन करते हुए कलाकारों ने लोगों के बीच यह संदेश देने का प्रयास किया कि आज की परिवेश में नेता आम जनों को प्रलोभन देकर चुनाव जीत लेते हैं। फिर जनता के अधिकार को देने से वंचित करते हैं और उनके खिलाफ आवाज जो उठाती है उनकी हत्या कर देते हैं। नाटक अरुण कुमार व कौशल किशोर के निर्देशन में संपन्न हुआ। नाटक मंडली में चंदन कुमार, मोनू कुमार, मनीष कुमार, कुणाल कुमार, शिवम कुमार सहित नाटक मंडली के सभी कलाकारों के द्वारा विभिन्न अभिनय कर अपनी प्रतिभा को बिखेरा धन्यवाद ज्ञापन व्यवस्थापक अरुण कुमार राय और फेकन ने किया।

कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज से प्रारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। गायत्री शक्तिपीठ औरंगाबाद में नवरात्र पर्व ध्यान साधना के साथ यज्ञ में आहुतिया प्रदान कर मनाया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट औरंगाबाद (बिहार) के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ औरंगाबाद में नवरात्र पर्व ध्यान साधना के साथ यज्ञ में आहुतिया प्रदान कर मनाया जा रहा है नवरात्र प्रारम्भ से प्रतिदिन प्रातः ध्यान साधना एंव गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याण व सबको सद्बुद्धि प्राप्त हो ऐसी भावनाओ को लेकर समस्त गायत्री परिजन यज्ञ में सैकड़ो आहुतिया प्रतिदिन प्रदान कर रहे है। सोमवार दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को माता के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की पूजन है। यज्ञाचार्य, उपजोन समन्वयक सह मीडिया प्रभारी नीरज कुमार ने कहा माता का यह स्वरूप हमें प्रत्येक कार्य में सिद्धहस्त होने की प्रेरणा देती हैं। उनके दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे भीतर आत्मविश्वास की ज्योति जलाकर हमारी चेतना को उजाले की ओर ले जाता है। माता के इन स्वरूप की पूजन में साधक परम तत्व (पूर्णता) की प्राप्ति करता है। माता के इन्हीं स्वरूप की पूजन अर्चन कर प्रातः 09:30 बजे से 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारम्भ होगी यज्ञ में मानव मात्र कल्याण हेतु उपस्थित समस्त परिजनों द्वारा विशेष आहुतिया यज्ञ में समर्पित की जायेगी। दुर्गा अष्टमी पर माता के आठवें स्वरूप माँ महागौरी की पूजन अर्चन के उपरांत पुंशवन संस्कार नामकरण संस्कार मुंडन एंव अन्नप्राशन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार से प्रातः 08:30 बजे प्रारम्भ होगा तत्पश्चात गायत्री महायज्ञ होगा। जीवन को भव्य बनाने वाली गायत्री विद्या की उपासना साधना आराधना का अनुष्ठान परम पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी एंव वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म उपस्थिति में गायत्री परिजनों ने 24 हजार गायत्री महामन्त्र जाप का लघु अनुष्ठान प्रतिदिन करके सबके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करते हुए पूर्ण किये ।पूणार्हुति सोमवार 23 अक्टूबर को नवमी पर प्रातः 09:30 बजे से 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ के प्रत्येक पाली में सम्पन्न की जायेगी। साथ ही कुमारी पूजन, अमृतासन प्रसाद खिचड़ी एवं खीर प्रसादी का आयोजन भी गायत्री शक्तिपीठ में होगा स्वच्छता अभियान के तहत डिस्पोजल ग्लास पत्तल का उपयोग जिला गायत्री परिवार औरंगाबाद नही करेगा। महाप्रसाद हेतु सभी श्रद्धालुओ के लिए स्टील की थाली ग्लास उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही व्यसन से बचाकर सृजन में लगाने के संकल्प भी होंगे राष्ट्र को सुखी समृद्धि बलशाली बनाने और आत्म कल्याण के लिए ह्व2026ह्व तक गायत्री मंत्र लेखन अभियान एवं गृहे - गृहे गायत्री यज्ञ भी चलाये जा रहे हैं। यज्ञ संचालन सासाराम के उपजोन समन्वयकह्व सह मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने किया।

खरवार जाति को जातीय जनगणना के आंकड़े में खरवार अंकित नहीं करने पर हाई कोर्ट एवं आयोग दरबार में जाने का निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूरः रामगढ प्रखंड के देवहलीयां मे प्रखंड सचिव युवा खरवार महासभा रामगढ कैमूर के आवास पर युवा खरवार महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजू खरवार,प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश खरवार,प्रदेश सचिव गौतम खरवार के देखरेख मे जिलाध्यक्ष सुनिल खरवार की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। बैठक मे लम्बे समय से लंबित जाति प्रमाणपत्र निर्गत कराने की मांग पर चर्चा करते हुए बिहार सरकार द्वारा कराए गये जाति गणना मे गणना कर्मी के मनमानी के उपरांत खरवार जाति के बहिष्कार की घोषणा के बावजूद जबरन षड्यंत्र के तहत कहां कि चंद्रवंशी मे गणना कराए जाने के अमानवीय हरकत जिसे लगातार जिलापदाधिकारी को अवगत कराये जाने के पश्चात भी अनदेखा किया गया। जहां तक राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग अध्यक्ष के वातार्लाप व बैठक के बावजूद इस तरह की प्रतिक्रिया पर पुरे खरवार समाज मे रोष व्याप्त है जिसको लेकर हूए बैठक मे निर्णय लिया गया की यदि जातीय गणना प्रकाशन मे हमारी अस्तित्व पहचान सम्मापत और स्वाभिमान के साथ छेडछाड होने पर न्यायालय का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। बैठक में मनोज खरवार, रविशंकर खरवार, अमीत खरवार, पिंटू खरवार, राहुल खरवार, मंगल खरवार, जितेंद्र खरवार, हिरा खरवार सहीत काफी संख्याबल मे खरवार समुदाय के लोग उपस्थित थे।

मृतक महेंद्र राय के बच्चो की शिक्षा में नही आएगी कोई बाधा, हर संभव मदद करेंगे : आलोक मेहता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय के ढेपुरा गांव निवासी राजद के प्रखंड प्रधान महासचिव मृतक महेंद्र राय के घर पहुंचे बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार तथा गन्ना उत्पाद मंत्री आलोक कुमार मेहता ने स्वजनो से मुलाकात कर राजद के सच्चे सिपाही को श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि स्व महेंद्र रात राजद के वफादार और सच्चे सिपाही थे। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। उनके समय चले जाने से उनके परिवार पर विपदाओ का पहाड़ टूट गया है। परिवार में उनकी कमी को तो कोई पूरा नहीं कर सकता है लेकिन उनके बच्चे की शिक्षा लेने में कोई कमी नही होगी, मैं जिम्मेदारी लेता लेता हूं। इसके साथ ही हर संभव मदद का भरोसा देता हूं। बताते चले की डेंगू की चपेट में आने से बीमार हुए राजद नेता स्व महेद्र राय (43) असमायिक निधन हो गया था। इस दौरान राजद प्रदेश सचिव नंद किशोर महतो, मीडिया प्रभारी राज दीपक, चंदन प्रसाद, सुरेंद्र राय, अर्जुन राय, सुजीत राय, राम उदय राय, उदय केतु चौधरी, हेमलता कुमारी, बैजू राय सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

रसूलपुर में मां दुर्गा की मूर्तियां बनी आकर्षण का केंद्र

रसूलपु।थाना क्षेत्र स्थित चनचौरा, बाबा मोहब्बतनाथ ,मा सिद्धेश्वरी माधोपुर,पकवाइनार ,जमनपुरा सहित स्थानीय चट्टी पर स्थापित मां दुर्गा की मूर्तियों की पूजा अर्चना भक्ति भावना से की जा रही है।महाष्टमी को सुबह होते ही पूजा पंडालों में भीड़ उमड़ पड़ी।रसूलपुर चट्टी पर बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर रोड,चैनपुर बस स्टैंड, छपरा सिवान एनएच पर स्थापित मां दुर्गा की भव्य मुर्तियों के बीच सोनारपट्टी में रखी मां की विशाल मूर्ति आकर्षक का केंद्र बनी है।

देवी दुर्गा परमात्मा की शक्ति स्वरुपा हैं : आचार्य सत्येंद्र

इसुआपुर।देवी दुर्गा परमात्मा की शक्ति स्वरुपा हैं।वे प्रकृति भी हैं। उक्त बातें इसुआपुर बाजार के बाबा लाल दास के मठिया परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित भजन कीर्तन कार्यक्रम में आचार्य सत्येंद्र जी ने अपने प्रवचन के दौरान कहीं।एक प्रसंग में उन्होंने कहा कि प्रकृति की यात्रा करते हुए मनुष्य संस्कृति की ओर बढ़ता है।राम, कृष्ण, बुद्ध,महावीर आदि महान आत्माएं संस्कृति की सूचक हैं। किंतु मनुष्य रजोगुण और तमोगुण के प्रभाव के कारण अपनी इस यात्रा में विचलित होते रहता है। इसी विचलन को मनुष्य की विकृति का नाम दिया गया है।वहीं महावीर मंदिर इसुआपुर के परिसर में गोरखपुर तथा जलालपुर के कलाकारों द्वारा देवी जागरण, रामलीला जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जा रही है।प्रखंड के गम्हरियां गांव में भी दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। जहां मीना बाजार, टावर झूला, ब्रेक डांस, मौत का कुआं लोगों के मनोरंजन का केंद्र बना हुआ है।मेले में लोगों की भारी उमड़ रही है।

सारण पुलिस के अभियान में 24 गिरफ्तार

छपरा नगर।सारण पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यरत है।प्रत्येक दिन छापेमारी कर धर पकड़ की करवाई भी की जाती है।इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए विशेष अभियान चलाए गया जिसमे जिला के विभिन्न कांडों के 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एक दिन के भीतर की गई कारवाई की गिरफ्तारी में एनडीपीएस अधिनियम के कांड में 1, उत्पाद अधिनियम के कांड में 19, खनन के कांड में 2 एवं अन्य कांड में 2 गिरफ्तारियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अवैध मादक पदार्थ के रूप में 361।4 लीटर देशी शराब, 248।48 लीटर विदेशी शराब तथा गांजा 700 ग्राम जप्त किये गए। वाहन जांच एवं शमन की राशि के तौर पर 114000 रुपए की राशि जुमार्ने के रूप में वसूली गई।इसके साथ ही एक दिन में 3 ट्रक, 1 ट्रैक्टर, 1 मोटरसाईकिल एवं 1 साइकिल बरामद किये गए।

युवक ने महिला से की जबरदस्ती का असफल प्रयास

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ युवक ने जबरदस्ती करने की चेष्टा की।जानकारी के अनुसार महिला घर में अकेली सोई हुई थी।तभी उसी के गांव का एक युवक घुस गया और उससे जबरदस्ती करने की चेष्टा करने लगा।युवक ने महिला को जमीन पर पटक दिया।जब महिला शोर मचाई तो उक्त युवक उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी और फरार हो गया।महिला ने युवक पर जबरदस्ती करने के दौरान मोबाइल को तोड़ देने का भी आरोप लगाया है।महिला के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

चोर पार्ट चोरी करते रंगे हाथों हुआ गिरफ्तार

छपरा।मुफसिल थाना द्वारा जप्त की गई ट्रैक्टर जय प्रकाश विश्व बिद्यालय के परिसर में सुरक्षित लगाया गया था।जहा एक चोर ने ट्रैक्टर के पार्ट चोरी छुपे खोल रहा था।गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर चोर को रंगे हाथों किया गिरफ्तार।गिरफ्तार चोर अमनौर थाना क्षेत्र के खोरी पाकर गोविंद गांव के सीताराम सिंह के पुत्र परवीन कुमार सिंह बताया जाता है।थाना अध्यक्ष बिकाश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा कांड संख्या 640/23में जप्त की गई ट्रैक्टर के पार्ट पुर्जे खोल चोरी कर रहा था।जिसे पुलिस ने पिलास रिंच व ट्रैक्टर के समान के साथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार चोर से पुलिस द्वारा पूछे जाने पर बताया कि मैं प्रशिक्षण केंद्र में एक प्रशिक्षु हु।समान चोरी कर के बहुत बार ले जाने की बात स्वीकारी।उसने बताया कि चोरी के समान कवारी के हाथों बेचते है।कुछ समान कौशल बिकाश केंद्र के प्रथम तला पर छुपाया था।जिसे पुलिस ने चोर के बताए कमरे से समान बरामद किया।बरामद की गई समान में एयर क्लेनर, एयर फिलयर इंडिकेटर मोबाइल शामिल है।पुलिस ने चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर चोर को छपरा जेल भेज दिया।

24 अक्टूबर को राजेंद्र स्टेडियम में होगा रावण वध: विजयादशमी समारोह समिति

55 फीट का रावण और 50 फीट का मेघनाथ का बन रहा पुतला

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के दिन छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम रावण वध का आयोजन इस वर्ष भी 24 अक्टूबर को किया जायेगा। आयोजन भव्य हो इसको लेकर समिति तैयारियों में जुटी हुई है। रावण और मेघनाथ के पुतले बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बैरिकेडिंग एवं साफ सफाई का कार्य जारी है।

प्रेस वार्ता कर आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष वरुण प्रकाश राजा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावण वध का कार्यक्रम छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में किया जाएगा। विजयदशमी के दिन 24 अक्टूबर को विजयदशमी समारोह का आयोजन संपन्न होगा। प्रदूषण को देखते हुए आतिशबाजी के साथ दर्शकों को इस वर्ष लाइट के जरिए बीम शो का आयोजन किया जाएगा। स्टेडियम में दर्शकों के सुविधा के लिए एक बड़ी एलइडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी जिस पर सारा कार्यक्रम उन्हें लाइव देखने को मिलेगा। जिला प्रशासन के द्वारा समिति को भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिला प्रशासन का समिति सदा आभारी रहेगा। कार्यकारी महामंत्री राजेश फैशन ने कहा कि विजयदशमी समारोह को लेकर समिति के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग गैलरी बनाया गया है। महिलाओं में बच्चों को असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। सभी गेटों पर गेट संख्या दिया गया है। फिलहाल विधान परिषद के पूर्व उपसभापति व समिति के अध्यक्ष सलीम परवेज शहर में उपस्थित नहीं है विजयदशमी के दिन कार्यक्रम में वह उपस्थित रहेंगे उनकी शुभकामनाएं हमारे साथ हैं। विजयदशमी समारोह समिति के महामंत्री विभूति नारायण शर्मा, कार्यकारी महामंत्री राजेश फैशन, सचिव राजू नयन शर्मा, मुख्य परामर्दर्शी अवधेश्वर सहाय, उपाध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सत्य प्रकाश यादव, प्राचार्य अरुण सिंह, इंजीनियर सत्येंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रकाश वर्मा, आदित्य कुमार, सैयद जफर अब्बास रिजवी, श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, अंकेक्षक पवन कुमार अग्रवाल, प्रेस प्रवक्ता सुनील कुमार सिंह, सहायक सचिव मनीष कुमार, चंद्रकांत द्विवेदी, राजीव रंजन, शिवजी कुमार यादव, अली रशीद, शशि भूषण प्रसाद, युवराज गोस्वामी, डॉक्टर आर एन सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, संगठन सचिव शंकरदेव सिंह, तकनीकी सचिव ब्रजकिशोर रजक आदि उपस्थित थे।

शक्तिवंदन की अद्भुत परंपरा है नौ स्वरूपों वाले मां दुर्गा की अराधना

अष्टमी के दिन पूजा पंडालों में लगी रही भक्तों की भीड़, पुलिस - प्रशासन रही सक्रिय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शारदीय नवरात्र में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों वाले शक्ति वंदन के इस पर्व की अद्भुत परंपरा रही है, और हमारी सनातन संस्कृति इसी मान्यता पर खड़ी है। शारदीय नवरात्र के आठवां दिन यानि अष्टमी के दिन शहर के विभिन्न पूजा पंडालो में मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। विजयदशमी का उत्सव शहर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है, सारण प्रशासन इस बार दुर्गा पूजा को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। विजयदशमी पर रावण वध की परंपरा सदियों से चली जा रही है। इस बार भी रावण

वध का कार्यक्रम राजेंद्र स्टेडियम में ही होगा। विजयदशमी समारोह समिति द्वारा रावण वध को आकर्षक बनाने को लेकर प्रयत्नशील है, जिसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही है। इस बार 55 फीट का रावण होगा, तो 50 फीट का मेघनाथ बनाया जा रहा है। प्रदूषण से बचाव को लेकर दर्शकों के लिए लाईटिंग के जरिए बीम शो का भी आयोजन किया जा रहा है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर व पुलिस कप्तान डॉक्टर गौरव मंगला तैयारी पर नजर बनाए हुए हैं, और जिला में शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा का उत्सव संपन्न कराने के प्रति वचनबद्ध हैं। यह भी कहां जाता है कि सनातन संस्कृति इसी मान्यता पर खड़ी है और आदिशक्ति ही संसार में सभी घटित क्रियाओ का कारण है। यही कारण है कि हमारे यहां मातृशक्ति का सम्मान है, स्त्री को शक्ति माना गया है और माता, बहन, बेटी सब के भीतरआदि भवानी का स्वरूप भी देखा जाता है, यही कारण है कि कन्या पूजन की परंपरा बरकरार है। वहीं शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के भक्तों द्वारा पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा। नवरात्र के आठवें दिन श्रद्धालु भक्त महाष्टमी व्रत भी रखा। नवरात्र में महाष्टमी का बहुत महत्व माना जाता है, खासकर महिलाएं अष्टमी के दिन अपने परिवार के सुख -समृद्धि और शांति के लिए व्रत और उपवास भी करती है। दुर्गा पूजा में पहली बार सारण प्रशासन द्वारा मेले में ड्रोन कैमरे से की जा रही है निगरानी, पूजा पंडाल के आसपास व शहर की सड़कों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं है। शारदीय नवरात्र आराधना के बीच मां दुर्गा के पट खुलते ही पुलिस प्रशासन द्वारा शरारती व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। शरारती तत्वों से निपटने को लेकर प्रशासन द्वारा कई स्तर की तैयारी की गई है। ड्रोन कैमरे से चप्पे -चप्पे की निगरानी होगी। इसके अलावा पूजा पंडाल के आसपास ऊंची इमारत की छत पर मौजूद हर एक गतिविधि पर सारण प्रशासन नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि शहर में स्थानीय शहर वासी द्वारा नगर पालिका चौक

व गांधी चौक सहित शहर के हर प्रमुख चौक - चौराहो व गलियों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती रही है। वहीं बदल रहे आधुनिक युग में बढ़ रहे हैं टेक्नोलॉजी का उपयोग इस बार सारण प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिससे जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था संचालन में काफी मदद मिलेगी और और असामाजिक व शरारती तत्वों पर निगरानी करना आसान होगा। बहरहाल पूरे जिले में विजयदशमी का उत्सव जोड़ों पर है, नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में भक्तगण लगे हुए हैं।मंगलवार की संध्या शहर के राजेंद्र स्टेडियम में रावण वध के साथ ही विजयदशमी का उत्सव संपन्न हो जाएगा।

आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी व चैतन्य देवियों की झांकी का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र के द्वारा 21 से 24 अक्टूबर तक भगवान बाजार थाना से दक्षिण गुदरी राय के चौक पर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी व चैतन्य देवियों की झांकी आयोजन किया गया है। ब्रह्मचारिणी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा आध्यात्म रहस्य के गूढ़ संदेश को समझाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था से जुड़ी माताओं, बहनों और भाइयों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की छपरा स्थित सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी ने बताया कि लगभग 25 वर्षो से संस्था के द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस झांकी में सभी कुंवारी कन्याओं के द्वारा मां का वेश धारण कर प्रदर्शनी दिखाया जाता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा चौतन्य देवियों की अनूठी झांकी का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन शहर के अधिकारियों, प्रतिष्ठित और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कराया जा रहा है। हालांकि पहला दिन भगवान बाजार थाना के पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रंजीत कुमार जबकि दूसरे दिन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रवि रंजन रस्तोगी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। संस्था के द्वारा नवरात्रि के अक्सर पर चैतन्य देवियों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर माता के 9 सजीव स्वरूपों को दिखाया जा रहा है।

ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा बताया जा रहा है कि नवरात्र के अवसर पर माता की मूर्तियां तो विराजती हैं, लेकिन चौतन्य देवियों की झांकी बहुत ही कम देखने को मिलती है। स्थानीय सेवा केंद्र के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित झांकी में ज्ञान गंगा, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली, गायत्री, वैष्णव, उमा और फरिश्ता जैसी ब्रह्माचारिणी देवी के साक्षात दर्शन भक्तों द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद छोटी-छोटी बच्चियों के द्वारा मां के भक्तिमय गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। यह प्रदर्शनी चार दिवसीय यानि दशमी तक चलेगी।

कल्चरल समिति के सराहनीय योगदान हेतु किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल पर स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित महाविद्यालय में मगध विश्वविद्यालय का शाखा एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग का उद्घाटन कार्यक्रम को सफल करने में गठित विभिन्न समिति के सदस्यों, एनएसएस, एनसीसी, कल्चरल समिति के सराहनीय योगदान हेतु सभी समिति के सदस्यों को एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के द्वारा सम्मानित किया गया' कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज गीत के साथ हुई ' उसके बाद सम्मान समारोह का कार्यक्रम चला।

सर्वप्रथम सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जो अपने शिक्षक रवि रंजन जी एवं मनोज जी के नेतृत्व में महाविद्यालय में भाग लिए थे। शिक्षक रवि रंजन जी एवं मनोज जी को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी निहारिका कुमारी को सोल,प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर एवं एनएसएस के सभी 30 छात्र छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद कल्चरल सेल के समन्वयक नीतू सिंह के नेतृत्व वाले 20 छात्र एवं छात्राओं को उनके मधुर संगीत एवं नृत्य के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। सभी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही नीतू सिंह को शॉल,प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद एनसीसी ऑफिसर ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व वाले एनसीसी के 30 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र एव मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद शिक्षक एवं कर्मचारियों को सम्मान समारोह का दौर चला।

जिसमें शिक्षक श्रेणी में डॉक्टर कमलेश कुमार सिंह, डॉ राम प्रकाश, डॉक्टर प्रभात कुमार सिंह, डॉ योगेन्द्र कुमार सिंह पीटीआई, मनोज कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, डॉ नागेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, भूषण कुमार, अवधेश कुमार, सोनू कुमार सिंह, अभिनय कुमार, प्रवीण दुबे, मनजीत कुमार, ओम प्रकाश कुमार, राजीव रंजन, उदय कुमार सिंह, नीरज कुमार, संजीव रंजन, अनुपम कुमार, सचिन कुमार, चंदन कुमार, सुमित कुमार, राजकुमार पटेल, नाडकर नारायण एवं शिक्षकेतर कर्मचारी में मनोज कुमार सिंह लेखापाल, शक्ति कुमार सिंह, पप्पू कुमार, राहुल कुमार सिंह, रकीब जी, रामस्वरूप यादव, बालमुकुंद झा, अमरेंद्र कुमार, हिमांशु कुमार, मनीष कुमार, दिनेश कुमार, सोनू कुमार, नंदलाल यादव, जयप्रकाश कुमार बॉस सभी को सम्मानित किया गया ' कार्यक्रम के संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम आप लोग के कारण ही सफल हुआ है।

उन्होंने शिक्षक एवं कर्मचारियों को शुक्रिया अदा की एवं सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की नवरात्रि की शुभकामनाएं दी ' आपको बताते चलें कि कुछ शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 16 अक्टूबर 2023 को ही शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया जा चुका था ' बाकी बचे सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को आज सम्मानित किया गया ' कार्यक्रम का मंच संचालन बहादुर भी कुमार सिंह एवं टेक्निकल सपोर्ट प्रवीण कुमार दुबे का रहा ' इस कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी शशि कांत कुमार, श्वेता सिंह एवं सभी शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे ।

मेट्रो शूज ने लॉन्च किया फेस्टिव कैंपेन टेक्स यू टू द न्यू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। 1995 के बाद से मेट्रो शूज भारत के सबसे प्रतिष्ठित और सबसे भरोसेमंद फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक है जिसके 159 शहरों में 290 से अधिक स्टोर्स हैं। पिछले छह दशकों में ब्राण्ड ने कई पीढ़ियों पर अपना प्रभाव उत्पन्न किया है, इसके फुटवियर उपभोक्ताओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं जो उन्हें हर मौके लिए लुभाते हैं। त्योहारों के इस सीजन मेट्रो शूज ने अपने नए कैंपेन ह्यटेक्स यू टू द न्यूह्ल का लॉन्च किया है, जो एकजुटता, प्यार और सदाबहार रिश्तों का प्रतीक है।

दीपिका दीप्ती सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट, मार्केटिंग, मेट्रो ब्राण्ड्स लिमिटेड ने कहा ह्यटेक्स यू टू द न्यूह्ल दिल को छू जाने वाला कैंपेन है जो हमारे उपभोक्ताओं के साथ हमारे गहरे रिश्ते को दशार्ता है। यह लोगो के जीवन में ब्राण्ड के विषिष्ट स्थान का जश्न मनाता है। दशार्ता है कि किस तरह हम हर नई शुरूआत और हर रोमांचक अनुभव में उनके साथ रहते हैं। मेट्रो शूज परम्पराओं में आपका सच्चा साथी बनने का वादा करता है। एक ऐसी दुनिया में जब अक्सर प्यार कुछ समझौतों की उम्मीद रखता है, हमारा कैंपेन इस नजरिए को बदलने का साहस करता है। तो आइए इए यात्रा में हमारे साथ जुड़ें, जहां सच्ची पहचान का जश्न मनाया जाता है, समानता को सम्मान दिया जाता और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। यह कैंपेन उपभोक्ताओं के जीवन में मेट्रो शूज की भूमिका पर रोशनी डालता है, जब वे नए यात्रा की शुरूआत करते हैं, नए परिप्रेक्ष्यों को अपनाते हैं या यहां तक कि जीवन के प्रति नया दृष्टिकोण अपनाते हैं। जीवन की अनिष्चित यात्रा में मेट्रो शूज ऐसा ब्राण्ड है जो हमेशा नए अनुभवों, अहसास और जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करता है।

मायावी रावण ने साधू के भेष में आकर छल से मां सीता का किया हरण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में चल रहें रामलीला के आठवें दिन की प्रस्तुति हुई। आज पुनः वृंदावन की रामलीला मंडली के कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति का लोहा मनवाया। इस दौरान मायावी रावण साधू के भेष में आकर छल से मां सीता का हरण किया। वही लक्ष्मण जी को हिरण लाने हेतु लाख मना करने के बावजूद जंगल में भेजा। जिसका लाभ उठा रावण ने जबरजस्ती सीता का हरण कर पुषपक विमान से लंका ले जाने में सफल हुआ। रास्ते में रामभक्त जटायु ने माता सीता को बचाने हेतु बहुत प्रयास किया। अंतत रावण से सामना करते हुए अपनी प्राण गवां दिया। इसके साथ ही सेवरी मिलन व सुग्रीव मित्रता का आनंदमय मंचन के साथ समापन हुआ। आज के रामलीला का शुभारंभ रामलीला समिति पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद पूर्व महासचिव बिहार राज्य नागरिक परिषद भाई ब्रह्मेश्वर ने सांसद प्रतिनिधि ई. धीरेन्द्र सिंह,रामनवमी शोभा यात्रा समिति के शंभू चौरसिया को पट्टिका देकर सम्मानित किया। वही सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मेजर राणा प्रताप सिंह ने पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर जग नारायण सिंह, सूबेदार मेजर बलराम राय, सूबेदार जगन्नाथ सिंह, सूबेदार जयराम सिंह, हवलदार राजेंद्र मिश्रा, सूबेदार मेजर शंकर शर्मा, सूबेदार बलराम कुमार कक्कर, सिपाही सतीश कुमार एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव को सम्मानित किया। वही रामलीला संरक्षण मंडल के डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने जिनवाणी मैनेजमेंट कालेज के निदेशक आदित्य विजय जैन, संत जेवियर्स स्कूल के निदेशक सनोज कुमार, एसटीएसभी के निदेशक मनोज सिंह को सम्मानित किया। वही रामलीला की अध्यक्ष डॉ.अर्चना सिंह ने वार्ड पार्षद संध्या कुमारी को तथा सचिव शंभूनाथ प्रसाद ने गणेश प्रसाद व्याहुत को सम्मानित किया। संचालन उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता (अधिवक्ता) ने किया। इस अवसर पर रेडक्रास की सचिव डॉ. विभा कुमारी, प्रेम कुमार, सचिव शंभूनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष शंभू केसरी, सह कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर, समिति के वरीय सलाहकार मेजर राणा प्रताप सिंह, डी.राजन, कृष्ण कुमार (पत्रकार), संजीव कुमार पांडेय, अश्विनी कुमार, अवधेश कुमार पांडेय, राम कुमार, चौधरी सुरेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, जय प्रकाश उर्फ बुटाई जी, संजीव सिन्हा, ओपी कश्यप, अनिल राज, निर्मल सिंह, कन्हैया जी, मिथलेश कुमार, राकेश कुमार (शिक्षक), संतोष कुमार सिंह (सचिव, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ), राकेश कुमार 'धन्नू', मनोज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार, नवीन प्रकाश, संतोष कुमार चंद्रवंशी, अशोक कुमार मिश्रा के अलावे समिति के सभी संरक्षक मंडल, तेजस एवं सनातनी सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सोमवार को रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध की प्रस्तुति होगी।

अग्नि शमन वैन को हरी झड़ी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार अग्निशमन सेवा के तहत बिहार के लगभग सभी जिलों में लोगो को आग से बचने एवम उसके जन जागरूकता के लिए एलईडी वैन भेजा गया है जो इस दशहरे मेले के दौरान पूजा पंडालों एवम भीड़ भार वाले जगहों पे जा जा के इस वैन में लगे एलईडी वीडियो के माध्यम से लोगो मे ये जानकारी देना होता है कि जब भी कही आग लगे तो उस आग पे कैसे काबू पाया जा सके हालांकि अभी सभी जगहों पे दुर्गा पूजा को लेकर जगह जगह छोटे से बड़े पंडालों का निर्माण किया गया है उन सभी जगहों पे अग्निशमन विभाग के द्वारा कुछ निर्देश दिए गए है जैसे पंडालों के प्रत्येक 100 वर्गमीटर स्थान पर अग्निशमन यंत्र 9 लीटर क्षमता का अवश्य लगाए,पंडाल के चारो तरफ 4-5 मीटर खुला स्थान अवश्य रखे,पंडालों में कमसेकम तीन द्वार अवश्य रखे दो आगे से और एक पीछे से,पूजा करते समय अगरबत्ती,धूप,दिया सुरक्षित स्थानों पे जलाए,बिजली की तार को अच्छे से टेपिंग करे,जैसे बातों को समझाया गया है।वही आज के इस आयोजन में दर्जनों की संख्या में अग्निक मौजूद रहे।

पूर्वी धुन सम्राट पं महेन्द्र मिश्र को भारत रत्न देने की मांग को लेकर निकाली गई साईकिल यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुर। पूर्वी धुनों के जनक तथा स्वतंत्रता सेनानी पंडित महेंद्र मिश्र की पुण्यतिथि से पूर्व 22 अक्टूबर दिन रविवार को उन्हें भारत रत्न दिए जाने की माँग को लेकर पँडित मिश्र के घर मिश्रवलिया से जलालपुर चौक तक साइकिल यात्रा निकाली गई। साइकिल यात्रा में राजद के वरीय नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय तथा एम्स के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जगजीत पाण्डेय एवम प्रखंड राजद अध्यक्ष श्रीराम राय सहित अलग अलग दलों के कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साइकिल यात्रा जलालपुर चौक पहुँचकर पँडित मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हो गया। इस संबंध में पूछे जाने पर राजद नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय ने बताया कि महेंद्र मिश्र को उनके घर' में ही गुमनाम कर दिया गया है। महेंद्र मिश्र को अब तक भारत रत्न का सम्मान नही मिला और न ही उनके घर को राजकीय संग्रहालय घोषित किया गया। जलालपुर वासियों को इस बात का बेहद मलाल है। भोजपुरी जगत में जब कर्णप्रिय पूर्वी धुन सुनाई पड़ते है तो भोजपुरी भाषियों को बरबस ही पंडित महेंद्र मिश्र की याद आ जाती है।आजादी के लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने वाले पंडित महेंद्र मिश्र ने जाली नोट छाप कर अंग्रेजों को धूल चटा दी थी। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में जुड़े आंदोलन कारियों की आर्थिक मदद कर अपनी एक अलग ही पहचान बना ली थी। उन्होंने बताया कि अब हमारी लड़ाई तबतक जारी रहेगी जब तक पँडित मिश्र को भारत रत्न का सम्मान प्रदान नही कर दिया जाता।मौके पर वंशीधर तिवारी ,नागेन्द्र राय ,विवेकानंद तिवारी,सुमन कुमार सहित दर्जनो अन्य भी थे।

दाउदपुर थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लदी दो ट्रक को किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

दाउदपुर छपरा-सिवान मुख्य मार्ग एनएच 531पर स्थित दाउदपुर थाना के समीप शनिवार की रात स्थानीय पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लदी दो ट्रक को जब्त किया है। साथ हीं दोनों ट्रक के चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया है। शराब यूपी से ट्रक पर लोडकर अवतारनगर लेकर जायी जा रही थी।

जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपए आंकी जा रही है। दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि यूपी से शराब लोडकर दो ट्रक छपरा-सिवान मुख्य मार्ग से होकर गुजरने वाली है। उसके बाद दाउदपुर थाना के समीप पुलिस ने गहनता से वाहनों की जांच करने में जुट गई। उसी दौरान एकमा की तरफ से दो ट्रक आती दिखाई पड़ी। जिसे पुलिस ने रोका तो चालक थोड़ा घबड़ा गए। जब दोनों ट्रकों की गहनता से तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखी गई बड़े पैमाने पर रॉयल स्टेट, एट पीएम फ्रूटी व किंगफिशर बीयर के दर्जनों कार्टून बरामद हुए। ट्रक से बरामद शराब की मात्रा 237 लीटर के करीब है। पुलिस ने बताया की गिरफ्तार चालक अवतारनगर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी मोती यादव के पुत्र संदीप यादव एवं बैजनाथ राय के पुत्र जितेंद्र राय बताये जाते हैं। जिनसे आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं शराब के साथ जप्त ट्रक की नम्बर व कागजात की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है। जांच अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा एएसआई दिनेश्वर कुमार समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

भाजपा के पास उम्मीदवार नही : पूर्व मंत्री

औरंगाबाद। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा को घेरते हुए राजद नेता सुरेश पासवान ने कहा कि उनके पास उम्मीदवार कहां हैं। स्थिति यह हो गई है कि सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़वाया जा रहा है। भाजपा देश के प्रत्येक राज्य में आंतरिक कलह से जूझ रही है। जबकि इंडिया गठबंधन का जनाधार बढ़ रहा

सूबे के पूर्व पर्यटन राज्य मंत्री और राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने डंके की चोट पर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बिहार की तमाम सीटों पर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले यह बताए कि उनके पास जुमलेबाजी के अलावा है क्या? उन्होंने कहा कि मौजूदा जातीय गणना में इंडिया गठबंधन के पास 55 प्रतिशत वोटर हैं। यहां सिर्फ वोटर ही नहीं बल्कि वर्कर और कैडर भी हैं। वहीं, पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास उम्मीदवार कह

सम्पादकीय

भटकी हुई प्राथमिकताएं

भारत जैसे विकासशील देश के लिए ओलिंपिक मेजबानी के चक्कर में फंसना भटकी हुई प्राथमिकता का परिणाम ही कहा जाएगा। संभव है कि इससे भाजपा अपना चुनावी ब्रांड चमकाने में सफल हो जाए, लेकिन वह चमक देश को महंगी पड़ेगी। तमाम संकेत हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2036 के ओलिंपिक खेलों के आयोजन की मेजबानी पर दावा जताने का मन बना लिया है। यह संभवतः प्रधानमंत्री की अगले चुनाव के लिए तैयार किए जा रहे नैरेटिव का हिस्सा होगा। खबर है कि नीति आयोग के विशेषज्ञ एक दस्तावेज तैयार करने में जुटे हुए हैं, जिसके आधार पर अमृतकाल में ही भारत को विकसित देश बना देने का खाका खींचा जाएगा। इस खाके को विश्वसनीय बनाने के लिए जो कहानियां इसमें जोड़ी जाएंगी, उनमें गगनयान, 2040 तक चांद पर किसी भारतीय को भेजने की योजना आदि के साथ-साथ ओलिंपिक की मेजबानी को भी शामिल किया जाएगा। जिस समय ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की बढ़ती कीमत और इसको लेकर अक्सर मेजबान देश में विवाद बढ़ते जा रहे हैं, मुमकिन है कि भारत को यह मेजबानी मिल भी जाए। अगर यह मिली, तो फिर मेजबानी से भारतीय अर्थव्यवस्था को होने वाले फायदों की कहानी भी प्रचारित की जाएगी। इसीलिए इस पर गौर कर लेना उचित होगा कि आखिर मेजबानी कितनी फायदेमंद होती है। एक आकलन के मुताबिक दावेदारी पेश करने की प्रक्रिया में ही अब संबंधित देशों को 10 करोड़ डॉलर तक का खर्च करना पड़ता है। उसके बाद जरूरी निर्माण की चुनौती आती है। इसमें ज्यादातर खर्च मेजबान देश को ही करना पड़ता है। ओलिंपिक की मेजबानी में किस तरह कई शहर कर्ज के बोझ में दब गए, इसकी कहानियां अब बहुचर्चित हो गई हैं। मसलन, कनाडा के शहर मॉन्ट्रियल को अपना कर्ज उतारने में 30 वर्ष लगे, जबकि 2004 में एथेंस में हुई मेजबानी का ग्रीस को वित्तीय संकट में फंसाने में बड़ा योगदान रहा, तो 2014 ब्राजील के शहर रियो द जनेरो को उबारने के लिए ब्राजील सरकार को अपने खजाने से 90 करोड़ डॉलर देने पड़े। 2021 में टोक्यो को भी खासा आर्थिक नुकसान हुआ। भारत में कहानी उससे अलग रहेगी, इसकी कोई संभावना नहीं है। इसलिए भारत जैसे विकासशील देश के लिए ओलिंपिक मेजबानी के चक्कर में फंसना भटकी हुई प्राथमिकता का परिणाम ही कहा जाएगा। संभव है कि इससे भाजपा अपना चुनावी ब्रांड चमकाने में सफल हो जाए, लेकिन वह चमक देश को महंगी पड़ेगी।

कारोबारी संसार की घनचक्करी भूलभुलैया

पंकज शर्मा

मसला है कथित तौर पर पैसे ले कर लोकसभा में सवाल पूछने का। आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति गौतम अडानी के कामकाज से संबंधित बहुत-से सवाल संसद में पूछे। ज्इसलिए महुआ मोइत्रा कितनी ही पाक-दामन हों, उन पर लगे छींटे हंगामा मचा रहे हैं। उन्हें तो अग्निपरीक्षा दे कर ही खुद को पवित्र साबित करना होगा। इस समूचे प्रसंग में हमारे-आपके लिए सबसे बड़े सुकून की बात यह है कि महुआ तो कैसे गंगा नहाएंगी, वे जानें, मगर इस पृथ्वी पर कोई भी अग्निकुंड ऐसा नहीं है, जिस से गुज कर अडानी अपने को निर्दोष साबित कर पाएं।इस कहानी में चार अहम किरदार हैं। तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा, हीरानंदानी समूह के मालिक निरंजन हीरानंदानी के पुत्र दर्शन, भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे और कारोबारी दुनिया पर निगाह रखने वाली पत्रकार सुचेता दलाल। मसला है कथित तौर पर पैसे ले कर लोकसभा में सवाल पूछने का। आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति गौतम अडानी के कामकाज से संबंधित बहुत-से सवाल संसद में पूछे। उन्होंने इसके लिए दर्शन हीरानंदानी से कई फायदे लिए। इस आधार पर महुआ से इस्तीफे की मांग की जा रही है।अब एक-एक कर इन चार किरदारों के बारे में थोड़ा जान लीजिए। 49 बरस की महुआ कोलकाता में अपनी आरंभिक पढ़ाई पूरी करने के बाद उच्च अध्ययन के लिए अमेरिका चली गईं। वहां के मशहूर विश्वविद्यालयों में आर्थिक विषयों की पढ़ाई की और वहीं विश्व प्रसिद्ध निजी बैंक और संपत्ति प्रबंधन कंपनी जे.पी. मॉर्गन में नौकरी करने लगीं। 2009 में जब महुआ ने भारत की राजनीति में प्रवेश के लिए नौकरी छोड़ी तो वे मॉर्गन में उपाध्यक्ष थीं। आमतौर पर आठ से दस साल काम करने वाला व्यक्ति इस पद तक पहुंच जाता है। देश वापस आने के बाद महुआ ने युवा कांग्रेस में काम करना शुरू किया। युवा कांग्रेस के आम आदमी का सिपाही कार्यक्रम में काम करते हुए उन्होंने साल भर के भीतर ही अपनी अच्छी पहचान बना ली। कांग्रेस पार्टी में तरक्की की धीमी चाल महुआ को रास नहीं आ रही थी। सो, उन्होंने ममता बनर्जी की तरफ अपने कदम बढ़ाए और तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं। 2016 में ममता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी दे दी और जीत कर वे विधायक बन गईं। 2019 के चुनाव में उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बना दिया गया। सो, वे चुन कर संसद में आ गईं।कहानी के दूसरे किरदार दर्शन हीरानंदानी दुबई में रहते हैं। भवन निर्माण वगैरह से जुड़े काम करने वाले हीरानंदानी समूह का 20-25 हजार करोड़ रुपए का कारोबार है। दर्शन के दादा यानी निरंजन के पिता लखूमल कान-नाक-गला डॉक्टर थे। उन्हें पद्मभूषण सम्मान भी मिला था। निरंजन चार्टर्ड एकाउंटेंट थे। उन्होंने भवन निर्माण के कारोबार की शुरूआत कोई चार दशक पहले की थी। अब उनका समूह दुनिया की सौ सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल है। बेटे दर्शन के अलावा उनकी एक बेटी भी है झ प्रिया। दर्शन का विवाह दिल्ली के व्यवसायी प्रदीप झालानी की बेटी नेहा से हुआ है। प्रिया की शादी लंदन में व्यवसाय कर रहे साइरस वंद्रेवाला से हुई है।पैसे ले कर सवाल पूछने का आरोप महुआ पर लोकसभा में सबसे पहले लगाने वाले भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे राजनीति में आने के पहले एस्सार उद्योग समूह में उच्चाधिकारी थे। कहानी का यह तीसरा पात्र 2009 में पहली बार लोकसभा में आया था। झारखंड की सियासत में विवादों के बादल निशिकांत के आसपास हमेशा से तैरते रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो निशिकांत ने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। तब से वे लगातार अपनी यह कोशिश जारी रखे हुए हैं। लेकिन 2019 में तीसरी बार लोकसभा में चुन कर आने के बावजूद अब तक उन्हें मंत्री नहीं बनाने की वजह सिर्फ प्रधानमंत्री को मालूम है।निशिकांत ने आरोप लगाया है कि महुआ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने के मकसद से अडानी समूह के खिलाफ संसद में सवाल पूछे। उनका कहना है कि महुआ ने इसके लिए हीरानंदानी समूह से कई फायदे तो लिए ही, पैसे भी लिए। अपने पर लगे आरोपों के जवाब में महुआ ने निशिकांत पर मानहानि का मुकदमा ठोक दिया है। निशिकांत ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर कहा है कि महुआ ने सांसद के नाते मिले विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है और उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म की जानी चाहिए।दर्शन हीरानंदानी ने लोकसभा की आचार समिति को दिए अपने हलफामे में कहा है कि महुआ ने अपने अधिकृत संसदीय एकाउंट की लॉग-इन आईडी का पासवर्ड उन्हें दिया था ताकि वे सवाल सीधे ही लोकसभा सचिवालय को भेज सकें। महुआ का कहना है कि दो-तीन दिन पहले तो हीरानंदानी समूह ने सार्वजनिक बयान दिया था कि सारे आरोप बेबुनियाद हैं। अब दर्शन से यह हलफामा प्रधानमंत्री कार्यालय ने दबाव डाल कर दाखिल कराया है। उन्हें धमकी दी गई कि अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो उनके सारे सरकारी ठेके रद्द कर दिए जाएंगे और समूह का पूरा कारोबार चौपट हो जाएगा।किस्से की चौथी किरदार पत्रकार सुचेता दलाल हैं। पिछले चालीस साल में उन्होंने इकॉनामिक टाइम्स, बिजिनेस स्टेंडर्ड और टाइम्स ऑफ इंडिया जैसे कई अखबारों में बतौर वित्तीय पत्रकार काम किया है। उन्होंने हर्षद मेहता शेयर घोटाला, एनरॉन घोटाला, आईडीबीआई बैंक घोटाला और केतन पारीख शेयर घोटाला उजागर करने जैसे धमाके किए हैं। वे पद्मश्री से सम्मानित हैं। पिछले 17 साल से वे अपने पति द्वारा संचालित पत्रिका मनी लाइफ़ के लिए लिखती हैं। सुचेता ने अडानी समूह की कई गड़बडिंों को उजागर करने वाली विस्तृत खबरें लिखी हैं। उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे अडानी के खिलाफ सवाल पूछने में महुआ को सक्रिय मदद कर रही थीं। मगर सुचेता का कहना है कि वे और महुआ तो एक-दूसरे को जानते तक नहीं हैं।कारोबारी संसार की इस घनचक्करी भूलभुलैया में कई खुरपेंच हैं। यह अनायास नहीं है कि पिछले कुछ दशकों में हमारे निर्वाचित और नामजद जनप्रतिनिधियों की जाजम का रंग तेजी से बदला है। एक वक्त समाज सेवा, शिक्षा-जगत और कृषि से जुड़े लोगों का अनुपात संसद और विधानसभाओं में अच्छा-खासा हुआ करता था। अब इन हलकों से आने वाले हाशिए पर हैं। पिछले कुछ दशकों से राजनीति के निर्वाचित दरीचे और समूचे सांगठनिक कैनवस पर कारोबारी विद्याओं में माहिर पेशेवर विशेषज्ञ काबिज होते जा रहे हैं। वे पश्चिमी दुनिया के बड़े-छोटे वित्तीय संस्थानों के छोटे-बड़े पदों पर काम करते हुए सियासत में घुसे हैं। वे निजी कॉरपोरेट संस्थानों की ध्रुव-कुर्सियां संभालने के बाद राजनीति के मंच पर अवतरित हुए हैं। वे अलग-अलग अदालतों में कॉरपारेट दुनिया के अपने मुवक्किल-बादशाहों को न्याय दिलाने के लिए बतौर उनके वकील लड़ते-लड़ते लोकतंत्र के अलग-अलग मंदिरों में पुजारी बने हैं।

कन्या-पूजन नहीं बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत

नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है ह्यनौ रातेंह्न। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों-महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते?

नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है ह्यनौ रातेंह्न। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों-महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। अन्य संस्कृतियों और पौराणिक कथाओं में भी कुछ सबसे प्रमुख देवी माताएँ रही हैं और आदर्श मातृत्व के जीवन के प्रतीक हैं-उदाहरण के लिए, मिस्र के आइसिस, ग्रीक डेमेटर या कैथोलिक धर्म में, मैरीयीशु की माँ के रूप में। लेकिन किसी अन्य संस्कृति में छोटी लड़कियों को देवी के रूप में नहीं पूजा जाता जैसा कि भारत में किया जाता है। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं।

नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। कई जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें ह्यअपवित्रह्न माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए। आज भी भारत में बहूत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दुःख मनाया जाता है। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। इनका आदर करना ईश्वर की पूजा करने जितना ही पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं।

बदलते दौर में देवी की समकालीन समझ की आवश्यकता है, यह देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय है। कुछ साल पहले, टैप रूट इंडिया ने एक अभियान विकसित किया जिसमें तीन मुख्य हिंदू देवियों-दुर्गा, सरस्वती, और लक्ष्मी की छवियों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उनके चेहरे पर चोट और चोट के निशान थे जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का संकेत देते थे। अब समय आ गया है, हो सकता है कि देवी से संबंधित इन सभी प्रतीकों को वर्तमान वातावरण के अनुरूप फिर से कल्पना करने की आवश्यकता हो और छाती ठोकने वाली ह्लजय माता दी, माता की जयह्न की देवी पूजा को यदि प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है तो इसका लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक सम्मान करने की आवश्यकता है। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? केवल पुलिस के डंडों से नैतिकता नहीं संवरती, उसके लिए नैतिक प्रयास भी करने होंगे। इसके साथ ही आरक्षण द्वारा कुछ महिलाओं को पंचायत, निगमों या भविष्य में संसद या विधानसभाओं में भेजने पर भी महिलाएं तब तक सशक्त नहीं हो सकतीं, जब तक समाज में स्वस्थ वातावरण नहीं होगा।

बहुत से घरों में लड़कियों को वह स्थान और सम्मान नहीं जो परिवार के बेटों को है। हमारे समाज के कुछ प्रमुख व्यक्ति और राजनीतिक नेता भी केवल कागजी भाषण देने में तो शेर है, पर घर के अंदर प्रवेश करते ही या भूल जाते हैं कि बाहर महिला अधिकार के लिए क्या-क्या भाषण देकर आए हैं? कितना अफसोस है कि जो संविधान महिला को राष्ट्रपति बना सकता है वह किसी मंदिर की मुखिया नहीं बना सकता। आज भी कुछ मंदिर ऐसे हैं जहाँ महिलाओं को प्रवेश नहीं करने दिया जाता। परिवार के मुखिया पुरुष की मृत्यु के समय पगड़ी बेटियों के सिर पर रख दी जाती है। जब महिला की मृत्यु होती है उसकी बेटियां या बहू ऐसा अधिकार नहीं रखती जो बेटे या पति को रहता है। बहुत से समुदाय में तो बिरादरी में बाँधी जा रही पगड़ी को महिलाएं हाथ भी नहीं लगा सकती। देश के समाचार पत्रों में, टीवी चैनलों की खबरों के बुलेटिन के साथ एक दिन भी ऐसा नहीं जाता जब देश के किसी न किसी भाग में बालिग अथवा नाबालिग के साथ दुराचार का समाचार न मिले। समाचार मिलता है कि एक युवती का अपहरण हुआ और कार में ही उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद सड़क पर फेंक गए। इन समाचारों के अधिक उदाहरण देना आवश्यक नहीं, क्योंकि दुर्भाग्य से हमें प्रतिदिन यही सुनना और देखना पड़ता है। कन्या पूजन के साथ हमें यह संकल्प लेना होगा कि जिस लड़की की हम पूजा कर रहे हैं मंदिर की पुजारी क्यों नहीं बन सकती? कम से कम जो देवियों के मंदिर है वहां की पूजा तो महिलाएं करें। इसमें तर्क भी है समाज सोचे तो सही? मंदिर के अध्यक्ष क्यों नहीं बन सकती? ढोलक बजा सकती है, लंगर पका सकती है। लेकिन कुछ विशेष मंदिरों में उसी देव मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकती जिनके गीत गाकर वो गला फाड़ लेती है या उनके लिए खाना बना कर भोग लगाती है। याद रखना होगा कि समाज को तो मानसिकता बदलनी है ही पर पहले महिलाओं को मानसिकता बदलनी होगी। नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके।

किसानों की समृद्धि के साथ-साथ उन्नत खेती से हो रहा है सूबे का विकास

बिहार के कुल 94163 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के 76 फीसदी हिस्से में खेती होती है। वर्तमान में 72349 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में खेती हो रही है। वहीं राज्य के 5713 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जंगल है। राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 6 फीसदी हिस्से में जंगल है। सबसे पहले बिहार मुख्य रूप से एक मैदानी क्षेत्र है जो कृषि के लिए बेहतर माना जाता है। बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्र लगभग 93.60 लाख हेक्टेतयर है, जिसमें से केवल 52.42 लाख हेक्टेजयर (कुल क्षेत्रफल के 56%) पर ही खेती होती है जबकि राज्ट में लगभग 79.46 लाख हेक्टेतयर भूमि कृषि योग्ट है। सर्वाधिक बुआई क्षेत्र 2.83 लाख हेक्टेयर पूर्वी चंपारण में है तथा सबसे कम 0.23 लाख हेक्टेयर शिवहर में है।गंगा नदी क्षेत्र में खेतिहर भूमि होने के कारण कृषि के लिए उपयुक्त और उपजाऊ साबित होती है। देश में धान की उपज सबसे अधिक बिहार में होता है। कृषि के दृष्टकोण से मैदानी भाग को सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। बिहार में देश के सब्जी का 9% तथा फलों का 8% उत्पादन होता है। लीची, मधु तथा मखाना उत्पादन में तो राज्य अव्वल है।

कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। यहां की 60 प्रतिशत भूमि कृषि कार्य के लिए उपयोग में लायी जाती है। यह अनुपात भारत के लिए 42 प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक है। दो कारणों से खेती योग्य भूमि का इतना अधिक अनुपात होना संभव है। बिहार के कुल 94163 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के 76 फीसदी हिस्से में खेती होती है। वर्तमान में 72349 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में खेती हो रही है। वहीं राज्य के 5713 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जंगल है। राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 6 फीसदी हिस्से में जंगल है। सबसे पहले बिहार मुख्य रूप से एक मैदानी क्षेत्र है जो कृषि के लिए बेहतर माना जाता है। बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्र लगभग 93.60 लाख हेक्टेतयर है, जिसमें से केवल 52.42 लाख हेक्टेजयर (कुल क्षेत्रफल के 56%) पर ही खेती होती है जबकि राज्ट में लगभग 79.46 लाख हेक्टेतयर भूमि कृषि योग्ट है। सर्वाधिक बुआई क्षेत्र 2.83 लाख हेक्टेयर पूर्वी चंपारण में है तथा सबसे कम 0.23 लाख हेक्टेयर शिवहर में है।गंगा नदी क्षेत्र में खेतिहर भूमि होने के कारण कृषि के लिए उपयुक्त और उपजाऊ साबित होती है। देश में धान की उपज सबसे अधिक बिहार में होता है। कृषि के दृष्टकोण से मैदानी भाग को सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। बिहार में देश के सब्जी का 9% तथा फलों का 8% उत्पादन होता है। लीची, मधु तथा मखाना उत्पादन में तो राज्य अव्वल है। यहां देश के कुल उत्पादन का 88% लीची, 83% मखाना तथा 50% मधु पैदा किया जाता है। कृषि आधारित तथा खाद्य-प्रसंस्करण उद्योगों के विकास की यहां अच्छी संभावना है। बिहार मे प्रमुख रूप से 8 प्रकार की अनाज वाली फसलें उगाई जाती है। तीन मुख्य अनाज की फसलें मक्का, गेहूं और चावल हैं। बिहार में अरहर, उड़द, मूंग, चना, मटर, मसूर और खेसारी जैसी दालें उगाई जाती हैं। बिहार में उत्पादित मुख्य सब्जियों में आलू, प्याज, बैंगन और फूलगोभी शामिल हैं। राज्य में कृषि के विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन यथा उपजाऊ मिट्टी, जल एवं कृषि जलवायीय परिस्थितियाँ उपलब्ध है। राज्य में कृषि के त्वरित विकास के लिए वर्ष 2006 से लगातार कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं। बिहार में कृषि के सर्वांगीण विकास एवं किसानों को केन्द्र-बिन्दु में रखते हुए कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास के लिए ह्यकृषि रोड मैपह्न की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कृषि रोड मैप का कार्यान्वयन वर्ष 2008 से 2012 तथा दूसरे कृषि रोड मैप का वर्ष 2012 से 2017 तक कार्यान्ह्लवयन किया गया। वर्ष 2017 से 2023 तक तृतीय कृषि रोड मैप का कार्यान्वयन पर किया जा रहा है। तीसरे कृषि रोड मैप में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के 12 विभागों की योजनाओं पर 1.54 लाख करोड़ रुपए व्यय होंगे। कृषि रोड मैप का चरम लक्ष्य प्रत्येक भारतीय की थाल में बिहार का एक व्यंजन पहुँचाने का संकल्प है।

राज्य में आधुनिक एवं नवीनत्तम बीज के उत्पादन तथा इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं, जैसे कि मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, बीज ग्राम योजना एवं अनुदानित दर पर प्रमाणित बीज वितरण कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये। राज्य के विशिष्ट कृषि उत्पादों के निर्यात एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अभी तक राज्य के 04 विशिष्ट कृषि उत्पादों यथा मुजफ्फरपुर की शाही लीची, भागलपुर का जदार्लू आम एवं कतरनी धान और मगही पान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान (जी.आई.टैग) मिली है। भारत सरकार द्वारा इसे भौगोलिक दर्शन पत्रिका में राज्य के बौद्धिक सम्पदा अधिकार अन्तर्गत प्रकाशित किया गया है। साथ ही, मिथिला मखाना और मरचा धान का चुड़ा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान (जी.आई.टैग) दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में बीजों की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। इसी को ध्यान में रखकर कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2006-07 में सभी 241 राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों पर आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साथ ही, बिहार राज्य बीज निगम से संबद्ध प्रमाणित बीज उत्पादक किसानों के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज का उत्पादन कराया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से राज्य में बीज प्रतिस्थापन दर में उत्साहवर्द्धक वृद्धि दर्ज की गई है। कोरोना संक्रमण काल में देश में पहली बार राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनके घर तक बीज पहुंचाया गया, जिसकी सराहना भारत सरकार द्वारा भी की गयी है और इस मॉडल को सभी राज्यों को अपनाने की अनुशंसा की गयी है। राज्य में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फुटस, देसरी, वैशाली और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर भेजीटेबल्स, चण्डी, नालंदा का निर्माण वर्ष 2014-15 में कराया गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्रूट्स, देसरी, वैशाली में अभी तक लगभग 35.20 लाख फल पौध सामग्री तैयार की गयी जबकि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल्स, चण्डी, नालंदा में अभी तक लगभग 60 लाख सब्जी पौध सामग्री तैयार की गयी है। दोनों सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अभी तक लगभग 3,713 कृषको को फल एवं सब्जी के गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री के उत्पादन तथा शष्य क्रियाओं आधारित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। किसानों के खेत का मिट्टी जांच तथा इसके आधार पर स्वायल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए राज्य के 38 जिलों में जिलास्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं एवं प्रत्येक प्रमंडल में कुल 09 चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशाला कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, पटना जिला के अंतर्गत पालीगंज वितरणी कृषक सहयोग समिति एवं 24 ग्रामस्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला में मिट्टी नमूनों की जांच की जाती है। विगत 15 वर्षों में 47,31,658 मिट्टी नमूनों के विश्लेषण करते हुए 1,45,41,590 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। राज्य के सभी 8405 पंचायतों में पंचायत कृषि कार्यालय, 474 प्रखण्डों में ई-किसान भवन, जिला कृषि भवन का निर्माण 27 जिलों यथा कैमूर (भभुआ), जहानाबाद, अरवल, शिवहर, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बांका, लखीसराय, जमुई, शेखपुरा, मधुबनी, रोहतास, औरंगाबाद एवं गोपालगंज, बक्सर, नवादा, सिवान, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, बेगूसराय, कटिहार, समस्तीपुर एवं खगड़िया में जिला स्तरीय तथा 03 जिलों यथा गया, मुंगेर एवं पूर्णियां में प्रमण्डल स्तरीय संयुक्त कृषि भवन का निर्माण किया गया। साथ ही, राज्य स्तर पर बामेती भवन तथा मीठापुर (पटना) में कृषि भवन, बिहार का निर्माण कराया गया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत भूमि एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से सूक्ष्म सिंचाई योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2011-12 से भूमि संरक्षण निदेशालय एवं बिहार जलछाजन विकास समिति द्वारा विभिन्न योजनांतर्गत कुल 35,214 संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके अंतर्गत 10,297 विभिन्न आकार के जल संचयन तालाब, 2,810 मेढ़बंदी, 6,652 आहर पाईन का जिर्णोद्वार, 1,578 पक्का चैक डैम, 722 सामुदायिक तालाब का जिर्णोद्वार, 4,043 साद अवरोधक बांध, 989 मिट्टी के बांध, 1,455 सिंचाई कूप एवं 6,718 अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। उक्त संरचनाओं के निर्माण से कुल 85,486 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। संरचनाओं के निर्माण से दक्षिणी बिहार के 08 जिलों में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार भूमि जल स्तर में 1 फीट से 17 फीट तक वृद्धि पाई गयी है। संरचनाओं का निर्माण तथा भूमिगत जलस्तर में वृद्धि के फलस्वरूप किसानों द्वारा वर्ष में एक से अधिक फसल लिया जा रहा है, जिससे परियोजना क्षेत्र में फसल उत्पादकता में 17 से 29 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। बिहार में कृषि के विकास के लिए राज्य सरकार

संक्षिप्त खबरें

ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मां की चैतन्य झांकी का शुभारंभ

सहरसा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र शान्ति अनुभूति भवन में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की चैतन्य झांकी का शुभारंभ हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। इस मौके पर उनकी आरती एवं वंदना की गई।

स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी बीके स्नेहा बहन ने कहा कि देवियों की मूर्ति के आगेनमनकर,उनकीवंदना,अर्चना,आराधना कर हम उनसे आशीष मांगते हैं।वो शिव शक्तियां स्वयं सर्वशक्तिवान निराकार परमपिता परमात्मा शिव से शक्ति लेकर इस झांकी द्वारा चैतन्य में भक्तजनों को देवी के रूप में अपना दीदार करा रही हैं।कोशी वासियों के लिए यह बहुत ही सुंदर अवसर है।जहां वे लाइट एंड साउंड के सुंदर समन्वय के साथ चैतन्य देवियों का दर्शन बड़ी सुलभता से कर सकेंगे। सप्तमी को शुरू हुई झांकी नवमी को संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भक्तजनों के लिए खुली रहेगी। झांकी के शुभारंभ के अवसर पर आरपीएफ इंस्पेक्टर वंदना कुमारी ,व्यवसायी महादेव भीमसरिया, समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, धीरेंद्र सिंह, कैलाश पचेड़िया आदि भी मौजूद रहे।

डीएसपी ने बीते रात्रि में चलाया वाहन जांच अभियान

मधुबनी जयनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।शहिद चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया।डीएसपी ने कहा की है कि जयनगर अनुमंडल क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। इस दौरान वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

मधुबनी 48वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी डिगियाटोल और फुलहर के जिम्मेवारी के इलाके मे गृह मंत्रालय नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के पर्यवेक्षण में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ गुर्विन्दरजीत सिंह कमांडेंट पशु चिकित्सक के द्वारा कुल 361 मवेशियों को इलाज किया गया है तथा कुल रुपए 15116 कीमत की निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया है ।इस दौरान डॉ गुर्विन्दर जीत सिंह कमांडेंट पशु चिकित्सा ने ग्रामीणों को मवेशियों में होने वाली बिमारियों के विषय में अवगत कराया और उनसे बचाव के उपाय भी बताए एवं जानवरों के उन्नत नस्लों के बारे में भी जानकारी दी । सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है । इस कार्यक्रम में 01 अधिकारी 01 अधीनस्थ अधिकारीव अन्य 15 बल्कर्मी एवं 111 ग्रामवासी शामिल हुए।

छात्र संगठन आइसा विश्वविद्यालय मुख्यालय का पूर्ण तालाबंदी कर करेगा चरणबद्ध आंदोलन : अरमान अली

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बीएन मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत टीपी कॉलेज मधेपुरा में राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली के अध्यक्षता में छात्र संगठन आइसा बीएनएमयू इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बीएनएमयू में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता, प्रशासनिक मनमानी, कमेटी विस्तार और बीएनएमयू में आगामी चरणबद्ध आंदोलन की तैयारियों की रणनीति पर चर्चा की गई। आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा आइसा हमेशा छात्रहित में संघर्षरत रहा है। कॉलेज विश्वविद्यालय या फिर सरकार के छात्र विरोधी नीतियों पर हमेशा मुखर होकर सवाल किया है। बीएनएमयू विश्वविद्यालय में प्रशासनिक तानाशाही एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। छात्रों की समस्या और प्रशासनिक मनमानी पर कुलपति मौन धारण किए हुए हैं। छात्रों की एक बड़ी संख्या को मूल प्रमाण पत्र के लिए विश्वविद्यालय से लौटना पड़ता है।अगर छात्र नौकरियों से वंचित रह जाते हैं तो बीएनएमयू प्रशासन को इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ आइसा बर्दाश्त नहीं करेगी। बीएनएमयू विश्वविद्यालय में छात्र संगठन आइसा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा गरीब, शोषित, वंचित, दलित समाज के दूरदराज से आए छात्रों का बड़े पैमाने पर शोषण किया जाता है। छात्र संगठन आइसा ने पूर्व में कई भ्रष्ट पदाधिकारियों के खिलाफ आंदोलन एवं तालाबंदी भी किया था जिसे तात्कालिक कुलपति एवं वर्तमान कुलपति महोदय द्वारा आज तक सकारात्मक पहल नहीं किया गया एवं दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।अतः छात्र संगठन आइसा अब बीएनएमयू में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। बीएनएमयू के सभी पदाधिकारी अपने पद की सिर्फ खानापूर्ति कर रही है एवं छात्रों की भविष्य की कोई चिंता नहीं है। अध्यक्ष अरमान अली ने कहा छात्र संगठन आइसा अब अपने सभी क्रांतिकारी साथियों के साथ विश्वविद्यालय मुख्यालय का पूर्ण तालाबंदी करेगी एवं चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके पर बीएनएमयू मीडिया प्रभारी राजकिशोर राज ने कहा विश्वविद्यालय के कुछ भ्रष्ट पदाधिकारियों का छात्रों के प्रति उदासीन रवैया निंदनीय है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीएनएमयू आइसा नेता अजय कुमार ने कहा बीएनएमयू प्रशासन राजनीतिक दबाव में सभी फैसले लेती है और छात्र संगठन आइसा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राजकिशोर राज, अजय कुमार, इफ्तिखार आलम, मो. अफजल, अभिषेक कुमार, संतोष कुमार, प्रेम कुमार, संजीव कुमार, राकेश कुमार, राकेश कुमार, अफरोज आलम आदि सभी मौजूद थे।

चार दिन पूर्व शराब मामले में फरार तस्कर को काकरौल से किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने कांड में फरार चल रहे एक शराब कारोबारी को गुप्त सूचना के आधार पर ककरौल गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।बताते चले की चार दिन पूर्व ककरौल गांव में एक मोटर साइकिल पर सवार चार व्यक्ति शराब के नशे में हो हंगामा अनाप सनाप गाली गलौज करते हुए कपिलेश्वर स्थान के तरफ एक बाइक पर ही सवार होकर हुरदंग मचाते हुए गया था।उक्त चारो व्यक्तियो को जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग कपिलेश्वर स्थान के पास एनएच 527बी पर हो हंगामा करते हुए चारो को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु भेज दिया गया। गिरफ्तार चारो शराबियो ने शराब बेचने वाले का नाम बताया गया था उसी आधार पर उक्त कारोबारी को ककरौल गांव निवासी शम्भू राय के पुत्र राजा राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया। उक्त जानकारी रहिका थाना अध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने दी।

शिव शिष्य परिवार नें नवरात्र अष्टमी को पटेल मैदान में चलाया साफ-सफाई अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा स्वच्छ भारत सुन्दर भारत अभियान के तहत शारदीय नवरात्र के महाष्टमी,रविवार को पटेल मैदान में शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरु भाई एवं बहनों ने साफ सफाई अभियान चलाकर शहर वासियों को एक नया संदेश दिया।अभियानी को सम्बोधित करते भाई परमेश्वर ने कहा कि विगत 15 वर्षो से न्यास के सदस्यों द्वारा बिहार राज्य के सभी जिला सहित भारत के विभिन्न प्रान्तों में शिव शिष्या दीदी नीलम आनन्द की जन्मदिन तथा पुण्यतिथि पर साफ सफाई,स्वच्छता अभियान के तहत भारी संख्या में वक्षारोपण किया जाता रहा है।उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के सदस्यों ने शिव शिष्यता के जनक साहब हरीन्द्रानन्द जी के जन्मोत्सव पर यह निर्णय लिया था कि पर्यावरण एवं स्वच्छता से मानव स्वास्थ्य की ख्याल रखते हुए वे सभी कार्य करते रहेंगे जिससे समाज के सभी लोगो की भलाई होगी।उन्होंने कहा कि अगामी 5 नवम्वर को आयोजित पटेल मैदान में विराट शिव गुरु महोत्सव के मद्देनजर शहर के सभी सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई किया जाऐगा ताकि 5 नवम्वर को फाउंडेशन के अध्यक्षा बरखा आनन्द एवं साहब श्री के आप्त सचिव सह मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द जी के आगमन पर लोगों को स्वच्छता के प्रति सजगता और जागरुकता का संदेश देकर शिव का शिष्य होने के लिए प्रेरित किया जाऐगा।मौके पर विराट शिव गुरु महोत्सव के आयोजन समिति सदस्य डोमी राम,जटेश्वर राय,राजकुमार यादव,राजेश जी,प्रणव जी,शशि यादव,गुलशन राय,जटा जी अनिल जी,ओम प्रकाश जी,नारायण जी,शिव शंकर जी,गिरिवर जी,गुरु बहन उषा जी,किरण जी,रंजु जी,गुड्डी जी,रीना जी,सविता जी,गुड़िया जी आदि उपस्थित थे।

मेयर ने दुर्गा पूजा में आयोजित मेला को किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

सौरबाजार/ सहरसा- महा सप्तमी पुजा के दिन प्रखंड के तीरी दुर्गा मंदिर में आयोजित मेले का उद्घाटन सहरसा नगर निगम के मेयर बैन प्रिया, भावी लोक सभा प्रत्याशी उम्मीदवार डां सिलेंद कुमार, डां राकेश पंडीत,डां अंजेश मणी उर्फ कुंवर जी, डां संजय पंडीत, डां अभिनव प्रकाश,स्थानीय मुखिया हरिनंदन सादा,पुर्व मुखिया प्रतिनिधी नवल किशोर यादव,उप मुखिया महावीर यादव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। वही मुख्य आयोजक कृत्यानंद शर्मा, अनिल कुमार एवम राहुल कुमार के सहयोग के इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ । उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि ने पुजा पंडाल की तैयारी की तारीफ की, जबकी स्थानीय मुखिया हरिनंदन सादा ने कहा कि हर वर्ष यहां भव्य तरीके से आयोजन होता हैं। समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरी मेहनत से काम करते हैं। सहरसा नगर निगम के मेयर बैन प्रिया ने भी समिती द्वारा की गई व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। डां सिलेंद कुमार ने कहा कि मेला समिति के द्वारा हमे मेला में हिस्सा दिया गया। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप हमें जरुर याद करेंगे। हम आपको हर परिस्थिति में साथ देने का प्रयास करुंगा। इस दौरान सभी ने मां दुर्गा से कृपा बरसाने की प्रार्थना की और साथ ही पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर मेला अध्यक्ष साजन झा,जय जय राम,नरेश पंडीत,विपीन मिश्रा,अमर कुमार, अमित कुमार, हेमकांत चौधरी,सुमन झा समेत अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

आपराधिक घटना को अंजाम देने से पूर्व अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की पुलिस ने अपराध करने से पहले ही एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देशी पिस्टल एवं 7 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुस्ता स्थित रेलवे गुमटी के पास से कुछ अज्ञात अपराधकर्मी अवैध हथियार के साथ गुजरने वाले हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष सदर द्वारा एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त कुन्दन कुमार, पिता शिवचन्द्र ठाकुर, ग्राम हरिशंकर मनियारी, थाना- मनियारी को रंगे हाथ एक अवैध देशी पिस्टल एवं 07 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। एसएसपी राकेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कुंदन एक पेशेवर अपराधी है, इसके खिलाफ जिलांतर्गत कई थानों में कॉड दर्ज है, जिनका पता किया जा रहा है।

मेयर ने किया तीरी में सबसे बड़े दुर्गा पूजा पंडाल और मेला का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

सौरबाजार/ सहरसा- महा सप्तमी पुजा के दिन प्रखंड के तीरी दुर्गा मंडप के पंडाल और मेले का उद्घाटन सहरसा नगर निगम के मेयर बैन प्रिया, भावी लोक सभा प्रत्याशी उम्मीदवार डां सिलेंद कुमार, डां राकेश पंडीत,डां अंजेश मणी उर्फ कुंवर जी, डां संजय पंडीत, डां अभिनव प्रकाश,स्थानीय मुखिया हरिनंदन सादा,पुर्व मुखिया प्रतिनिधी नवल किशोर यादव,उप मुखिया महावीर यादव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि ने पुजा पंडाल की तैयारी की तारीफ की, जबकी स्थानीय मुखिया हरिनंदन सादा ने कहा कि हर वर्ष यहां भव्य तरीके से आयोजन होता हैं। समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरी मेहनत से काम करते हैं। सहरसा नगर निगम के मेयर बैन प्रिया ने भी समिती द्वारा की गई व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। डां सिलेंद कुमार ने कहा कि मेला समिति के द्वारा हमे मेला में हिस्सा दिया गया। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप हमें जरुर याद करेंगे। हम आपको हर परिस्थिति में साथ देने का प्रयास करुंगा। इस दौरान सभी ने मां दुर्गा से कृपा बरसाने की प्रार्थना की और साथ ही पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर मेला अध्यक्ष साजन झा,जय जय राम,नरेश पंडीत,विपीन मिश्रा,अमर कुमार, अमित कुमार, हेमकांत चौधरी,सुमन झा समेत अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने लेडी फुटवियर किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी फुलर के जिम्मेवारी के इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा लगाए गए नाके के दौरान भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 288/16 से लगभग 100 मीटर भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से मोटरसाइकिलों पर नेपाल ले जाते हुए भारी मात्रा में लेडी फुटवियर को जब्त किया गया है।जब्त किए गए सामान एवं दो मोटरसाइकिलों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन के सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

बोचहा हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पिछले दिनों बोचहा चौमुख गांव में मुकुल कुमार नामक युवक के हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहां के मझौलिया निवासी मुकुल कुमार चौमुख गांव में अपने नाना रआजनआरआयण के घर गया हुआ था। जहां कुछ युवकों ने उसे कीर्तन देखने के नाम पर घर से बुलाकर उसकी गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस सम्बंध में मृतक के पिता सत्येन्द्र भगत ग्राम झपहाँ मझौलिया थाना अहियापुर द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर बोचहाँ थाना कांड सं0-506 / 23 दिनांक- 19.10. 2023 धारा 302/201 / 34 भ0द0वि० दर्ज किया गया। वादी ने चौमुख निवासी बिरबल कुमार पिता देवराज महतो एवं दीपक सहनी पिता अरूण सहनी पर अपने बेटे को कीर्तन दिखाने के बहाने हत्या कर देने का जिक्र किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, पूर्वी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनिकी एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त . बिरवल कुमार को उसके ससुराल मोहम्मदपुर थाना - सकरा जिला-मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं।उक्त गिरफ्तार अपराधकर्मी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ।छापामारी की जा रही है।

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्नता को लेकर फ्लेग मार्च निकाला गया

मधुबनी। जयनगर प्रशासन ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्नता को लेकर फ्लेग मार्च निकाला जिसका नेतृत्व डीएसपी विप्लव कुमार ने किया। फ्लेगमार्च थाना परिसर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्ग होते हुये ग्रामीण इलाकों से गुजरा। तथा गांव होते हुये थाने पहुंचकर समापन हुआ। प्रशासन ने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व भक्तिमय माहौल में मनाने की लोगो से अपील भी किया असमाजिक व उपद्रवी तत्वो पर नकेल को लेकर सादे वेश में पुलिस बल को पैनीनजर रखने को कहा है। ताकि कोई भी शरारती तत्व पूजा तथा मेला में उपद्रव नही फैला सके। दशहरा तक चौक चौराहा पर पुलिस बल की तैनाती किया गया है। प्रतिबंधित डीजे साउंड बजाने वालो पर कड़ी चेतावनी दिया गया है। जो पकड़े जाते है उनपर विधिसम्मत कारवाई किया जाऐगा। फ्लेग मार्च में थानाध्यक्ष आशुतोष रंजन व अपर थानेदार गोपाल कृष्ण एसआई मुकेश कुमार शुभम कुमार संतोष कुमार पैंथर शुभम कुमार सिंह चंदन कुमार समेत अन्य अधिकारी व जवान चौकीदार तथा एसएसबी के जवान शामिल थे।

नवदुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित हुईं नौ स्त्री रत्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार गुरु और मिशन भारती रिसर्च इनफॉरमेशन सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्य क्षेत्र में अपनी विशिष्टतम उपलब्धियों के लिए ह्यनवदुर्गा शक्ति सम्मानह्ल से सम्मानित हुईं मुजफ्फरपुर की नौ स्त्री रत्न। मातृशक्ति को सम्मानित करने के पांचवें वर्ष में डॉ सुमन मेहरोत्रा, साहित्यकार , डॉ रेणु बाला, शिक्षाविद् ,अंजना प्रियदर्शिनी, चित्रकार ,इंदुबाला शर्मा, लोक गायिका, डॉ ज्योति, चिकित्सा , डॉ सोनी, शिक्षाविद्, संगीता कुमारी साह, मुजफ्फरपुर पर शोध, कुमारी निशा, खेलकूद , स्मृति सिंह, आहार विशेषज्ञ (डायटिशियन) को चुनरी, स्मृति चिन्ह और फूल प्रसाद से सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत मिशन भारती और बिहार गुरु के अध्यक्ष अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा ने चुनरी और पुष्प प्रसाद के साथ किया। सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि रामदयालु सिंह महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अमिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को देवी के रूप में पूज्य माना गया है। दुगार्पूजा के पावन अवसर पर सम्मानित करने की यह गौरवशाली परंपरा संस्कृति, संस्कार, परिवार, समाज, राष्ट्र और मूल्य को समृद्धि प्रदान करेगी। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ संजय पंकज ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज को हर तरह से समृद्ध करने का काम मातृशक्ति ही करती है। लक्ष्मी सरस्वती और दुर्गा के रूप में हम उन्हें पूज्य मानते हुए स्वयं को गौरवान्वित और धन्य करते हैं। मातृशक्ति के बिना संसार और स्नेह की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। यह सम्मान हमारे हृदय के उद्गार और प्रणाम के रूप में मातृशक्ति को निवेदित है। आचार्य रंजीत नारायण तिवारी के मंगलाचरण से शुरू इस सम्मान समारोह में शंभूनाथ चौबे, मुकेश त्रिपाठी, रविंद्र प्रसाद सिंह, डॉ अशोक शर्मा, महंत मृत्युंजय दास, मुकेश सिंह, राम प्रवेश सिंह, अमर बाबू, प्रेमभूषण, सुधांशु राज, सुनील गुप्ता, अन्नू सिंह, राजीव रंजन, डॉ राजीव कुमार, मीनू कुमारी, सविता राज, विजय पांडे, सुगंध कुमार, मनोज वत्स, अखिलेश चंद्र राय, गणेश प्रसाद सिंह, संजीव साहु, साकेत शुभम, सतीश साथी आदि की गरिमामई उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश त्रिपाठी ने किया।

डॉ. पंकज कुमार मिश्र वाग्भूषण सम्मान से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला के चैनपुर गांव के निवासी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के सेण्ट स्टीफन्स कॉलेज के संस्कृत विभाग के डॉ पंकज कुमार मिश्र को वाग्भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है।डॉ पंकज चैनपुर निवासी पिता स्व हरेकृष्ण मिश्र, स्वतंत्रता सेनानी एवं पुर्व प्राध्यापक कलावती उच्च विद्यालय वनगांव तथा माता स्व शान्ति देवी के संतान हैं।रविवार को मैत्रेयी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड साइन्स, डार्टमोर्थ, यू एस ए तथा काउन्सिल ऑफ इंडिक स्टडीज एण्ड रिसर्च नई दिल्ली के द्वारा डॉ पंकज कुमार मिश्र को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष संस्कृत के उन बुद्धिजीवियों को दिया जाता है। जिन्होंने संस्कृत अनुसंधान और अध्ययन में योगदान दिया है और उन्नत किया है और लगातार उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। संस्कृत के प्रख्यात विद्वान डॉ मिश्र ने दुनिया भर में संस्कृत भाषा को फलने-फूलने के लिए प्रोत्साहित किया है।डॉ मिश्र अभी हाल में ही पर्यटन मन्त्रालय बिहार सरकार के द्वारा आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव महिषी आए थे। जहां वे वर्षों से मण्डन मिश्र के दर्शन और जीवन पर अपने विचार व्यक्त करते रहे हैं। श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव में लगातार अपने व्याख्यान से प्रेरणा पाकर ही इन्होंने मण्डन के सारे ग्रंथों का एक साथ पहली बार भूमिका सहित प्रकाशन करवाया है। संस्कृत को आधुनिकता से जोड़ कर लोगों के मध्य रखने वाले डॉ मिश्र के इस सम्मान से सहरसा सहित समस्त मिथिलावासी तथा चैनपुर में उनके स्वजन व परिजन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सम्मान प्राप्ति हेतु उन्हें आर एम कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी, डॉ ललित नारायण मिश्र, डॉ किशोर नाथ झा, डॉ राजीव कुमार झा, असिस्टेंट प्रो डॉ अक्षय कुमार चौधरी, डॉ कमलाकांत झा, डॉ आलोक कुमार झा, सर्वनारायण सिंह राम कुमार सिंह कॉलेज के डॉ संजय कुमार चौधरी, एम एल टी कॉलेज सहरसा के डॉ संजीव कुमार झा, डॉ मनोज कुमार सिंह, दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ सुरेश्वर झा, मिथिला अभियानी किसलय कृष्ण, देवता निभा राजनारायण फाउंडेशन की संस्थापक व जदयू की प्रदेश महिला महासचिव शांतिलक्ष्मी चौधरी, जदयू के प्रदेश सचिव प्रभात रंजन झा, नेपाल के मैथिली अभियानी प्रवीण नारायण चौधरी, डॉ. परमेश्वर कापड़ि, डॉ श्याम सुंदर शशि, साउथ बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के डॉ सुमित कुमार पाठक, महावीर मंदिर पटना द्वारा प्रकाशित धर्मायण के संपादक पं भवनाथ झा, साहित्यकार मुक्तेश्वर सिंह मुकेश, श्री उग्रतारा मंदिर न्यास समिति के सचिव केशव चौधरी, केन्द्रीय विश्वविद्यालय पूरी के डॉ. उदय नाथ झा ह्यअशोकह्ल इत्यादि ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी है।

खोइछा भरने को लेकर महिला श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय स्थित श्री श्री108 दुर्गा पूजा समिति भौआरा वैष्णवी दुर्गा मंदिर प्रांगण मे वैष्णवी माता रानी की पट खुलते ही देवी भक्तों की भारी भीड़ उमर पड़ी।जयकारों के गूंज उठा मंदिर परिसर के अलावे आस पास के गांव वही महिला श्रद्धालुओं ने माता रानी की खोइछ भर कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की. हजारों हजार की तादाद मे महिला श्रद्धालुओं माता रानी की खोइछ भरते देखी गई।बताते चले की यह नवरात्रि पूजा दस दिवसीय मनाया जाता है।नवरात्रि पूजन में मेले का भी आयोजन किया जाता है मेले में विभिन्न प्रकार के मीना बाजार सहित मिठाई की दुकान आदि प्रकार की दुकान लगाई जाती है साथ ही बच्चों को मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार का झूले का भी पूजा कमेटी के द्वारा आयोजन किया जाता है।संध्या में भजन संकीर्तन व महा आरती का भी आयोजन किया जाता है आरती में काफी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलती है नवरात्रि आते ही आस पास के गांव भक्ति मय में गूंजने लगती है रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। पूजा कमिटी अध्यक्ष ने बताया कि भौअरा वैष्णवी दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाया जाता है जिसमे देवी भक्तो का भरपूर सहयोग रहता है। कोई भक्त माता का प्रतिमा बनाने के खर्च उठाते हैं तो कोई सजावट का इसी प्रकार सब एक दूसरे का भरपूर सहयोग रहता है। इस दुर्गा पूजा समिति पदाधिकारी सह कार्यकारणी सदस्य सूर्य नारायण दास अध्यक्ष,सचिव प्रमोद कुमार गुप्ता,कोषध्यक्ष अरुण कुमार राय,उपाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र, प्रभात चंद्र मिश्र, दिलीप कुमार सिंह, संयुक्त सचिव मनीष कुमार दास,कौशल मंडल,विकास कुमार सिंह, पूजा सचिव प्रणव कुमार मिश्र,मेला प्रभारी तपेश कुमार दास के साथ अन्य सदस्य व कार्यकारणी के रूप में विभिन्न पद पर कार्यरत है।

संक्षिप्त खबरें

सांसद ने कल्याणपुर दुर्गा पूजा मेला का किया शुभारंभ

मुंगेर। नवरात्र में लोग मां दुर्गा की पूजा पूरी अवस्थाओं विश्वास के साथ करते हैं सभी लोग आपसी भाईचारे सद्भाव के साथ माता की आराधना करें, इससे देश राज्य में शांति सद्भाव का भाव कायम रहेगा, ये बातें मुंगेर सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को कल्याणपुर बड़ी दुर्गा मंदिर परिसर में मेला उद्घाटन के मौके पर कहा। उन्होंने कहा है, बड़ी दुर्गा महारानी के प्रतिमा तीन सौ वर्ष से ज्यादा समय से स्थापित की जा रही है। मां की महिमा अपरंपार है मां दुर्गा की आराधना शक्ति की आराधना है सांसद ने क्षेत्र और देश की खुशहाली के लिए बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ ही नारियल फोड़कर मेले का उद्घाटन किया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पूजा समितियां को किया जाएगा सम्मानित

मुंगेर। जिलेभर में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए लेकर 11 अक्टूबर को संपन्न जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार दुर्गा पूजा समितियां की ओर से पूजा पंडालों में की गई व्यवस्था अनुशासन व आदेश के पालन तथा विद्युत सज्जा आदि के आधार पर श्रेष्ठ तीन दुर्गा पूजा समितियां को चिन्हित कर उन्हें सम्मानित किया जाना है। इसको लेकर डीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है ऐसे में सभी लाइसेंस धारकों पूजा पंडाल का निरीक्षण कर श्रेष्ठ पूजा कमेटी का आकलन पर प्रपत्र में उल्लेखित बिंदुओं जैसे विधि व्यवस्था अनुज्ञप्ति के निर्धारित शर्तों के पालन पार्किंग व्यवस्था सजावट विद्युत साज स्वयंसेवक की प्रतिनिधि विसर्जन व पूजा के लिए निर्धारित समय तथा निर्धारित मार्ग का अनुपालन आदि मनको के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में डीएम ने सभी एसडीओ को निर्देश दिया है कि अनुज्ञप्ति प्राप्त सभी पूजा समितियां की सूची डीसी की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंप दें। इसके साथ ही डी एम ने डीसी को निर्देश दिया की दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद 28 अक्टूबर को तीन श्रेष्ठ दुर्गा पूजा समितियों का चयन कर डीएम को रिपोर्ट दें।

भाई को पीट कर किया जख्मी

मुंगेर। कासिम बाजार थाना के हसरत गंज निवासी मोहम्मद शमशाद आलम को उसके छोटे भाई ने पीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदस्य अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में शमशाद की पत्नी रशीदा बेगम ने बताया कि रात में पति घर पर थे उसी समय मोहम्मद सिंह तो मोहम्मद हाशिम ने घर आकर बड़े भाई की पिटाई कर दिया। इस घटना में मेरे पति जख्मी हो गए।

जमीनी विवाद में मारपीट ,दो घायल

मुंगेर। भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया एक पक्ष से संतोष कुमार ने बताया कि वह जमीन पर दीवार खड़ा कर रहा था इसका दूसरे पक्ष के मनोज सिंह ने विरोध किया इस संबंध में दोनों पक्ष से मुफस्सिल थाना को एक आवेदन दिया गया है इसकी पुष्टि थाना अध्यक्ष के द्वारा की गई है।

प्रायोगिक परीक्षा 27 अक्टूबर से होगी

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय 20 पीजी विभागों तथा तीन पीजी सेंटरों में पीजी सेमेस्टर 3 शैक्षणिक सत्र 2021-2023 में नामांकित विद्यार्थियों की थ्योरी की परीक्षा 5 से 20 अक्टूबर के बीच संपन्न कराया। अब दुर्गा पूजा की छुट्टी समाप्त होने के बाद विश्वविद्यालय इस शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षा 27 अक्टूबर से संचालित करेगा। यह परीक्षा 01 नवंबर तक संचालित की जाएगी। यह परीक्षा संबंधित पीजी विभागों और पीजी सेंट्रो में संपन्न कराई जाएगी। इसकी पुष्टि विश्वविद्यालय सूत्र ने की है।

मंगलागौरी में मनीष पंकज मिश्रा द्वारा भंडारा का आयोजन

गया। गया शक्ति पीठ स्थान मां मंगला गौरी शक्तिपीठ में भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा एवं भाजपा नेताओं के द्वारा मां मंगला शक्तिपीठ का पूजा पाठ एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। मां मंगला में आए श्रद्धालु लोग प्रसाद को ग्रहण किए, इस अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर मनीष मिश्रा ने कहा कि नवरात्र में मां कालरात्रि से प्रार्थना किए देश बिहार गयाजी के लोगो को मंगल कामना किए हैं इस अवसर पर भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी, राणा रंजीत सिंह, कुंदन सिंह, सुनील कुमार बंबइया, महेश यादव, मुन्ना यादव, हीरा यादव, अनिल कुमार, इंदु प्रजापति, निशा नंदन सहित दर्जनों की संख्या में प्रसाद वितरण किया गया है।

हथियार लहराते अपराधी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल

खेत खलिहान पर खेत पर कब्जा जमाने को लेकर किसानों को धमकी देते हुए वीडियो हुआ है वायरल

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में अपराधियों का कारनामा लगातार जारी है, अपराधी के बीच मानो पुलिस का खोप तनिक भी नहीं है, वही दियरा इलाके में दिन दहाड़े किसानों के खेत खलिहान पर अपना बर्चस्व जमाने के लिए खुलेआम हाथ में हथियार लहराते हुए दिखाई देते आ रहे हैं लेकिन पुलिस की गतिविधि इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं है। इसी कड़ी में अपराधियों का खेत पर कब्जा जमाने के लिए हथियार लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि नवगछिया के दियरा क्षेत्र इलाके में अपराधियों का होंसला इतना बुलंद चल रहा है कि दिनदहाड़े हथियार को लहराते हुए दहशत फैलाने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में अपराधी हथियार के बल पर किसान की जमीन को जबरन जुताई कराते हुए देखा जा रहा हैं। वही मामला रंगरा थाना के उसरहिया बहियार इलाके में गोपालपुर के सुकटिया बाजार निवासी किसान सदानंद मोदी की लगभग 10 कट्ठा जमीन पर गांव के ही दबंग हथियार के बल पर जबरन ट्रैक्टर चलवा रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि अपराधी हाथ में कट्टा लेकर किसी व्यक्ति को धमका रहा है। वही अपराधी के गतिविधि से जुड़ी वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय थाना पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी की दिशा में कोई ठोस कदम नही उठाए गये है।

कुख्यात अपराधी मो. आदिल सहित 4 अन्य अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले के चर्चित धुरी यादव हत्याकांड, नाथनगर के सिल्क व्यवसायी मो. अफजल हत्याकांड एवं हाल ही में ततारपुर थाना परिक्षेत्र अन्तर्गत मार्बल व्यवसायी टिंकू अंसारी के दूकान में दिनदहाड़े हुए गोलीबारी कांड का मुख्य सरगना सहित कई अपराधियों के बारे में

भागलपुर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जिसकी गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर तथा पुलिस उपाधीक्षक नगर के निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान जांच के तहत पश्चिम बंगाल के बोलपुर से 2 कुख्यात अपराधी मो. आदिल एवं मो. मिखाईल को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वही पुलिस के पूछताछ गतिविधि के क्रम में गिरफ्तार अपराध कर्मियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर 2 अन्य अपराधी रंजीत तांती एवं मो. मिराज आलम को उनके निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में सिटी एसपी आशीष रंजन ने दी। वही उन्होंने कहा है कि गिरफ्तार अपराधी मो. आदिल पिता स्व. रेहान महरूम साकिन +थाना ततारपुर, मो. मिखाईल पिता मो. बादल साकिन+ थाना विश्वविद्यालय, रंजीत तांती, पिता विनोद तांती साकिन+थाना-हबीबपुर व मो. मिराज आलम पिता मो. ईस्माईल साकिन+थाना-मोजाहिदपुर भागलपुर का तातारपुर, मोजाहिदपुर व नाथनगर थाना में आधे दर्जन से ज्यादा मामला दर्ज है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इन सभी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने अपनी कुशलता से बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

अपरंपार है तिलडीहा तांत्रिक शक्तिपीठ की महिमा

पांच सौ साल से अधिक पुराना मंदिर तांत्रिक शक्तिपीठ के लिए है प्रसिद्ध

प्रात : किरण ब्यूरो/संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर अनुमंडल के सीमावर्ती क्षेत्र बदुवा नदी के किनारे बसे हरबंशपुर गांव में प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां तिलडीहा के नाम से प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र में 9 दिन तक लाखों से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा को लेकर उमड़ती है। गौरतलब है कि मुंगेर एवं बांका जिला प्रशासन मेले में विधि व्यवस्था के लिए 24 घंटे तैनात रहती है। इस तांत्रिक शक्तिपीठ की स्थापना वर्ष 1603 में पूर्व बंगाल के नदिया शांतिपुर जिला के उत्तरी राढी नदी के किनारे रहने वाले हरिबल्लभ दास के द्वारा की गई थी। श्री दास के वंशज के अनुसार हरि बल्लभ दास दो भाई थे हरि बल्लभ एवं हरवब्लभ। हरि बल्लभ भागवत भजन के सिवा कोई काम नहीं करते थे जिसके कारण भाई ने उन्हें घर से बाहर जाकर कमाने को कहा माता की कृपा से रात्रि में ही श्री दास को मां ने स्वप्न में कहा कि तुम शंख, खराब खड़ग ,एवं शालिग्राम लेकर घर से बाहर चलो और मुझे ऐसी जगह पर अवस्थित करो जहां नदी और शमशान हो। बताया जाता है कि इसी क्रम में नदिया शांतिपुर बंगाल से चलकर तारापुर के मोहनगंज आए और यहां के ग्रामीणों को अपनी इच्छा से अवगत कराया। मोहनगंज में माता का मंदिर पहले से ही था। अतः वे धोनी गांव आए लेकिन वहां भी माता का मंदिर पहले से था। तत्पश्चात हरबंशपुर के नाम से प्रसिद्ध स्थान जो जंगल था, वह पहुंचे और वहां पर ही मंदिर के निर्माण में लग गए। उस वक्त के बनाए गए मिट्टी का पिंड मंदिर गर्भग्रह के भीतर आज भी उसी अवस्था में है। श्री दास बंगाली परिवार से थे। पुरोहित के रूप में बंगाली ब्राह्मण महेशानंदाचार्य जो मोहनगंज निवासी तंत्र साधक थे, को पुजारी के रूप में नियुक्त कर दिया।

महेशानंदचार्य के नेतृत्व में 108 नरमुंड के साथ माता की वेदी का निर्माण तांत्रिक पद्धति से खुद इनके द्वारा किया गया। तब से ही मंदिर में बकरे की बलि की प्रथा चली आ रही है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां कृष्ण, काली ,दुर्गा, की पूजा होती है एवं बलि जोड़े के रूप में पड़ती है। यहां पिछले 5 सौ से भी अधिक वर्ष पहले से माता की पूजा बांग्ला पद्धति से होता आ रहा है। नवरात्रि में लगभग पच्चीस हजार के आसपास बलि दी जाती है। कुछ वर्ष पहले इस मंदिर में भैंसे की बलि पर पूरी तरह से रोक लगाई गई थी। इस तांत्रिक शक्तिपीठ पर प्रतिवर्ष दिल्ली, मुंबई ,कोलकाता, केरल, के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, एवं बांग्लादेश ,के श्रद्धालु भी नवरात्र में माता का दर्शन करने आते हैं। जिनकी मुरादे माता द्वारा पूरी होती है। इस मंदिर की यह खासियत है कि मंदिर में माता की प्रतिमा का निर्माण तो कलाकार ही करते हैं, लेकिन माता की मुख का निर्माण मेढ़पति द्वारा किया जाता है। आज भी पुरोहित महेशानंद आचार्य के वंशज आचार्य परिवार द्वारा ही पूजा अर्चना की जाती है। यहां विजयदशमी की रात ही मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन नहीं बल्कि ससुराल के लिए विदाई की जाती है।

रौनीयार समाज को अतिपिछड़ा में शामिल करें सरकार : राजू गुप्ता

प्रात : किरण ब्यूरो

गया। गया के श्री रौनीयार वैश्य दुर्गा पूजा समिति अपने 86 वे वर्ष का उद्घाटन अखिल भारतीय रौनीयार महासभा के राष्ट्रीय संयोजक सह राइस मिल एसोशिएशन के अध्यक्ष सह भाजपा वरिष्ठ नेता राजू गुप्ता द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया है इस वर्ष मां दुर्गा द्वारा राक्षस दुगार्मा सुरिका वध का विधवत उद्घाटन किया गया है इस मंच का संचालन रोहीत कुमार एवं आशिष आनंद ने की, इस कार्यक्रम के मौके पर राजु गुप्ता संयोजक, बिहार के रौनीयार महासभा अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मुन्ना कुमार गुप्ता दिप प्रवज्लीत कर इस उद्घाटन समारोह का विधवत उद्घाटन किया गया है। अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा हमारे रौनीयार समाज को उच्चाई पर ले जाए और समाज के दबे कुचलें लोगो को उठाने का काम करे समाज के सम्पन्न परिवार, सभी मां बहन अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करे, हर बच्चे को उच्चाई हासिल और एक नाम मिले और आगमी पाच नवम्बर को पटना में रौनीयार समाज को अति पिछड़ा वर्ग मे शामिल करने के लिए पटना में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है गया जी के रौनीयार समाज अधिक से अधिक संख्या में समाज को अति पिछड़ा में शामिल हो मा से प्रार्थना करता हूं यह कहना राजु गुप्ता ने कहे है पुरे भारत मे गया रौनीयार यूवा मंच द्वारा श्री दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन पहली बार देखने को मिला है बहुत ही हर्ष की बात है कि हमारे समाज में गया मे श्री दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन होता है और कहा कि मे पुरे भारत वर्ष में रौनीयार समाज के लिए भ्रमण और सुख दुख मे घुमा हुं, आगे कहा की मां दुर्गा इतनी शक्ति दे रौनीयार समाज हर परिवार शिक्षित हो हर परिवार खुशीहाल हो यही हमारी माऊ से प्रार्थना है।

राजू गुप्ता ने श्री रौनीयार दुर्गा पूजा समिति पंडाल का फिता द्वारा काट कर किया गया इनके साथ राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मुन्ना कुमार गुप्ता और बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने की है इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा गया जी समाज के लोगों को सम्मानित भी किया गया है। आशिष आनंद ने कहा सहयोग तीन तरह के होते हैं मन से जुडे हैं संरक्षक दलो से आगे बढने के मोके से मिलता है। महिलाए आती है मन से जुडने मे, महिलाओं का प्रशस्ति पत्र देकर राजु गुप्ता ने रौनीयार महिला विग को सम्मानित किया तन मतलब श्रमद्रान के मतलब समय दान किजीए, इन समय दान के वाले लोग राजू गुप्ता ने सम्मानित किया गया है। वही बिहार अखिल भारतीय रौनीयार महासभा अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा भी समाज के लोगों को सम्मानित किया गया है। वही युवा मंचों, गया के यूवा पीढ़ी को गया जिला अध्यक्ष गोरी शंकर गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया है। लेकिन गया समाज द्वारा होलटाईमर और सिर्फ दुर्गा पूजा तक ही काम खत्म नही होता है यह कहना धीरज रौनीयार अखिल भारतीय रौनीयार महासभा राष्ट्रीय पूर्व प्रवक्ता सह अंतरराष्ट्रीय रौनीयार वैश्य समिति सदस्य ने बताया कि गया समाज एक दुसरे की मददगार हो जाए तो गया जी विश्व प्रसिद्ध होगा और जो भी किसी भी दुख मे रौनीयार समाज के कोई भी व्यक्ति को धोखा न दे, आज इस श्री दुर्गा पूजा समिति में कुछ ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया जो दुसरे का रुपया रखते हैं दुसरे के बारे में गलत सोचते हैं। वह सोच को बदलने की जरूरत है और समाज के लोगों को हर तरह तन मन धन से मददगार होनी चाहिए किसीको बोलकर धोखा नही देना चाहिए और यह संकल्प इस उद्घाटन समारोह में लेनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप गया जिला अध्यक्ष राजु गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मुन्ना कुमार गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, रहीस गुप्ता, राजकुमार वैश्य कार्यकारी अध्यक्ष हेमु विचार मंच ने इस कार्यक्रम में आकर शोभा बढाई। वही गयाकेराहुल महाजन, राज कुमार गुप्ता, अमिताभ कुमार गुप्ता, जेपी कुमार रौनीयार धर्मशाला महामंत्री, बालमुकुंद कुमार गुप्ता, शंकर कुमार गुप्ता, और महिला विग के निलम कुमार गुप्ता, रिना गुप्ता, सिमा गुप्ता, और युवा मंच के श्री रौनीयार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता

महासचिव आशिष आनंद, कोषाध्यक्ष कुमार रोहीत, उपाध्यक्ष अरविंद आदित्य रोहीत गुप्ता राजा,, ऋषभ राज, सौरभ गुप्ता, राजीव गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रिकु गुप्ता, अभिषेक कुमार, अभी गुप्ता, यूवा मंच के कमेटी के लोग के अलावा हर्ष अस्पताल के डा हर्ष ,डा विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री के आगमन के पूर्व तैयारी को ले हुई बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज के स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल के आवास पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण मंत्री रतनेश सदा के आगमन के पूर्व तैयारी को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि पवन केसान, एमएलसी के नगर प्रतिनिधि प्रो. संजय कुमार मंडल, शिक्षा सेवक के जिला अध्यक्ष निगम मांझी, विकास मित्र संघ के जिला अध्यक्ष अमित कुमार उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने करते हुए कहा कि आगामी 29 अक्टूबर को कृष्णानंद के स्टेडियम में दोपहर बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण मंत्री रतनेश सदा के आगमन होना सुनिश्चित है। जिसके स्वागत तैयारी को लेकर एक विशेष बैठक हुए है, बैठक में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया है। इस बैठक में टोला सेवक, शिक्षा सेवक के विजय कुमार चौधरी, नीलम मांझी, पंकज कुमार, कैलाश दास, गणेश चौधरी ,ज्वाला चौधरी, बसंत कुमार, अनिरुद्ध रजक, सुजीत कुमार, पन्नालाल, गौरव कुमार सहित अन्य दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

पुलिस ने आशीष हत्याकांड का किया खुलासा

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। ई-रिक्शा चालक आशीष कुमार की हत्या मामले का इंस्पेक्टर मिंटू कुमार सिंह की देखरेख में उनकी टीम ने खुलासा कर दिया है। आशीष की हत्या के लिए 10 हजार की सुपारी दी गई थी। इसके लिए हत्या आरोपित को 05 हजार एडवांस दिया गया था। बदमाशों ने संदलपुर मध्य विद्यालय के पीछे बगीचा में ई रिक्शा चालक की हत्या कर दी थी। 10 अक्टूबर की सुबह जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। सदर एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि तकनीकी और विज्ञानी अनुसंधान के बाद हत्याकांड में शामिल पहले विशाल यादव को गिरफ्तार किया गया।

उसके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हुए कट्टा और दो कारतूस बरामद किया। विशाल से पूछताछ के बाद पुलिस ने संदलपुर इंद्रप्रस्थ कॉलोनी से आजाद यादव को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ में आजाद ने पुलिस को बताया कि संदलपुर झाझा टोला निवासी गौरव कुमार ने आशीष की हत्या की सुपारी 10 हजार में दी थी। सदर एसडीपीओ ने बताया कि आजाद द्वारा बताए जाने के बाद गौरव कुमार की गिरफ्तारी की गई। उनसे पूछताछ में पता चला कि गौरव ड्रग्स स्नेक्स सहित नशीली पदार्थ का सप्लाई करता था।

ई रिक्शा चालक आशीष के भाई अमित कुमार नशा का आदी था और गौरव से 25हजार रुपये का नशा के सेवन के लिए उधारी लिया हुआ था। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो आशीष की हत्या के 15 दिन पहले अमित कुमार को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कर दिया गया। जब गौरव को इसकी जानकारी हुई तो अमित कुमार के स्वजनों से बकाया धनराशि की मांग करने लगा।

जब गौरव को पैसा और अमित कुमार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली, तो गौरव ने अमित कुमार के बड़े भाई की हत्या की साजिश रच डाली। आजाद को आशीष की हत्या के लिए 10 हजार में सुपारी दी गई। आजाद ने मौका पाते ही आशीष को गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या में विशाल ने सहयोगी के रूप में साथ दिया। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में गौरव कुमार आजाद यादव और विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कृषि मंत्री द्वारा सोलिस यनमार ट्रैक्टर शोरूम का किया उद्घाटन

प्रात : किरण ब्यूरो

गया पुनाकलां, गया में सोलिस यनमार ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन बिहार के कृषि मंत्री सर्वजीत कुमार के द्वारा किया गया है।

इस मौके पे गुरुआ विधायक विनय यादव भी उपस्थित थे।

मैं बीजेन्द्र कुमार गया का मूल निवासी हूँ। अपनी प्रारंभिक शिक्षा चन्दौती हाइ स्कूल और गया कालेज से पूर्ण कर मैने एन आइ टी जमशेदपुर से बेच की डिग्री प्राप्त की और अब ऑटोमोबाईल इण्डस्ट्री मे डिपार्टमेण्ट हेड के पद कार्यरत हूँ। अपने जन्मभूमि को हीं कर्मभूमि बनाने के उद्देश्य से मैंने अपने बचपन के उद्यमी मित्रों के साथ मिलकर गया में मन एंटरप्राइज कि नींव रखी। यह एक प्रोफि टेबल बिजनेस युनिट के जरिए गया में रोजगार सृजन की एक छोटी सी पहल है। इस क्रम में सोलिस यानमार की एजेंसी पहला कदम है जिसमैं सेल्स, सर्विस और स्पेयर और अन्य सभी संबंधी सेवाएँ उपलब्ध हैं। यह ट्रेक्टर मल्टीयूटिलिटी ट्रेक्टर है जो अमेरिका और यूरोप के देशों के किसानों का पसंदीदा ट्रेक्टर है। इसका इंजन और हाइड्रोलिक जापानी टेक्नोलॉजी से युक्त बीस एचपी से एक सौ बिस एचपी में २व्हिल ड्राइव और फोर व्हिल ड्राइव में उपलब्ध है। तत्काल हमारे मन इंटरप्राइज मैं सोलह लोग कार्यरत हैं और बहुत जल्द हम मल्टीब्रांड ट्रैक्टर सर्विस सेंटर बनाने वाले हैं जिससे और भी लोग हमारे पास कार्यरत हो पायेंगे।

विधायक ने राज्यपाल से मिल गया शहर के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राज्यपाल के गया जिला अतिथि गृह में आगमन पर पूर्व कृषि मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा राज्यपाल को पुष्प एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया है। राज्यपाल से मुलाकात के दरम्यान विधायक ने गया के ज्वलंत समस्याओं को लेकर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं मौजूद जिला पदाधिकारी गया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया के बारे में पितृ पक्ष मेला बेहतर रूप से संपन्न होने के लिए जिला पदाधिकारी का प्रशंसा किया है। विधायक ने गया के ज्वलंत समस्याओं को लेकर माननीय राज्यपाल से कहां की मगध प्रमंडल मुख्यालय गयाजी में लगातार हो रहे जाम से आम जनता परेशान है वहीं जाम के कारण एम्बुलेंस एवं आवश्यक सेवाएं यहां आए दिन प्रभावित हो रही है साथ ही स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ तीर्थ यात्री व पर्यटक भी जाम से प्रभावित हो रहे हैं। जाम से समस्या के समाधान हेतु राज्यपाल से आग्रह किया कि बोधगया से रामशिला तक फ्लाई ओवर निर्माण, एनएच 82 घुघड़ीताड़ के निकट फ्लाई ओवर ,सिकरिया मोड़ से गया कॉलेज होते काशीनाथ मोड़ से रेलवे स्टेशन तक फ्लाई ओवर, धनिया बगीचा से डेल्हा गुमटी नंबर 1 तक फ्लाई ओवर ,किरानी घाट से चाकन तक फ्लाई ओवर ,मानपुर मुफ्फसिल मोड से रसलपुर तक फ्लाई ओवर, बैरागी से रामशिला रेलवे स्टेशन बागेश्वरी गुमटी पर आरोबी का निर्माण, रेलवे चकंद गुमटी के पास आरओबी का निर्माण, गया प्रेतशिला रोड में रेलवे गुमटी पर आरओबी का निर्माण, गया परैया रोड में एफसीआई गुमटी के पास आरओबी का निर्माण के संबध में राज्यपाल से आग्रह किया है। माननीय विधायक ने कहा कि गया जी के महत्व को देखते हुए काशी विश्वनाथ, महाकाल उज्जैन कारीडोर के तर्ज पर विष्णुपद ,बोधगया, मां मंगला गौरी कॉरिडोर का निर्माण कराने का अनुरोध किया है साथ ही जो 20 फिट चौड़ी सड़कें है।

दुर्गा पूजा 2023 शांतिपूर्ण एवं सद्भावना आयोजन को ले प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

गया। दुर्गा पूजा 2023 शांतिपूर्ण एवं सद्भावना आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस लाइन गया के परिसर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में की गई है।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अलर्ट मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कर्तव्यों के निर्वहन गंभीरतापूर्वक करें। पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण हो इस बाबत चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल को दूषित करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई करे। रात्रि में श्रद्धालुओं और आम जनों का भीड़ मूर्ति प्रतिमा को देखने हेतु एक साथ निकलते हैं इसे देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को रेगुलेट होते रहे इस पर विशेष नजर रखें। पूजा, विसर्जन जुलूस ,डीजे पर प्रतिबंध को लेकर निर्देश दिए गए। निर्गत लाइसेंस में निहित शर्तो के पूरी तरह पालन करवाना सुनिश्चित करे। ड्यूटी का टाइमिंग को लेकर गंभीर रहने, कोई कोताही/लापरवाही करने पर कारवाई, नियंत्रण कक्ष, ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण इत्यादि को लेकर निर्देश दिए गए हैं। किसी भी सूरत में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि पॉल्युशन एक्ट के तरह जो मानक है उसे पूरी तरह पालन करवाने को कहा गया है। विभिन्न पूजा पंडाल आयोजक द्वारा जो भी गाने बजाए जाएंगे उसे संबंधित थाने से वेरीफाई आवश्यक है। उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था संधारण प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन,

विधि व्यवस्था संधारण, बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन की व्यवस्था सहित सभी बिंदुओं पर एक-एक कर तैयारियों के बारे में सभी अधिकारियों को बताया है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से भी लगातार नजर रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण हेतु प्रमुख जगहों पर ड्राप गेट भी लगाए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण पर बेहतर प्रबंधन हेतु कई आवश्यक निर्णय भी लिए गए हैं। सदर अनुमंडल क्षेत्र के भीड़ वाली क्षेत्रो में 24 स्थानों पर वीडियोग्राफर को रखा गया है। 27 स्थानों पर वाच टावर, बैरिकेटिंग एव ड्राप गेट लगाए गए है। 25 स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीव लगाए गए हैं। अफवाह फैलाने वाले के मंसूबे पूरे नहीं होंगे, की जाएगी सख्त करवाई होगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश दिया कि हुड़दंग बाजी करने वालों पर पूरी पैनी नजर रखी जाएगी किसी भी सूरत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैला कर सामाजिक ताने-बाने को डिस्टर्ब करने का प्रयास करता है तो ऐसे लोगों तत्वों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए एवं 505 के अंतर्गत अविलंब कार्रवाई की जाएगी। जिले का साइबर सेल, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विंग के द्वारा फेसबुक, सभी व्हाट्सएप ग्रुप, पोर्टल, वेब न्यूज यूट्यूब चैनल पर विशेष नजर रखी जा रही है।

गृह विभाग द्वारा भी निर्देश प्राप्त है कि विभिन्न सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट करना या किसी पोस्ट को शेयर करना जिस किसी व्यक्ति या किसी समुदाय को ठेस न पहुचे, इसपर पूरी निगरानी रखी जाएगी। ग्रुप एडमिन की भी पूरी जिम्मेवारी रहेगी कि किसी भी तरह का भ्रामक कॉन्टेंट को अपने ग्रुप में न रखे। भ्रामक कंटेंट सकुर्लेट होने पर ग्रुप एडमिन के पर भी कार्रवाई होगी। दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए जिला के नियंत्रण कक्ष को अलर्ट मोड में रखा गया है, कहीं से भी कोई सूचना आने पर तुरंत अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0631 2222253/59 है। 24 घंटा चलने व

संक्षिप्त समाचार

सिंगल गर्ल चाइल्ड छात्रवृत्ति के लिए रजिस्ट्रेशन की डेट 31 अक्टूबर तक बढ़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट बढ़ा दी गई है। स्कॉलरशिप के लि आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। सीबीएसई के नोटिस के अनुसार, आवेदन के स्कूल वेरीफिकेशन का कार्य 7 नवंबर 2023 तक पूरा कराया जा सकता है। सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप का दूसरा साल- सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप 2022 कक्षा 10 को एक बार फिर रिन्यू किया गया है और आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। इस योजना के तहत स्कूलों में इस योजना के आवेदन फॉर्म का वेरीफिकेशन 7 नवंबर 2023 तक किया जाएगा। सीबीएसई की इस योजना के तहत जिस छात्रा ने कक्षा 10 की परीक्षा बोर्ड से संबंद्ध स्कूल से पास की है और वर्तमान में 11वीं कक्षा में पढ़ रही है वे इस योजना में आवेदन करने के लिए पात्र है। साथ ही छात्र अपने माता-पिता की इकलौती संतान हो। हालांकि इस योजना में जुड़वां पैदा हुए बच्चे भी सिंगल गर्ल चाइल्ड के रूप में माने जाएंगे। इस योजना के तहत छात्रा को 500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। यह स्कॉलरशिप अधिकतम दो वर्ष तक दी जा सकती है। जो छात्रा के इसके लिए दूसरे वर्ष भी आवेदन करना चाहती है उसे कक्षा 11 में न्यूनतम 50 फीसदी अंक प्राप्त कर 12वीं में दाखिला लेना होगा। इस योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट भी चेक कर सकते हैं।

सीएम केजरीवाल की दिल्लीवासियों को सौगातः सराय काले खां टी-जंक्शन अब होगा सिग्नल फ्री, जाम से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। सराय काले खां में आइटीओ और यमुनापार की ओर से आश्रम आने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उद्घाटन कर दिया। फ्लाईओवर के उद्घाटन के दौरान दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी भी मौजूद थी। इससे पहले शनिवार को फ्लाईओवर को यातायात के लिए खोलकर इसका ट्रायल किया गया है। करीब एक घंटे के ट्रायल के बाद फ्लाईओवर को फिर से बंद कर दिया गया। इस तरह के फ्लाईओवर के उद्घाटनों में पहले लोग नहीं आते थे। आप सभी लोगों के आने से मालूम होता है कि इस फ्लाईओवर को लाखों लोगों को फायदा होगा। हमने इस फ्लाईओवर के निर्माण में भी काफी बचत की है। इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन हमने इसको 50 करोड़ रुपये में तैयार करा दिया। इसे अब आज उद्घाटन के बाद आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा इसके शुरू हो जाने से रिंग रोड पर आइटीओ और यमुनापार की ओर से आश्रम की ओर जाना आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि सराय काले खां में सिंगल लेन फ्लाईओवर बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने कंपनी का चयन करने के बाद छह सितंबर 2022 को शिलान्यास किया था। करीब 643 मीटर लंबे इस फ्लाईओवर पर 65.55 करोड़ रुपये खर्च का अनुमानित बजट रखा गया था। तीन लेन के इस सिंगल फ्लाईओवर को जुलाई 2023 में तैयार कर देने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे अब पूरा किया गया है। यह फ्लाईओवर सराय काले खां टी-जंक्शन को सिग्नल फ्री बनाएगा। इसके शुरू होने पर रोजाना पांच टन कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा और जाम में नहीं फंसने से लोगों की सालाना 19 करोड़ रुपये की बचत होगी। परियोजना की कुल कुल लागत साढ़े तीन सालों में निकल जाएगी। सराय काले खां ट्रैफिक के हिसाब से राजधानी के व्यस्ततम इलाकों में से एक है।

एयर इंडिया के एक और यात्री के बैग से त्रश्वद्यस्र ज्वेलरी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी। एयर इंडिया की उड़ान में सफर कर रहे एक और यात्री के बैग से ज्वेलरी चोरी करने का मामला सामने आया है। एयर इंडिया की उड़ान से सफर कर रहे सरकारी कर्मचारी के बैग से करीब 42 ग्राम ज्वेलरी चोरी कर ली गई। इसको लेकर आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। इससे पहले 16 सितंबर और 16 अगस्त को भी दो अलग-अलग यात्रियों के बैग से ज्वेलरी, नकदी व अन्य सामान चोरी किया गया था। चैन्नई के क्रोमपेट के पुरूषोथोमन नगर के प्रभाकरण ने बताया कि वह सरकारी कर्मचारी हैं। 16 सितंबर के लिए उन्होंने एयर इंडिया की उड़ान से लेह से चेन्नई के लिए टिकट बुक की थी। पहली उड़ान लेह से दिल्ली और फिर दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट से उन्हें कनेक्टिंग उड़ान पकड़नी थी।उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने सोने की करीब 42 ग्राम की ज्वेलरी बैग में एक बाक्स में डालकर रखी थी। चेकइन करने के बाद वह लेह से एआइ 0466 नंबर उड़ान से दिल्ली आए। दिल्ली से उनकी एआइ 0537 नंबर उड़ान चेन्नई के लिए थी।दिल्ली आने के बाद उन्होंने चेन्नई के लिए उड़ान में चेकइन किया।रात को 12 बजे चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरे। 17 सितंबर को उन्होंने अपने बैग लिए तो देखा कि बैग पर लगा ताला टूटा पड़ा था। उड़ान में देरी होने की वजह से वह व उनकी पत्नी काफी थक गए थे और बाहर टैक्सी चालक उनका इंतजार कर रहा था। इस वजह से उन्होंने बैग खोलकर नहीं देखा और वह टैक्सी में सवार होकर घर चले गए। जब वह घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बैग में रखी सोने की ज्वेलरी गायब थी।

क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा साइबर अपराधियों को सिम कार्ड मुहैया कराने वाला शख्स

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने साइबर ठगों के गिरोह को भारी मात्रा में चालू सिम कार्ड मुहैया कराने राजस्थान के भरतपुर जा रहे शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपित असद अली असम के बालागांव जिले का रहने वाला है। इसके पास से 600 सिम कार्ड बरामद किए है। जिसमें 200 एयरटेल और 400 सिम कार्ड जिओ के हैं। फिलहाल पुलिस बरामद सिम कार्ड के जरिये उक्त पूरे गिरोह के चेन का पता लगा रही है। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम को सूचना मिली की असम के बालागांव का रहने वाला असद अली भारी मात्रा में सिम कार्ड लेकर भरतपुर में किसी को सप्लाई करने के लिए सराय काले खा आएगा। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सराय काले खां बस अड्डे के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बैग की तलाशी लेने के दौरान एक डिब्बा मिला। जिसमें पाउडर के साथ भारी संख्या में सिम कार्ड थे। शुरुआती पूछताछ में आरोपित ने सिम कार्ड के बारे में जानकारी नहीं दी, फिर कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि उक्त सिम कार्ड के उसके रिश्तेदार आलिम ने भरतपुर के साइबर अपराधियों के एक गिरोह को देने के लिए दिए थे।

गाजियाबाद के चर्चित होटल में मिली लड़की की लाश, दोस्त फरार; अगले महीने होनी थी शादी

नई दिल्ली, एजेंसी। डासना स्थित एक होटल में रविवार सुबह युवती का शव होटल के कमरे से मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

वह दो दिन पहले होटल में दोस्त के साथ घर से निकाह की शॉपिंग का बोलकर आई थी, जो शव को कमरे में बंद कर फरार हो गया। थाना वेव सिटी पुलिस ने दोस्त के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि धौलाना की शहजादी का दिल्ली के एक युवक से 14 नवंबर को निकाह होना था। मसूरी में रहने वाले अजहरुद्दीन के साथ 20 अक्टूबर को वह होटल में आई थी। रविवार सुबह हाउस कीपिंग स्टाफ कमरे में सफाई के लिए आया तो इसका गेट बाहर से बंद मिला।

गेट खोला तो शहजादी बेड पर पड़ी हुई थी और मुंह से झाग निकल रहा था। उसने तुरंत मैनेजर को बुलाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कमरा सील कर दिया और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। एसीपी के मुताबिक स्वजन ने बताया है कि अजहरुद्दीन की शहजादी से दोस्ती थी और वह अक्सर घर आता था।

20 अक्टूबर को वह उसे निकाह की शॉपिंग के नाम पर घर से ले गया था। रात तक नहीं लौटी तो फोन किया। अजहरुद्दीन ने उसे अपने घर पर रोकने की बात कही थी। शनिवार को बात नहीं हो पाई और रविवार को पुलिस से उसकी मौत की सूचना मिली।

एसीपी के मुताबिक कमरे से खरीदा गया कुछ सामान मिला है। भाई ने जहर देकर शहजादी की हत्या का आरोप लगा शिकायत दी, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अजहरुद्दीन का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। उसके स्वजन से भी पूछताछ कर रहे हैं। आरोपित को गिरफ्तार कर जल्द मामले का पर्दाफाश करेंगे।

तीसरी बार दिल्ली आई थी विदेशी महिला, बॉयफ्रेंड ने जंजीर से हाथ-पैर बांध दी खौफनाक मौत!त्र स्विट्जरलैंड की महिला नीना बर्जर की चार वर्ष पहले जनकपुरी के आरोपित गुरप्रीत सिंह से मुलाकात होने के बाद वह 11 अक्टूबर को तीसरी बार दिल्ली आई थी। इससे पहले भी वह दो बार दिल्ली आई थी व गुरप्रीत के साथ ही रही थी। यह बात गुरप्रीत सिंह ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरप्रीत ने बताया कि चार वर्ष में वह भी आठ बार उससे मिलने के लिए स्विट्जरलैंड गया था और नीना भी उससे मिलने के लिए दो बार दिल्ली आ चुकी थी। यहां आने के बाद वह नीना को ताजमहल दिखाने आगरा, अमृतसर और गोवा भी लेकर गया था।

जब उसको पता लगा कि नीना किसी दूसरे युवक से भी संपर्क में है तो उसने तीसरी बार इसको दिल्ली बुलाया था।11 अक्टूबर को नीना दिल्ली पहुंची। इसके बाद इसने इसको पहले पश्चिम विहार स्थित होटल में रुकवाया था।इसके बाद उसे टैगोर गार्डन के वूड कैस्टल ग्रैंड होटल में रुकवाया था। दो दिन वह इसी होटल में रही थी।इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। शव से जब बदबू आने लगी तो शुक्रवार को उसे तिलक नगर के स्कूल की दीवार के पास फेंकर आरोपित गुरप्रीत फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार के नंबर की पहचान कर शुक्रवार रात को आरोपित गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने गुरप्रीत को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया था। ऐसे में पुलिस ने शनिवार को उसे कोर्ट में पेश कर उसका चार दिन का रिमांड हासिल किया है। इस दौरान आरोपित को उन जगह ले जाया गया, जहां पर उसने महिला को रखा था। आरोपित बार-बार बयान बदल रहा है, इस वजह से पुलिस अब उन तथ्यों की पुष्टि कर रही है, जिसका गुरप्रीत ने जिक्र किया है।

जहरीली हुई दिल्ली की हवा, खराब श्रेणी में पहुंचा आईक्यू वातावरण में छाई धुंध की चादर



नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बदलते मौसम के साथ हवा की गुणवत्ता दिनों-दिन खराब होती जा रही है। रविवार सुबह दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। साथ ही न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक, रविवार को दिन में आसमान साफ रहेगा, लेकिन शाम या रात में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावनाएं हैं। साथ ही सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 83 प्रतिशत दर्ज की गई।

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 11 बजे 292 दर्ज किया गया है।

आपको बता दें कि 0 से 50 के बीच दर्ज हुए आईक्यू को अच्छा माना जाता है, 51 से 100 के बीच के एक्यूआई को संतोषजनक माना जाता है, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब माना जाता है, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है, जबकि 500 से ऊपर दर्ज किए आईक्यू बहुत गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

दिल्ली के घंटाघर इलाके में गैस सिलेंडर फटने से मकान में लगी भीषण आग

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में रविवार सुबह घर में एलपीजी सिलेंडर में हुए ब्लास्ट की वजह से हरफूल सिंह टावर की दूसरी मंजिल में आग लग गई।

हादसे में चार लोग मामले रूप से जख्मी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। जबकि बिल्डिंग में फैले धुएं की वजह से 16 लोग अचेत अवस्था में पहुंच गए, जिन्हें दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया गया। दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया की सुबह करीब 7~40 बजे सब्जी मंडी स्थित घंटाघर के पास 16/51 हरफूल सिंह बिल्डिंग में आग लग गई।

आग बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर में हुए ब्लास्ट की वजह से लगी थी। घटना की सूचना दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को दी गई । घटना की सूचना पाकर दमकल की 10 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस दौरान घर में रह रहे चार लोग मामूली रूप से घायल हुए है, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल बाड़ा हिंदू राव अस्पताल

में पहुंचाया गया। जबकि बिल्डिंग के दूसरे फ्लैटों में रह रहे में अन्य लोग बिल्डिंग में फैले धुएं के कारण दम घुटने से बेहोशी की हालत में पहुंच गए, उन्हें भी दमकल कर्मियों ने क्रेन की मदद से बाहर निकाला।

धुएं से दम घुटने से तीन पुरुष, सात महिलाएं और 6 बच्चों सहित 16 लोगों को दमकल कर्मियों ने बाहर निकाला और सब्जी मंडी थाना पुलिस भी मामले की पड़ताल में जुटी है । इलाके के लोगों ने बताया कि घटना सुबह के समय हुई, यदि दमकल की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंचती तो हादसा बड़ा हो सकता था।

दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया और हादसा बड़ा होने से बचा लिया। सुबह का वक्त था, यदि यह घटना दिन में हुई होती तो हादसा बड़ा हो सकता था, क्योंकि सुबह के समय इलाके में ज्यादा चहल-पहल नहीं थी और दुकान भी बंद थी । सब्जी मंडी इलाका काफी व्यस्त और तंग है, जहां पर दिन के समय आम लोगों की ज्यादा चहल कदमी होती है।

सुकेश की सहयोगी पिंकी ईरानी को बड़ी राहत, रंगदारी मामले में हाईकोर्ट ने दी जमानत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की करीबी सहयोगी पिंकी ईरानी को बड़ी राहत प्रदान की। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को पिंकी ईरानी को जमानत दे दी। अदालत ने पिंकी को पांच लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही कीमत की दो जमानत राशि जमा करने पर राहत प्रदान की। हालांकि अदालत ने पिंकी के लिए कुछ शर्तें भी लगाई।

दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत की शर्तों का जिक्र करते हुए कहा- पिंकी ईरानी अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत नहीं छोड़ेंगी। वह मामले के तथ्यों से जुड़े किसी भी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई प्रलोभन या धमकी नहीं देंगी। वह पुलिस स्टेशन विशेष प्रकोष्ठ में संबंधित पुलिस अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर भी मुहैया कराएंगी।

मुंबई की रहने वाली पिंकी ईरानी को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 30 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था। वह तभी से हिरासत में हैं। हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि पिंकी ईरानी के आपराधिक इतिहास के बारे में कोई रिकॉर्ड नहीं है। वह 52 वर्षीय महिला है, जो पिछले साल नवंबर से हिरासत में हैं। ऐसे में इस अदालत का मानना है कि मकोका की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मुकदमे के दौरान आरोपों का परीक्षण जरूरी है।

अदालत ने कहा- यह भी सुनवाई का विषय है कि क्या याचिकाकर्ता (पिंकी ईरानी) द्वारा प्राप्त धन अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए था। बचाव पक्ष का मामला यह है कि यह धन मशहूर हस्तियों को उपहार देने के लिए हस्तांतरित किया गया था। ईओडब्ल्यू ने निचली अदालत के समक्ष दायर अपने पूरक आरोप पत्र में कहा है कि पिंकी ईरानी ने सुकेश चंद्रशेखर को बॉलीवुड कलाकार जैकलीन फर्नांडीज से मिलवाया और वसूले गए 200 करोड़ रुपये के निपटान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरोपपत्र में कहा गया कि ईरानी, चंद्रशेखर को एक बड़ा कारोबारी बताती थीं और कुछ बॉलीवुड हस्तियों के साथ उनकी मुलाकात कराने में मदद की थी। इसमें कहा गया कि पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और नोरा फतेही समेत कई लोगों के बयान दर्ज किए हैं। सुकेश चंद्रशेखर फिलहाल जेल में है और उस पर फोर्टिस हेल्थकेयर कंपनी के प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिती सिंह समेत कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है।

भारत की तरह बनो; सऊदी अरब के प्रिंस ने इजरायल को दी नसीहत, हमास पर भी बरसे

गाजा, एजेंसी। गाजा में चल रहा युद्ध भयावह रूप लेता जा रहा है। इजरायली सेना ने ऐलान किया है कि वह गाजा में हमले और तेज करेगा। हमास को पूरी तरह से खत्म करने के उद्देश्य से इजरायली सेना गाजा में अभी तक 100 से अधिक ठिकानों को बर्बाद कर चुकी है। इस बीच सऊदी अरब के एक राजकुमार तुर्की बिन फैसल अल सऊद का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने जंग के लिए हमास और इजरायल दोनों की आलोचना की। सऊदी अरब में 24 वर्षों तक खुफिया विभाग की कमान संभालने वाले फैसल ने कहा कि इस संघर्ष में कोई नायक नहीं हैं, केवल पीड़ित हैं। इसका एक ही हल है- नागरिक विद्रोह। फैसल ने भारत का भी उल्लेख किया। कहा कि

नागरिक विद्रोह ने भारत में ब्रिटिश और पूर्वी यूरोप में सोवियत साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया था। संबोधन का वायरल वीडियो 78 वर्षीय सऊदी प्रिंस तुर्की बिन फैसल के यह कहते हुए शुरू होता है कि कब्जे वाले सभी लोगों को अपने कब्जे का विरोध करने का अधिकार है, यहां तक कि सैन्य रूप से भी। उन्होंने कहा, मैं फिलिस्तीन में सैन्य विकल्प का समर्थन नहीं करता। मैं दूसरा विकल्प पसंद करता हूं- नागरिक विद्रोह। भारत का उल्लेख करते हुए सऊदी प्रिंस ने कहा कि इसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य और पूर्वी यूरोप में सोवियत साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया था। इजराइल के पास जबरदस्त सैन्य श्रेष्ठता है और दुनिया गाजा में उसके द्वारा मचाई जा रही तबाही को देख सकती है। इस महायुद्ध की शुरुआत के जिम्मेदार हमास पर निशाना साधते हुए फैसल ने कहा, ÷मैं स्पष्ट रूप से हमास द्वारा किसी भी नागरिक को निशाना बनाने की निंदा करता हूं, जैसा कि उस पर आरोप लगाया गया है। इस तरह का लक्ष्य हमास के इस्लामी पहचान के दावों को झुठलाता है।÷ उन्होंने कहा, निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हत्या और पूजा स्थलों को अपवित्र करना इस्लाम तो कतई नहीं है।

इज़रायल के शहरों पर हमास के आश्चर्यजनक हमलों और क्रूर जवाबी कार्रवाई में अब तक 5800 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

ईरान पर करेंगे हमला, सांपों की काट देंगे गर्दन... इजरायल ने दे डाली बड़ी

तेल अवीव, एजेंसी। इजरायल इस समय हमास के साथ युद्ध लड़ रहा है। इसे देखते हुए उसके कई दुश्मन एक्टिव हो गए हैं। लेबनान का हिज्बुल्लाह इस युद्ध में कूद सकता है, जिसे देखते हुए इजरायल ने भी तैयारी बना ली है। इजरायल ने हमास के साथ हिज्बुल्लाह के युद्ध में कूदने पर ईरान पर हमले की धमकी दी है और कहा है कि वह सांपों की गर्दन काट देगा। इजरायल ने कहा कि अगर लेबनान के आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया तो ईरान के मौलवियों को पृथ्वी से मिटा दिया जाएगा। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री निर बरकत ने यह टिप्पणी की है। उनका मानना है कि हिज्बुल्ला लेबनान सीमा से एक नया मोर्चा खोल रहा है। रविवार को डेलीमेल से बातचीत में उन्होंने कहा, हम सिर्फ उन मोर्चों पर जवाबी कार्रवाई नहीं करेंगे, बल्कि हम इसके सापों के सिर तक जाएंगे जो कि ईरान है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दुश्मनों को बेहद साफ चेतावनी है। वह यह देख लें कि गाजा में क्या हो रहा है। अगर उन्होंने हम पर हमले की कोशिश की तो उनके साथ भी ऐसा होगा। ईरान के सुप्रीम लीडर को भी धमकी देते हुए कहा गया कि अगर हिज्बुल्ला ने हमला किया तो उनके रातों की नींद हराम हो जाएगी और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक लॉन्च पैड के रूप में इस्तेमाल करने की इजाजत देता है तो उसके साथ वैसा ही होगा, जैसा हमास के साथ हो रहा है। यह चेतावनी तब आई है, जब शनिवार को इजरायल ने गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई हमलों के साथ हमास को नष्ट करने का वादा किया था।

पाकिस्तान लौटते ही नवाज ने क्यों की भारत से रिश्ते सुधारने की बात, समझें बदले सुर के पीछे की कहानी

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश लौटने के बाद फिर से वही पुराना राग छेड़ दिया है। 73 साल के नवाज ने भारत के साथ अच्छे संबंधों को फिर से स्थापित करने की कसम खाई है। उनका कहना था कि पाकिस्तान, कश्मीर का मसला बहुत ही शालीनता से सुलझाकर भारत के साथ अच्छे संबंधों को फिर से शुरू करना चाहता है। पाकिस्तान लौटने के बाद लाहौर के मिनार-ए-पाकिस्तान में उन्होंने अपनी पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इसी रैली में उन्होंने अच्छे रिश्तों की वकालत की है। नवाज साल 2019 में लंदन चले गए थे और चार साल के बाद वतन लौटे हैं।

व्यापक विदेश नीति की चाहत

रैली में नवाज ने कहा, हम एक स्वतंत्र और व्यापक विदेश नीति चाहते हैं। हम पड़ोसी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करके पाकिस्तान को एक आर्थिक शक्ति बनाना चाहते हैं। दूसरों से लड़कर या संघर्ष करके पाकिस्तान का विकास नहीं किया जा सकता। मैं बदले में नहीं विकास में विश्वास रखता हूं। इस रैली में नवाज ने भारत, बांग्लादेश के साथ ही सेना तक का जिक्र किया। नवाज के शब्द थे, अगर पाकिस्तान पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से अलग

नहीं हुआ होता तो भारत से होकर गुजरने वाला एक इकोनॉमिक कॉरिडोर होता। हम पाकिस्तान के विकास के लिए पड़ोसियों और दुनिया के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना चाहते हैं।

नवाज ने सेना पर टिप्पणी की और कहा, पाकिस्तान की खातिर, सभी राजनीतिक संगठनों और संस्थानों (सेना और न्यायपालिका) को संविधान का सच्ची भावना से पालन करना होगा। रैली के दौरान शरीफ भावुक दिखे और उन्होंने बताया कि कैद के दौरान उन्हें अपनी मां और पत्नी की मौत की खबर का सामना कैसे करना पड़ा। नवाज ने रुंधे गले से कहा कि उन्होंने अपनी मां और पत्नी को राजनीति के कारण खो दिया है। उन्हें बताया कि आज तक उन्हें वह दिन याद है जब उन्हें अपनी मां, पिता या पत्नी को अंतिम सम्मान नहीं दे सके। भारत को दिया सबसे बड़ा धोखा नवाज जो अच्छे रिश्तों की बात कर रहे हैं, उनके कार्यकाल में भारत को सबसे बड़ा धोखा झेलना पड़ा था। सन् 1999 में कारगिल की जंग हुई थी जबकि उसी साल भारत से लाहौर तक एक बस चलाई गई थी। नवाज की पत्नी का लंदन में साल 2018 में 70 साल की आयु में निधन हो गया था। उस समय शरीफ और बेटी मरियम दोनों भ्रष्टाचार के मामलों में पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे थे। नवाज शनिवार को चार साल लंदन में बिताने के बाद दुबई से इस्लामाबाद पहुंचे। अपनी जमानत के संबंध में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, वह पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन के गढ़ लाहौर के लिए रवाना हुए।

त्यौहारी सीजन में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी, खाद्य विभाग के सचिव ने दिया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव श्री संजीव चोपड़ा ने आज यहां संवाददाताओं बातचीत में कहा कि त्योहारों के सीजन में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर बनी रहेंगी, क्योंकि सरकार द्वारा मूल्य को स्थिर रखने के लिए अनेक कदम उठाए गये हैं। चीनी भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पूरे वर्ष उचित मूल्य पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अगले आदेश तक चीनी निर्यात पर प्रतिबंध जारी रखा है। सरकार के इस कदम से देश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक भी सुनिश्चित होगा और पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम के अंतर्गत हरित ईंधन की दिशा में भारत के प्रयासों में निरंतरता बनी रहेगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय की दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 36/2023 के अंतर्गत भारत सरकार ने एचएस कोड 17011490 तथा 17019990 के अंतर्गत चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर प्रतिबंध की तिथि 31 अक्टूबर, 2023 से अगले आदेश तक बढ़ा दी है। सरकार ने इस नीति के साथ 140 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ताओं को चीनी की उपलब्धता में किसी तरह की बाधा न हो। यह महत्त्वपूर्ण है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय चीनी का मूल्य 12 वर्ष की ऊंचाई पर होने के बावजूद भारत में चीनी विश्व में सबसे सस्ती है और देश में खुदरा चीनी की कीमतों में केवल मामूली बढ़ोतरी हुई है, जो किसानों के लिए गन्ने के एफआरपी में वृद्धि के अनुरूप है।

खुदरा चीनी की कीमतों में पिछले 10 वर्षों में औसत मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत प्रति वर्ष रही है।इसके अतिरिक्त सरकार घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीनी मिलों के मासिक डिस्पैच की निगरानी कर रही है। सभी व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बिग चेन रिटेलर, चीनी प्रसंस्करणकर्ताओं को अपने चीनी स्टॉक की स्थिति की जानकारी पोर्टल पर देने के लिए निर्देश दिया गया है ताकि सरकार देश भर में चीनी स्टॉक की निगरानी कर सके। इन उपायों का उद्देश्य चीनी क्षेत्र की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने तथा बाजार में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति को सुगम बनाना है। भारत सरकार जमाखोरी तथा सट्टेबाजी रोककर एक संतुलित और उचित चीनी बाजार बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इन प्रयासों का उद्देश्य देश भर के सभी उपभोक्ताओं के लिए सस्ती चीनी सुनिश्चित करना है।

सरकार के सक्रिय उपाय एक स्थिर और न्यायसंगत चीनी बाजार वातावरण को बढ़ावा देने के लिए इसके समर्पण को रेखांकित करते हैं।चीनी निर्यात की यह नीति चीनी आधारित फीडस्टॉक से इथेनॉल उत्पादन के प्रति स्थिरता भी सुनिश्चित करेगी। ईएसवाई 2022-23 में भारत ने लगभग 43 एलएमटी चीनी को इथेनॉल की ओर डाइवर्ट कर दिया है। इससे चीनी आधारित डिस्टिलरी को लगभग 24,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस राजस्व से चीनी उद्योग को समय पर किसानों के गन्ने के बकाये का भुगतान करने तथा चीनी क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिली है। गन्ने और चीनी को लेकर उचित सरकारी नीतियों से चीनी मिलों ने लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है और इस प्रकार चीनी सीजन 2022-23 के 95 प्रतिशत से अधिक गन्ना बकाया का भुगतान किया है, जबकि पिछले सीजन के 99.9 प्रतिशत गन्ना बकाया का भुगतान किया गया है।

इस प्रकार गन्ने का बकाया अब तक के न्यूनतम स्तर पर है और शेष बकाया राशि को भी जल्द से जल्द चुकाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने घरेलू मूल्यों को नियंत्रित रखने तथा घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत से चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने के लिए पहले से कई उपाय किए हैं। टूटे हुए चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और 9 सितंबर 2022 को गैर-बासमती सफेद चावल पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया गया था। इसके बाद 20 जुलाई 2023 को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.78 मिलियन टन गैर-बासमती चावल और 4.6 मिलियन टन बासमती चावल का निर्यात किया था।

गैर-बासमती चावल निर्यात में से लगभग 7.8-8 मिलियन टन चावल उबला हुआ था। 25 अगस्त, 2023 से उबले चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क प्रारंभ में 15 अक्टूबर, 2023 तक लगाया गया था, जिसे अब 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। उबले हुए चावल पर शुल्क व्यवस्था का विस्तार करने का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण चावल की कीमतों को नियंत्रित रखना और घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है। सरकार द्वारा इस वर्ष अगस्त में किए गए इस उपाय का वांछित प्रभाव दिखता है क्योंकि उबले चावल के मामले में मात्रा के संदर्भ में 65.50 प्रतिशत और मूल्य के संदर्भ में 56.29 प्रतिशत की गिरावट आई है।

सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया, गेहूं-मसूर के एमएसपी में सबसे ज्यादा इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने विपणन वर्ष 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। रबी सीजन की सबसे बड़ी फसल गेहूं के एमएसपी में 7 फीसदी का इजाफा किया गया है। इतना ही इजाफा मसूर के एमएसपी में हुआ। तिलहन फसलों के एमएसपी में 2.5 से 4 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई है।

रबी सीजन की प्रमुख दलहन फसल चने के एमएसपी में 2 फीसदी इजाफा हुआ है। देश में जल्द ही रबी फसलों की बोआई शुरू होने वाली है। ऐसे में एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा से इन फसलों की बोआई को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

गेहूं का एमएसपी 150 रुपए बढ़ाकर 2,275 रुपए किया गया है। इसके एमएमपी में सबसे ज्यादा 7 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। जौ का एमएसपी 1,735 रुपए से बढ़कर 1,850 रुपए हो गया है। रबी सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सरसों का एमएसपी 5,450 रुपए से बढ़ाकर 5,650 रुपए किया गया है। इस तरह सरसों के एमएसपी में 3.5 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है।

कुसुम का एमएसपी 5,650 रुपए से बढ़कर 5,800 रुपए प्रति क्विंटल रुपए हो गया है। चना रबी सीजन की सबसे बड़ी दलहन फसल है। इसका एमएसपी 5,335 रुपए से बढ़ाकर 5,440 रुपए क्विंटल किया गया है। मसूर के एमएसपी में 425 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के साथ मसूर का एमएसपी अब 6,000 रुपए से बढ़कर 6,425 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

वासवानी बनेंगे कोटक महिंद्रा बैंक के नए सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंकने अशोक वासवानी को नया सीईओ और एमडी नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। वासवानी बैंक के फाउंडर उदय कोटक के बाद इसकी कमान संभालने जा रहे हैं। कोटक ने अपना कार्यकाल दिसंबर में पूरा होने के चार महीने पहले ही पद छोड़ दिया था। उसके बाद से ही नए मुखिया की तलाश जारी थी। देश में निजी क्षेत्र के चौथे बड़े बैंक के प्रमुख बनने जा रहे वासवानी फिलहाल अमेरिकी-इजराइली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पगाया टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष हैं। वे सिटी ग्रुप और बार्क्लेज समेत कई वैश्विक बैंकों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक ने एक बयान में कहा कि तीन साल के लिए वासवानी की नियुक्ति को आरबीआई ने मंजूरी दे दी है। इसके पहले ऐसी अटकलें चल रही थीं कि कोटक के बाद कंपनी से जुड़ा कोई व्यक्ति ही यह जिम्मेदारी संभालेगा। नियमों के अनुसार, बैंक को वरीयता के आधार पर तीन नाम भेजने होते हैं। इस सूची में बैंक से बाहर का व्यक्ति भी शामिल होना चाहिए।

बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी के वी एस मणियन और शांति एकाम्बरम भी इस दौड़ में शामिल थे। इस पद के लिए वासवानी के सबकी पसंद होने के सवाल पर बैंक के अंतरिम सीईओ और एमडी दीपक गुप्ता ने कहा कि वासवानी के नाम की अनुशंसा निदेशक मंडल ने की थी और रिजर्व बैंक ने इसकी मंजूरी दे दी है। एक बाहरी व्यक्ति को बैंक का टॉप अधिकारी बनाने से अन्य दावेदारों के नाखुश होने की आशंका पर गुप्ता ने कहा कि मणियन और एकाम्बरम बैंक में अपनी सेवाएं देते रहेंगे और निदेशक मंडल का हिस्सा भी बने रहेंगे।

बैंक के गैर-कार्यकारी निदेशक कोटक ने एक बयान में कहा, %अशोक बैंकिंग क्षेत्र में विश्वस्तरीय हैं। उन्हें कोटक में लाकर मुझे गर्व का अनुभव हो रहा है।% वासवानी ने अपनी नियुक्ति पर कहा, %मैं कोटक महिंद्रा बैंक की ग्रोथ जर्नी को अगले चरण में ले जाने की जिम्मेदारी सौंपने के लिए निदेशक मंडल को धन्यवाद देता हूं। मैं यह विश्व-स्तरीय संस्थान बनाने वाले उदय (कोटक) की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

ताइवान सेमीकंडक्टर के शेयरों में तेजी, तीसरी तिमाही में 17.28 बिलियन डॉलर का हुआ मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। ताइवान सैमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक की बढ़ौतरी देखी गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 17.28 बिलियन डॉलर का मुनाफा दर्ज किया। हालांकि, पिछली तिमाही में कंपनी ने 17.07 बिलियन डॉलर का मुनाफा दर्ज किया था। साथ ही प्रति शेयर आय (ईपीएस) में भी बढ़ौतरी देखी गई है। पहले प्रति शेयर आय 1.17 डॉलर पर थी, जबकि अब 1.29 डॉलर पाई गई है। ईपीएस उस लाभ की राशि को दर्शाता है जिसे कंपनी अपने शेयरधारकों को लाभांश के रूप में वितरित करने के बजाय अपने पास रखने का निर्णय लेती है।

बता दें कि ताइवानी सैमीकंडक्टर उद्योग की शुरूआत 1974 में हुई। 1976 में सरकार ने आरसीए को सैमीकंडक्टर तकनीक को ताइवान में स्थानांतरित करने के लिए मना लिया। 1987 में टीएसएमसी ने वैश्विक सैमीकंडक्टर उद्योग को नया आकार देते हुए फैबलैस फाऊंड्री मॉडल का बीड़ा उठाया। गत दिवस कंपनी के सी.ई.ओ. सी.सी. वेई ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि मौजूदा तिमाही में कारोबार को 3एनएम प्रक्रिया उत्पादन के विस्तार से समर्थन मिलेगा, जो आंशिक रूप से ग्राहकों के निरंतर इन्वैंट्री समायोजन से ऑफसैट होगा।

दो सप्ताह पहले कंपनी ने बताया था कि तीसरी तिमाही का राजस्व 10.8 प्रतिशत घटकर 546.7 बिलियन डॉलर हो गया। एचपीसी की बिक्री 6 प्रतिशत बढ़कर कुल राजस्व का 42 प्रतिशत हो गई। स्मार्टफोन राजस्व में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कुल राजस्व का 39 प्रतिशत था और आईओटी की बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई। ऑटोमोटिव चिप्स में 24 प्रतिशत की कमी आई और यह 5 प्रतिशत तक कम हो गई।

चीन की करेंसी में रूसी तेल क्यों लें भारत ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन और रूस पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के नजदीक आते दिख रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बीते दिनों चीन पहुंचे थे। लेकिन रूसी राष्ट्रपति ने जी-20 समिट के लिए भारत का दौरा नहीं किया था। चीन और रूस की दोस्ती धीरे-धीरे मजबूत होती दिख रही है। ये भारत सहित पश्चिमी देशों के लिए चिंता का सबब है। इस बीच भारत को क्रूड ऑयल बेच रहे रूस ने चीन की करेंसी में भुगतान करने की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार ने क्रूड ऑयल इंपोर्ट के लिए चीन की करेंसी में पेमेंट करने के रूसी ऑयल सप्लायर्स के दबाव को खारिज कर दिया है। भारत ने इसपर आपत्ति जताई है। इसकी वजह दिल्ली और बीजिंग के बीच जारी तनाव है।



भारत के साथ कारोबार करके रूस ने अरबों डॉलर रुपये की संपत्ति जमा कर ली है। लेकिन इसका इस्तेमाल करने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ रहा है। इस मुद्रा का वह भारत के अलावा किसी अन्य देश के साथ इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। इधर पिछले वर्ष में चीन की करेंसी युआन की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में अर्थव्यवस्था इंपोर्ट के लिए चीन पर ज्यादा निर्भर हो गई है। इसके चलते रूस के कारोबारी अपना ज्यादातर बिजनस युआन में ही कर रहे हैं। इस वर्ष रूस में डॉलर की जगह चीनी मुद्रा सबसे ज्यादा कारोबार वाली करेंसी बन गई है।

बता दें की रूस भारत के लिए क्रूड ऑयल का शीर्ष सप्लायर है। भारत इस समय अपनी जरूरत का 60 फीसदी तेल रूस से आयात कर रहा है। भारतीय रिफाइनरी ज्यादातर रूसी तेल इंपोर्ट के लिए दिरहम, अमेरिकी डॉलर और थोड़ी सी रकम में रुपये का भुगतान करती हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, युआन का उपयोग कभी-कभी छोटे लेनदेन में किया जाता है। रूसी तेल आपूर्तिकर्ता अनुरोध कर रहे हैं कि चीनी मुद्रा तेल व्यापार के लिए लेनदेन की मुख्य इकाई हो।

एलन मस्क ने दो दिन में गंवाए 22 अरब डॉलर, अंबानी-अडानी को भी लगा झटका

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में गिरावट का सिलसिला हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 16.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई थी जबकि शुक्रवार को उन्हें 5.81 अरब डॉलर की चपत लगी। इस तरह दो दिन में उनकी नेटवर्थ में करीब 22 अरब डॉलर की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 204 अरब डॉलर रह गई है। टेस्ला के शेयरों में गिरावट से मस्क की नेटवर्थ गिरी है। इस कंपनी के शेयरों में दो दिन में करीब 13 परसेंट गिरावट आई है। इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के नेट प्रॉफिट में चालू फाइनेंशिल ईयर की तीसरी तिमाही में 44 प्रतिशत गिरावट आई है। नतीजों की घोषणा के बाद से उसके शेयरों में गिरावट आ रही है।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक शुक्रवार को दुनिया के टॉप 10 रईसों में सबकी नेटवर्थ में गिरावट आई। दुनिया के दूसरे नंबर के रईस फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 2.07 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 153 अरब डॉलर रह गई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने 3.30 अरब डॉलर गंवाए और उनके खाते में अब 149 अरब डॉलर रह गए हैं। इसके साथ ही बिल गेट्स, लैरी पेज, लैरी एलिसन, सर्गेई ब्रिन, स्टीव बाल्मर, वॉरेन बफे और मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में भी गिरावट देखने को मिली। लैरी एलिसन ने सबसे ज्यादा 6.01 अरब डॉलर गंवाए।

इस बीच भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में भी शुक्रवार को गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में 11.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 85.8 अरब डॉलर रह गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ 21.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 61 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में रेकॉर्ड 59.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर है।

हाइड्रोजन उपकरण का बाजार 2030 तक 50 अरब डॉलर होगा: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। हाइड्रोजन क्षेत्र के निकाय आईएच2ए ने बुधवार को उम्मीद जताई कि घरेलू हाइड्रोजन उपकरण विनिर्माण एवं सेवा का बाजार वर्ष 2030 तक 45-50 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इंडिया हाइड्रोजन अलायंस (आईएच2ए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसका यह आकलन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र से संबंधित सभी उपकरणों पर आधारित है। इन उपकरणों के घरेलू इस्तेमाल के अलावा पश्चिम एशिया एवं अफ्रीकी देशों को निर्यात भी इसमें शामिल होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार का आकार इस स्तर पर पहुंचने से भारत भावी हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए आपूर्ति श्रृंखला के एक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। उद्योग निकाय ने हरित हाइड्रोजन का क्षेत्रीय उपकरण एवं सेवा निर्यात बाजार 36 अरब डॉलर तक पहुंचने का भी अनुमान जताया है। इसके साथ ही इसने कहा कि अगले सात वर्षों में घरेलू हाइड्रोजन उपकरण बाजार 9-13.5 अरब डॉलर का हो जाएगा।

सात साल पहले पनामा पेपर्स में आया जिस शख्स का नाम, अब ईडी ने उसकी अवैध विदेशी संपत्ति को लेकर लगाए आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। ईडी ने कहा कि शिंदे ने टैक्स हेवन ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) में वीनस बे ऑफशोर लिमिटेड के नाम से एक ऑफशोर कंपनी स्थापित की। उन्हें यूबीएस-एजी बैंक, सिंगापुर में रखे गए उक्त कंपनी के बैंक खातों में 21.87 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। अघोषित विदेशी संपत्ति रखने के मामले में पनामा पेपर्स में नामित व्यक्ति की मुश्किलें बढ़ सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले में व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। बता दें आरोपी संजय विजय शिंदे, उनकी पत्नी अपर्णा और वीनस बे ऑफशोर लिमिटेड नाम की कंपनी के खिलाफ अभियोजन शिकायत 18 अक्तूबर को भोपाल में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दायर की गई थी और अदालत ने शुक्रवार को आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। आयकर विभाग ने पनामा पेपर्स लीक की जांच के तहत व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की। वाशिंगटन स्थित इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंवेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स द्वारा 2016 में पनामा की कानूनी फर्म मोसैक फोंसेका के रिकॉर्ड के भंडार की जांच को पनामा पेपर्स नाम दिया गया था, जिसमें कई विश्व नेताओं और मशहूर हस्तियों के नाम शामिल थे, जिन्होंने कथित तौर पर विदेशों में धन छुपाया था। उनमें से कुछ के पास वैध विदेशी खाते होने की बात कही गई थी। इसमें भारत से जुड़े कुल 426 मामले थे। ईडी ने कहा कि शिंदे ने टैक्स हेवन ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) में वीनस बे ऑफशोर लिमिटेड के नाम से एक ऑफशोर कंपनी स्थापित की। उन्हें यूबीएस-एजी बैंक, सिंगापुर में रखे गए उक्त कंपनी के बैंक खातों में 21.87 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। इसमें दावा किया गया,कि आरोपी कंपनी का एकमात्र निदेशक, शेयरधारक और लाभकारी मालिक था। ईडी ने कहा, विदेशी बैंक खाते में मिले धन के रूप में संपत्ति का आरोपी ने अपने आयकर रिटर्न में खुलासा नहीं किया था, इसलिए उसके खिलाफ काला धन अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू की गई और अभियोजन शिकायत दर्ज की गई। ईडी ने आरोप लगाया कि आरोपी एनआरई/एनआरओ खातों के माध्यम से बीवीआई कंपनी से पैसा भारत लाए और इसे विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर-एफडी) खाते में निवेश किया। साथ ही कहा, आरोपी ने बाद में इनको खत्म कर दिया और कई चल और अचल संपत्तियों में निवेश कर दिया। आरोपी ने भोपाल, गोवा, वडोदरा और मुंबई में संपत्तियां खरीदी थीं। इन फंडों को म्यूचुअल फंड, शेयर, एफडी, एलआईसी पॉलिसियों और व्यवसायों में पूंजी निवेश के रूप में भी निवेश किया गया था।

महान फुटबालर सर बॉबी चार्ल्टन नहीं रहे

1966 में इंग्लैंड को जिताया था विश्वकप

नई दिल्ली (एजेंसी)। मिडफील्डर चार्ल्टन को उनकी तेज, जादुई किक और तेजी के लिए जाना जाता था। 1958 में वह एक ऐसी हवाई जहाज दुर्घटना में बचे थे, जिसमें उनके आठ साथी फुटबालरों का निधन हो गया था। इंग्लैंड के महान फुटबालर सर बॉबी चार्ल्टन का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 1966 के विश्वकप के सेमीफाइनल में पुर्तगाल के खिलाफ दो गोल कर इंग्लैंड को फाइनल की राह दिखाकर विजेता बनाने वाले चार्ल्टन को इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के सर्वकालिक महान फुटबालर की संज्ञा दी जाती है। चार्ल्टन ने इंग्लैंड के लिए 106 मैचों में 49 गोल किए और मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए उन्होंने 758 मैच में 249 गोल किए। उनके नाम इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड लगभग 40 वर्ष रहा, जिसे उनके ही क्लब के साथी वायने रूनी ने तोड़ा। सर बॉबी चार्ल्टन ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 1956 से 1973 तक 758 मैच में 249 गोल किए। वहीं, इंग्लैंड के लिए 1958 से 1970 तक 106 मैच में 49 गोल किए।

पूरे कॅरिअर में कभी लाल कार्ड नहीं दिखाया गया

बॉबी चार्ल्टन हमेशा विवादों से दूर रहे। मैदान पर भी उन्होंने साफ-सुथरी फुटबाल खेली। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेले गए 758 और इंग्लैंड के लिए खेले गए 106 मैचों के दौरान उन्हें कभी लाल कार्ड दिखाकर मैदान के बाहर नहीं भेजा गया।

भाई जैक भी थे 1966 की विश्व विजेता टीम में

1986 से 2013 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर रहे सर एलेक्स फर्ग्यूसन ने कहा कि सर बॉबी, लाखों फुटबाल प्रेमियों के हीरो थे। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड के सर्वकालिक महान फुटबालर हैं। उनकी खेल भावना लाजवाब थी। उनके भाई जैक ने 2007 में बताया था कि बॉबी जब 5 साल के थे तभी उन्हें लग गया था कि वह बहुत बड़े फुटबालर बनेंगे। वह टेनिस की गेंद को सिर से दीवार पर मारते थे और वापस लौटती गेंद उनके पैर पर चुंबक की तरह से चिपक जाती थी। यह हैरान करने वाला था। उनका गेंद पर नियंत्रण अविश्वसनीय होता था।

हवाई दुर्घटना में बचकर चैंपियन बने

मिडफील्डर चार्ल्टन को उनकी तेज, जादुई किक और तेजी के लिए जाना जाता था। 1958 में वह एक ऐसी हवाई जहाज दुर्घटना में बचे थे, जिसमें उनके आठ साथी फुटबालरों का निधन हो गया था। इस घटना ने पूरे इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड को झकझोर कर रख दिया था। चार्ल्टन की उम्र उस दौरान महज 21 वर्ष थी। इस घटना के बावजूद उन्होंने फुटबाल की दुनिया में जबरदस्त वापसी की और तीन विश्वकप खेले। इंग्लैंड में हुए 1966 के विश्वकप में फाइनल में जर्मनी के खिलाफ सर ज्योफ हर्स्ट ने गोल किए थे, लेकिन चार्ल्टन की भूमिका इंग्लैंड को जिताने में काफी अहम थी।

कौन हैं कार्तिकेयन मुरली, जिन्होंने वर्ल्ड नंबर वन चेस प्लेयर मैग्नस कार्लसन को हराया है

नई दिल्ली (एजेंसी)। चेस वर्ल्ड कप 2023 विजेता और नंबर वन चेस प्लेयर मैग्नस कार्लसन को लगातार भारतीय खिलाड़ियों से टक्कर मिल रही है। अगस्त 2023 में वर्ल्ड कप के फाइनल में मैगन्स कार्लसन को भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद ने कड़ी टक्कर दी थी। अब मैग्नस कार्लसन को एक भारतीय खिलाड़ी ने हरा दिया। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि 24 वर्षीय ग्रैंडमास्टर कार्तिकेयन मुरली हैं, जिन्होंने विश्व के नंबर वन शतरंज खिलाड़ी को मात दी है। कार्तिकेयन मुरली ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को करारा झटका दिया। मौजूदा कतर मास्टर्स में क्लासिकल चेस फॉर्मेट में कार्तिकेयन ने कार्लसन के खिलाफ जीत हासिल की और भारत के लिए केवल तीसरा ही ये मौका है, जब कोई भारतीय खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने में कामयाब हुआ है। कार्तिकेयन मुरली से पहले मैग्नस कार्लसन को भारत के पेंटाला हरिकृष्णा और विश्वनाथन आनंद ने हराया था।

पीवी सिंधु को डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में मिली हार, मारिन से लगातार पांचवें मैच में हारीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सिंधु की विश्व रैंकिंग 12 है जबकि मारिन इस समय छठे पायदान पर हैं। निर्णायक गेम में अंपायर ने दोनों खिलाड़ियों को अंक जीतने पर आक्रामक जश्न मनाने के लिए चेतावनी दी और यलो कार्ड भी दिखाया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गई। सिंधु को स्पेन की कैरोलिना मारिन ने तीन गेमों के मुकाबले में पराजित किया। एक घंटा 13 मिनट चले मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को 18-21, 21-19, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। मारिन के खिलाफ सिंधु की यह लगातार पांचवीं हार है। मारिन ने 2016 के रियो ओलंपिक और 2018 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में भी सिंधु को हराया था। सिंधु की विश्व रैंकिंग 12 है जबकि मारिन इस समय छठे पायदान पर हैं। निर्णायक गेम में अंपायर ने दोनों खिलाड़ियों को अंक जीतने पर आक्रामक जश्न मनाने के लिए चेतावनी दी और यलो कार्ड भी दिखाया।

क्या 350 रन वाले विकेट ही अच्छे? अहमदाबाद और चेन्नई की पिच रेटिंग पर राहुल द्रविड़ ने आईसीसी को धो दिया

भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने पिच को लेकर आईसीसी की रेटिंग से नाराजगी जताई है। वर्ल्ड कप में अहमदाबाद और चेन्नई की पिच को औसत रेटिंग दी गई है। इसपर राहुल द्रविड़ ने उदाहरण देते हुए आईसीसी की क्लास लगा दी।

धर्मशाला (एजेंसी)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ वर्ल्ड कप 2023 कुछ पिचों को आईसीसी द्वारा 'औसत' की रेटिंग दिए जाने से सहमत नहीं हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि सिर्फ अधिक रन बनना ही पिचों को रेटिंग दिए जाने की पात्रता नहीं हो सकती। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की मेजबानी करने वाले चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम और अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले की मेजबानी करने वाले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को 'औसत' रेटिंग दी है। द्रविड़ ने कहा कि वह एक टूर्नामेंट में विविधता देखना चाहते हैं और सिर्फ रन बनने के आधार पर पिच को रेटिंग नहीं दी जा सकती।

क्या 350 वाले विकेट ही अच्छे – द्रविड़ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैं निश्चित रूप से उन दो विकेटों के लिए दी गई औसत रेटिंग से सम्मानपूर्वक असहमत रहूंगा। मुझे लगता है कि वे अच्छे विकेट थे। यदि आप केवल 350 रन देखना चाहते हैं और केवल उन्हीं विकेटों को अच्छा मानते हैं, तो मैं इससे असहमत हूं। मुझे लगता है कि आपको विभिन्न कौशल पर ध्यान देना होगा। अगर हम केवल चौके और छक्के देखना चाहते हैं तो उसके लिए हमारे पास टी20 क्रिकेट भी है। भारतीय टीम के कप्तान रह चुके द्रविड़ ने कहा कि अगर सिर्फ चौके और छक्के देखने हैं तो फिर गेंदबाजों की मैच में क्या भूमिका है। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो दिल्ली या पुणे में शायद 350 रन से अधिक के विकेट भी हैं। केवल वे ही अच्छे विकेट हैं तो फिर गेंदबाज यहां क्यों हैं? आखिर स्पिनर क्यों हैं? यदि आप सभी चाहते हैं कि स्पिनर आएं और 10 ओवर में 60 रन देकर चले जाएं, ताकि आप चौके और छक्के देख सकें और एक गेंद स्पिन हो या दो गेंद स्पिन हो और आप इसे औसत रेटिंग दें।'

गेंदबाज का भी होता है रोल – द्रविड़ ने कहा, 'मैं इससे असहमत हूं क्योंकि मुझे लगता है कि हमें सभी कौशल पर ध्यान देना चाहिए, बीच में स्ट्राइक रोटेट करने की क्षमता। जडेजा की स्तरीय गेंदबाजी या (मिशेल) सेंटनर को गेंदबाजी करते हुए देखना या (एडम) जंपा को गेंदबाजी करते हुए देखने या केन विलियमसन को बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करते हुए देखना। विराट कोहली और केएल राहुल ने जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी की। वे कौशल भी हैं। उनको भी सामने आकर दिखाने और प्रदर्शित करने की जरूरत है। द्रविड़ ने अपनी बात को साबित करने के लिए कुछ उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा, 'मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। मुझे नहीं पता कि उन विकेटों के लिए क्या रेटिंग थी लेकिन हमने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप खेला था। पर्थ में हमने 138 रन का विकेट देखा। भारत दक्षिण अफ्रीका से खेलता है और लगभग प्रत्येक गेंद सीम और स्विंग करती है। वह एक टी20 मैच था। मुझे नहीं पता कि उसे क्या रेटिंग दी गई। मुझे आशा है कि उसे भी औसत रेटिंग दी गई होगी।'

टी20 में भी बनते हैं कम रन – उन्होंने कहा, 'विश्व टी20 फाइनल में पाकिस्तान ने इंग्लैंड से खेला और टी20 मैच में 130 रन बने। मैं इसके बारे में शिकायत नहीं कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यह अच्छा है, यह बहुत अच्छा है। पर्थ का वह विकेट अच्छा था। इसमें विभिन्न कौशल को चुनौती मिली। इसमें विभिन्न कौशल को प्रदर्शित किया गया। मैं यह तब भी कह रहा हूं जबकि हम वे मैच हार चुके हैं। तो इसमें कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी विकेट थोड़ा टर्न करेंगे, कभी-कभी वे थोड़ा सीम करेंगे, वे थोड़ा स्विंग करेंगे, वे थोड़ा उछाल लेंगे। हम सिर्फ 350 रन में लगने वाले छक्कों और चौकों को ही अच्छे विकेट के रूप में देखना चाहते हैं तो मैं इससे असहमत हूं।'

यूरोपीयन ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे

युवा खिलाड़ी बने आर्थर फिल्स

एंटवर्प (एजेंसी)। फ्रांस के किशोर खिलाड़ी आर्थर फिल्स शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में हराकर यूरोपीय ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्नीस साल के फिल्स ने सितसिपास को 7-6 (5), 7-6 (4) से पराजित किया। उन्होंने नौ ब्रेक प्वाइंट में से आठ का बचाव किया तथा यूनान के अपने प्रतिद्वंद्वी के 21 विनर की तुलना में 34 विनर लगाए। फिल्स फाइनल में कजाकिस्तान के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक का सामना करेंगे। बुब्लिक ने सेमीफाइनल में जर्मन क्वालीफायर मैक्सिमिलियन मार्टेरर को 6-4, 6-4 से हराया था। फिल्स ने इस साल लियोन ने अपने करियर का पहला खिताब जीता था और हैंबर्ग में कैस्पर रूड को हराकर शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की थी।

श्रेयस अय्यर ने ठोकी 'बैस्ट फील्डर' के मैडल पर दावेदारी, पकड़ा कॉनवे का गजब कैच

धर्मशाला (एजेंसी)। क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत धर्मशाला के मैदान पर खेले गए महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने यादगार कैच पकड़कर अपनी उपयोगिता साबित कर दी। धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए ड्वेन कॉनवे बड़ी चुनौती बन सकते थे क्योंकि साल 2023 में वह वनडे फॉर्मेट में शानदार रहे हैं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने शुरूआती ओवर में ही उनका पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। कॉनवे को आऊट करने के लिए अय्यर ने फील्ड में बेहतरीन कैच लपका और बैस्ट फील्डर ऑफ द मैच के मैडल के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी। चोट से उभरने के बाद से श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन प्रभावी रहा है। उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में प्रभाव प्रदर्शन किया था। आखिरी पीठ की चोट से उभरने के बाद श्रेयस मैदान पर छा रहे हैं। वहीं, टीम की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद भारतीय टीम ने प्लेइंग 11 में सूर्यकुमार यादव को जगह दी है। इसी तरह शार्दुल ठाकुर को रैस्ट देने के साथ ही मोहम्मद शमी को मौका दिया गया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी का शानदार प्रदर्शन

झटके 5 विकेट; डेरिल मिचेल का शानदार शतक

धर्मशाला (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप के 21वें मुकाबले में भारत को 273 रन का टारगेट दिया है। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट हो गई। नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे डेरिल मिचेल (130) ने शतकीय पारी खेली, जबकि रचिन रवींद्र (75 रन) ने अर्धशतक जमाया। ग्लेन फिलिप्स ने 23 रन का योगदान दिया। मोहम्मद शमी ने 5 विकेट चटकाए, वहीं कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। एक-एक सफलता मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को भी मिली।

मिडिल ओवर में विकेट नहीं ले सके भारतीय गेंदबाज, कैच भी छूटे – पावरप्ले में दबाव भरी शुरुआत के बाद रचिन रवींद्र (75 रन) और डेरिल मिचेल ने सराहनीय बल्लेबाजी की, जबकि भारतीय स्पिनर्स शुरुआत के दबाव का फायदा नहीं उठा सके। 11वें ओवर से 30 ओवर के बीच में कीवी टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया और 113 बनाए। यहां टीम स्कोर 30 ओवर में 2 विकेट पर 147 रन रहा। इस दौरान रवींद्र और मिचेल ने दूसरी टीमों को बताया कि कुलदीप और रवींद्र जडेजा का सामना कैसे करना है। उन्होंने चहल-कदमी करके बल्लेबाजी की। रचिन और डेरिल की शतकीय साझेदारी पावरप्ले में ओपनर्स के विकेट गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी की। टीम ने बीच के 20 ओवर में बगैर नुकसान के 113 रन बनाए। रचिन और डेरिल के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 152 बॉल पर 159 रन जोड़े। कुलदीप के एक ओवर से 19 रन आए इस दौरान मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा आए। कीवी बैटर्स ने जडेजा को संभलकर खेला और रिस्की शॉट्स नहीं खेले। सिराज, कुलदीप के सामने अटैकिंग अप्रोच रखी। 19वें ओवर में कुलदीप ने पारी का सबसे महंगा 16 रन का ओवर दिया। जडेजा-राहुल से कैच छूटे 11वें ओवर में रवींद्र जडेजा से रचिन रवींद्र का कैच छूटा, जबकि 29वें ओवर में वे सिराज की बॉल पर छ्रक्स से बचे। फिर 30वें ओवर में केएल राहुल ने मिचेल का कैच छोड़ा।

साउथ अफ्रीका से शर्मनाक हार के बाद झुक गए जोस बटलर के कंधे

कहा- सेमीफाइनल में पहुंचना अब मुश्किल

मुंबई (एजेंसी)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से मिली 229 रन की शर्मनाक हार के बाद कहा कि मौजूदा चैंपियन टीम के लिए विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाना काफी मुश्किल हो गया है। दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी विश्व कप मैच में 7 विकेट पर 399 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 170 रन पर समेट दिया। बटलर ने मैच बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह ऐसी हार है जिसे पचा पाना मुश्किल है। जाहिर है, हम दिल्ली में (अफगानिस्तान से हार) निराश थे और हमारे पास कुछ अच्छे दिन थे। हमने वास्तव में कड़ी मेहनत की और आज चीजों के ठीक होने की उम्मीद थी लेकिन यह हो न सका। बटलर ने वनडे में इंग्लैंड की अब तक की सबसे बड़ी हार के बाद कहा, 'यह (सेमीफाइनल में पहुंचना) अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है। हम आने वाले मैचों को कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम उम्मीद बनाए रखेंगे। बटलर ने कहा, 'निश्चित रूप से हम मुश्किल परिस्थिति में है।



यहां से अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। यह अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है, लेकिन एकजुटता के साथ फिर से आगे बढ़ेंगे।

वानखेड़े में शर्मसार हुई इंग्लैंड – इंग्लैंड ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जोकि काफी गलत साबित हुआ। साउथ अफ्रीका ने तूफानी बैटिंग करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 399 रन बना डाले। मिडिल ऑर्डर के तूफानी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने 67 गेंदों पर 109 रन की गजब शतकीय पारी खेली। इसके अलावा रीजा हेंड्रिक्स ने भी 85 रन की अच्छी पारी खेली। वहीं अंत में 42 गेंदों पर 75 रन ठोक मार्को यानसेन ने कोहराम मचा दिया। इसके बाद 400 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड की बल्लेबाजी एक बार फिर पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। एक भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा पाया। एक के बाद एक लगातार विकेट गिरते रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि सिर्फ 22 ओवर में ही इंग्लैंड 170 रन पर ऑल आउट हो गई और साउथ अफ्रीका 229 रन से मैच जीत गई।

साउथ अफ्रीका की धमाकेदार जीत के बाद हेनरिक क्लासेन ने भरी हुंकार, कहा- दुनिया को बताने का समय है कि...

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद कभी 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीतने वाला दक्षिण अफ्रीका खुद पर लगे चोकर्स (दबाव में बिखरने वाले) का ठप्पा मिटाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उसके स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कहा कि अब दुनिया को यह बताने का समय आ गया है कि वह दबाव में कितना अच्छा खेलते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ 229 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उसने इंग्लैंड के सामने 400 रन का लक्ष्य रखा था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने एक अन्य मैच में 400 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। इंग्लैंड के खिलाफ 67 गेंद पर 109 रन की शानदार पारी खेलने वाले क्लासेन का का मानना है कि इन दोनों मैच में उनकी टीम ने दिखाया कि वह दबाव में कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। क्लासेन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस से कहा, जब विश्व कप में हमारे प्रदर्शन की बात आती है तो किसी ने हम पर यह ठप्पा लगा दिया है लेकिन हमने अच्छी क्रिकेट खेली है। भाग्य हमारे साथ नहीं रहा है और निश्चित तौर पर कुछ मैचों में हम अपनी रणनीति के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, लेकिन अगर आप हमारे प्रदर्शन पर गौर करो तो हमने विश्व कप के इतिहास में कुछ बहुत अच्छे मैच खेले हैं। यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। क्लासेन ने कहा, हमारी वर्तमान टीम पिछले तीन वर्षों से अच्छा क्रिकेट खेल रही है। हमारे सभी खिलाड़ी परिपक्व हैं और अब दुनिया को यह बताने का समय है कि दक्षिण अफ्रीकी दबाव की परिस्थितियों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमने पहले भी ऐसा किया है।

क्या पाकिस्तान को मिलेगी तीसरी हार? जानें अफगान लड़ाकों के सामने कैसा है बाबर सेना का रिकॉर्ड

आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 का 22वां मैच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच होने वाला यह काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। विश्व कप का यह मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा।

चेन्नई (एजेंसी)। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 की 22वीं टक्कर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चेन्नई में होने वाली है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने टूर्नामेंट में धमाकेदार शुरुआत करते हुए लगातार दो मैचों में जीत हासिल की थी, लेकिन अब उसके ऊपर लगातार तीसरी हार का खतरा मंडरा रहा है। पाकिस्तानी टीम को दो मैचों में जीत के बाद पहले भारत और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के हाथों बुरी तरह से हार मिली थी। वहीं पाकिस्तान के सामने अब उलटफेर में माहिर अफगानिस्तान की कड़ी चुनौती है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए आईसीसी वनडे विश्व कप की शुरुआत हालांकि कुछ खास नहीं रही थी, लेकिन दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत टीम के लिए बूस्टर का काम करेगी। ऐसे में आइए जानते हैं वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रिकॉर्ड के बारे में? आंकड़ों के लिहाज से देखें तो पाकिस्तानी टीम अफगानिस्तान पर भारी रही है। हालांकि अफगानी लड़ाकों ने किसी भी मैच में आसानी से हार नहीं मानी। रिकॉर्ड की बात करें तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कुल 7 वनडे मैच खेले गए हैं। इस दौरान सभी मुकाबलों में पाकिस्तानी टीम ने बाजी मारी है। ऐसे में अफगानिस्तान के पास चेन्नई में बेहतरीन मौका है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल करें।

विश्व कप में पाकिस्तान और अफगानिस्तान का रिकॉर्ड – पाकिस्तान और अफगानिस्तान आईसीसी वनडे विश्व कप में दूसरी बार एक दूसरे से भिड़ने जा रही है। दोनों टीमों के बीच विश्व कप की पहली भिड़ंत 2019, इंग्लैंड में हुई थी। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम ने 227 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस स्कोर का बचाव करने उतरी अफगानी टीम ने पाकिस्तान की हालत खराब करके रख दी थी। पाकिस्तानी टीम ने 228 रनों के लक्ष्य को पाने के लिए अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। सिर्फ इतना ही नहीं, इस लक्ष्य को पाकिस्तान ने पारी के आखिरी ओवर में सिर्फ दो गेंद शेष रहते हासिल किया था।

संक्षिप्त खबरें

मृतक के परिजनों को जल्द मिलेगा मुआवजा : मदन यादव

चरपोखरी। भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत कोयल निवासी मृतक प्रवासी मजदूरों के परिजनों से मिलने रविवार को जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह कोयल गांव पहुँचे। जिलाध्यक्ष द्वारा पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया व मुआवजे को ले सक्षम पदाधिकारी के बात कर सभी सरकारी योजनाओं लाभ दिलाने की बात कही। वहीं परिजनों से मिलने पहुंचे जिला महासचिव मदन यादव ने कहा कि मेरठ फैक्ट्री में हुए धमाके में मृतक के परिजनों को मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाएगा। इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री से भी बात हो गई है तथा प्रवासी मजदूरों के मिलने वाले मुआवजे को भी उत्तर प्रदेश सरकार से बात कर मुआवजा दिलाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर जेडीयू के जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, देवनारायण राम, सियाडिह पंचायत के मुखिया लाल मुक्ति पासवान, शंकर देहाती, रमेश कुशवाहा, मीडया प्रभारी मुन्ना बाबा सहितअन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

हत्या व लूट के आरोपी के घर पुलिस ने किया कुर्की जप्ती

शेरघाटी। आमस थाना क्षेत्र के हम्जापुर स्थित वारिसनगर में हत्या एवम रंगदारी के अभियुक्त फोटो खां के घर चला पुलिस का डंडा। मालूम हो कि आमस के सिहुली निवासी अनवर खां के हत्या के आरोप में पुलिस आमस एवम गुरुआ पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई करते हुए घर में कुर्की जब्ती करते हुए उसके घर से सारा सामान जब्त कर ली है। इधर जानकारी देते हुए डीएसपी राज किशोर सिंह ने बताया कि हत्या व लूट रंगदारी समेत कई मामले के मुख्य आरोपी फोटो के खिलाफ कई मामले दर्ज है जो अबतक फरार चल रहा था कई बार कोर्ट के द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी वह हाजिर नहीं हो पाया। वहीं कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्देश के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती कर उसके घर के समान को जप्त कर लिया गया है।

आरा में नहर में डूबने से घूमने निकल अधेड़ की मौत

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित नहर में डूबने से रविवार की दोपहर घर से घूमने निकल एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के महादेव रोड निवासी स्व.देव कुमार प्रसाद के 49 वर्षीय पुत्र जितेंद्र प्रसाद हैं एवं पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के भतीजे अर्जुन कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब हुआ 11 बजे घर से निकले थे। उसी बीच वह रविवार की दोपहर बस स्टैंड स्थित नहर के समीप शौच करने चले गए। जहां पर वह नहर में गिरकर डूब गए और उनकी मौत हो गई। घंटो बीत जाने के जब बाद जब स्थानीय लोगों ने उनके शव नहर में पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही उनके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उनके शव को नहर से बाहर निकाला।

दिगंबर जैन मंदिर में भक्तों की लगी भारी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जैनाचार्य चर्याशिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज एवं आर्यिका रत्न श्री 105 विमलप्रभा माता जी के मंगल आशीर्वाद से श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव सह विश्व शांति महायज्ञ के आठवें दिन रविवार को अष्टमी तिथि के श्रृंगारकर्ता राजेश्वरी जैन अपने पूरे परिवार सहित भक्ति करते हुए मंदिर पहुंची। मंदिर में बड़े ही श्रद्धापूर्वक श्रीजी का पंचामृत अभिषेक, पूजन एवं महाशांतिधारा हुआ। अपराह्न समय में देवी ज्वालामालिनी मां का दिव्य आह्वान व आराधना हुआ।

तत्पश्चात देवी मां का भव्य गोद भराई, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि देवी ज्वालामालिनी मां का दिव्य दर्शन, आराधना करने के लिए सुबह से ही भक्तों की लग रही है भारी भीड़। सायंकालीन कार्यक्रम में रंग-बिरंगी दीपों से सजी आरती थाल से श्रीजी का, यक्ष जी, देवी मां एवं क्षेत्रपाल जी का मंगल आरती हुआ। तत्पश्चात भजन, शास्त्र प्रवचन, माता का झूला, रत्नों की वृष्टि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांडिया हुआ। शास्त्र प्रवचन में डॉ अजीत जैन शास्त्री ने कहा जीवन में संस्कार का विशेष महत्व है यदि हम संस्कारशील नहीं रहेंगे तो आने वाली हमारी पीढियां संस्कारी कैसे रहेंगे। तथा उन्होंने कहा की शिशु के गर्भ काल से ही माता-पिता को अच्छे आचरण करना चाहिए तथा देव शास्त्र गुरु की पूजा भावपूर्वक करने से जन्म लेने वाला शिशु भी ओजस्वी और संस्कारी रहेगा।

आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र चंद्र जैन, संयोजक डॉ शशांक जैन, मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन, अजय कुमार जैन, रजत जैन, दीपू जैन, दीपक प्रकाश जैन, डॉ राकेंद्र कुमार जैन, सुशील जैन, मिथिलेश जैन, अभय जैन, मनीष जैन, रोहित जैन, साहू जैन, मृगांक जैन, धर्मराज जैन, चीनू जैन, डॉ नीलम जैन, रेशू जैन, गुंजन जैन, विनीता जैन, रश्मि जैन, ब्र सुलोचना जैन, वीर जैन, रौशन जैन, जिनवाणी जैन, रूपाली जैन, श्वेता जैन, श्रद्धा जैन, नेहा जैन, राशि जैन, साक्षी जैन, स्वर्णिका जैन, ओंकार अग्रवाल की भूमिका सक्रिय रहा।

डांडिया कार्यक्रम में बच्चों के हौसला अफजाई किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।टेकारी द्वारा आयोजित डांडिया नृत्य कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता ई.शम्भु नाथ केशरी पूर्व पार्षद सपत्नी भुवन मोहनी के साथ स्कूल पहुंचकर डांडिया नृत्य कार्यक्रम में शामिल बच्चों एवं बच्चियों का हौसला अफजाई किए !

स्कूल प्रबंधक द्वारा पहली बार आयोजित डांडिया कार्यक्रम में बच्चों एवं बच्चियों में काफी उत्साह देखा गया है! इस नवरात्रि मौके पर ई.केशरी जी ने लोगों को शुभकामनाएं देने के साथ साथ स्कूल निदेशक नमीत राजा एव प्राचार्य बिनीता कश्यप को अच्छे आयोजन के लिए आभार व्यक्त किए! इस मौके पर भाजपा पूर्व अध्यक्ष गणेश प्रसाद, हिमांशु शेखर , सिंधु जैन ,माया देवी , राम कुमार , विनोद शर्मा ,राम बाबू जी,रामाशीष ,संजय अथर्व ,दिग्विजय , पूर्व पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता ,संजीव दीक्षित सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे !विद्यालय के संस्थापक श्री ललिन्दर प्रसाद जी लोगों का स्वागत करते नजर आए ! इस बर्ष टिकारी के विभिन्न स्कूलों में डांडिया कार्यक्रम आयोजन हुआ और कई जगहों पर खुबसूरत पंडाल में भक्तों का भीड मां देवी के दर्शन के लिए लगी है!

दुर्गा अष्टमी को लेकर पंडालो में जुटी भक्तो की भारी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। दुर्गा महाष्टमी को लेकर पंडालो में जुटी भक्तों की भीड़ मालूम हो कि दशहरा को लेकर शहर के विभिन्न जगहों पर बड़े-बड़े पंडाल बनाए गए हैं ऐसे में महा अष्टमी को लेकर दर्शनार्थियों एवं पूजा करने वाले महिलाओं की भीड़ जुटी रहे वहीं शहर के दुर्गा स्थान स्थित हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष नौजवान पूजा अर्चना करने के लिए शामिल रहे।

जबकि पुरानी चट्टी मोहल्ला में भी महिलाएं हम के साथ पूजा अर्चना करते हुए नजर आए वहीं उक्त भीड़भाड़क को देखकर शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश पर शहर में विधि व्यवस्था दुरुस्त कर दिया गया। जिसके कारण हल्की-फुल्की जाम भी देखने को मिली वहीं शहर के काली मंदिर स्थित समेत पूजा पंडाल के पास भी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान भी तैनात रहे। साथ-साथ बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश होने के कारण लगभग जाम भी देखने को मिला ऐसे में त्योहार को लेकर पुलिस लगातार विधि व्यवस्था बनाने में छुट्टी हुई है।

वहीं मालूम हो कि शहर के विभिन्न अलग-अलग स्थान पर बड़े-बड़े पूजा पंडाल बनाए गए हैं जो देखने में काफी रोचक है, नया बाजार स्थित ब्लॉक के निकट केदारनाथ के मंदिर का रूप दिया गया है जबकि दुर्गा स्थान स्थित बनाया गया पांडाल में वैष्णो देवी मंदिर का रूप दिया गया है जबकि पुरानी चट्टी मोहल्ला में भी उसी तरह का बनाया गया है ऐसे शहर के अलग-अलग इलाकों में पूजा पंडाल में लोगों को पूजा अर्चना करने के साथ-साथ मंदिरों में भी महिलाएं पुरुष की भीड़ जुटी रही। बातचीत के दौरान भक्तों ने बताया कि महा अष्टमी व्रत को लेकर पूजा पंडाल में भीड़ जुटी रहती है इसको लेकर वालंटियर के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर शहर के अलग-अलग इलाकों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद निधि स्थल का निरीक्षण करते हुए नजर आए।

बेलगाम ट्रक ने दुर्गा पूजा देख घर वापस लौट रही चतुर्थ वर्गीय महिला कर्मचारी को रौंदा

बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार स्थित ओवर ब्रिज पर शनिवार की देर शाम घटी घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार स्थित ओवर ब्रिज पर शनिवार की देर शाम बेलगाम ट्रक ने दुर्गा पूजा देख घर वापस लौट रही चतुर्थ वर्गीय महिला को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। वही घटना के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर घटनास्थल पर ही शव को सड़क के बीचो-बीच रख सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लगी रही एवं आवागमन करीब आधे घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर बिहिया प्रखंड के सीईओ एवं बिहिया थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाया बुझाया और मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके लोगो ने जाम हटाया। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला निवासी स्व.अंचल सिंह की 50 वर्षीया पत्नी सरस्वती देवी है। वह अपने पति के मौत के बाद अनुकंपा पर एसबी कॉलेज में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत थी। इधर मृतका के परिजन अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपने घर से बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया बाजार अपनी बेटी ममता के ससुराल घूमने गई थी। वहां से शनिवार की शाम वह अपने नात व नातिन के साथ दुर्गा पूजा घूमने एवं सामान खरीदने बाजार गई थी। जब वह दुर्गा पूजा देखकर व सामान खरीद कर अपने नात व नातिन के साथ वापस बेटी के घर लौट रही थी। लौट के क्रम में जैसे ही वह बिहिया बाजार स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़ी। तभी विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजन एवं स्थानीय थाना को दी गई। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री ममता, अमृता व दो पुत्र मुकेश एवं हरी ओम है। हादसे के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। वहीं इस हादसे के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

आरा रमना के पास चर्च में बिजली की व्यवस्था संसद के सहयोग से किया गया

आरा। चर्च मे केन्द्रीय मंत्री आर के सिह के प्रयास से बिजली की व्यवस्था हो गया है। चर्च व ईसाई समुदाय इसके लिए धन्यवाद प्रगट करते है आशा व विश्वास है चर्च के अन्य कार्य पानी, सडक, चारदिवारी, रगों और सफाई व अवैध कब्जा से मुकत आरा चर्च जो आरा का ऐतिहासिक चर्च है आरा सांसद माननीय आर के सिह के सहयोग से होगा। हम सभी प्रार्थना करते है। चर्च के पादरी अनिल जीवित ने कहा कि हम लोगों ने कुछ दिन पहले बनी सांसद से मिले थे और उन्होंने आश्वासन दिया था कि आपका काम पूरा होगा और उनके सहयोग से आने वाले दिन में या एक पर्यटक होगा और उन्होंने कहा कि सभी उसमें साफ सफाई लाइट की व्यवस्था चारदीवारी की व्यवस्था भी की जाएगी हम लोग ईसाई समुदाय के लोग उनको बहुत-बहुत शुभकामना देते हैं।

भोजपुर में दो ट्रक की आपसी भिड़ंत में चचेरे भाइयों की मौत व एक जख्मी

शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवां गांव के समीप शनिवार की देर रात घटी घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवा गांव के समीप शनिवार की देर रात दो ट्रक की आपसी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक पर सवार चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि ट्रक चला रहा दूसरा चचेरा भाई मामूली रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवो को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं जख्मी युवक का इलाज भी शाहपुर रेफरल अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार मृतकों में उत्तरप्रदेश के शामली जिला के कांधला थाना क्षेत्र के सुन्ना गांव निवासी यमीन मलिक का 22 वर्षीय पुत्र आनम मलिक एवं उसी गांव के निवासी पप्पू का 19 वर्षीय पुत्र आरीस शामिल है। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई लगते है एवं दोनों पेशे से ट्रक चालक है। जबकि जख्मी मृतक आनम मलिक का छोटा भाई व ट्रक चला रहा साहिल मलिक है। इधर मृतक आनम मलिक का छोटा भाई साहिल मलिक ने बताया कि वह तीन अपने ही ट्रैक पर रहते हैं और फेरबदल कर ड्राइवरी करते है। गुरुवार को वह मेरठ से अपनी ट्रक पर ग्रीस लोड कर बिहार के मुजफ्फरपुर अनलोडिंग करने जा रहे थे। जाने के कारण में वह ट्रक चला रहा था।

जबकि उसका बड़ा भाई आनम मलिक ट्रक के पिछली सीट पर सो रहा था और उसका चचेरा भाई आरसी उसके बगल में बैठा हुआ था। उसी दौरान शनिवार की देर रात इटवा गांव स्थित फोरलेन पर पीछे से आ रही ट्रक में उनके ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके बड़े भाई आनम मलिक एवं उसके चचेरे भाई आरीस की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि वह मामूली रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि मृतक आनम मलिक अपने पांच भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां रौशनी खातून, चार भाई साहिल मलिक, सावेज मलिक, नावेद मलिक व फैज मालिक एवं एक बहन आसमा प्रवीण है।

जबकि दूसरा मृतक आरीस अपने तीन भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां साजिदा खातून, दो भाई आतीक, फुरकान व दो बहन मन्तशा एवं आक्सा है। हादसे के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। वही हादसे के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आप समस्त प्रखंड वासियों को दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं...

पुष्पम राज
सीडीपीओ, सरायरंजन
(समस्तीपुर)

नवरात्रि पर्व एवं दशहरा के पावन अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई...

लालबाबू राम
पूर्व विधायक, सकरा
(मुजफ्फरपुर)

नवरात्रि पर्व एवं दशहरा के पावन अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई...

भुवन मोहनी
जिला मंत्री (भाजपा), गया

ई.शम्भु नाथ केशरी
प्रदेश प्रभारी, लघु उद्योग प्रकोष्ठ (भाजपा)

बिहार राज ऑटो ई रिक्शा टेंपो चालक संघ आरा भोजपुर के तरफ से नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

किरण प्रसाद सचिन

राजीव कुमार ओझा
सह सचिव

मोहम्मद राजू खान
उपाध्यक्ष

दुगार्पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सत्येन्द्र रंजन
जिलाध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी
(रामविलास) अरवल ।

आप समस्त प्रखंड वासियों को दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं...

कन्हैया कुमार
किसान सलाहकार
कल्याणपुर (विभूतिपुर)
मो0 9006279740

भोलेनाथ हेल्थ केयर की ओर से समस्त प्रखंड वासियों को दुर्गा पूजा दीपावली एवं आस्था का महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं...
यहां सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाता है

व्यवस्थापक
गोविंद कुमार
स्थानः- कल्याणपुर बैंती पार (राम जानकी ठाकुरबाड़ी के निकट) विभूतिपुर

आप सभी देश वासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनांए....

जितेंद्र चौधरी
जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ, समस्तीपुर

सभी देश वासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनांए....

पुष्पांजलि वर्मा
पंचायत समिति सदस्य,
किंजर पंचायत, करपी

सभी देश वासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनांए....

रामायण पाण्डेय एलौन
राष्ट्रीय महासचिव
नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, नई दिल्ली

जे पी मेमोरियल स्कूल जे.पी.चौक (शेरघाटी) दुगार्पूजा एवं दीपावली के हार्दिक शुभकामनाएं.....
विनेश कुमार
म.वि. जमुआइन(शेरघाटी)
प्रधानाध्यापक

सभी देश वासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की

हार्दिक शुभकामनांए....
मनीष कुमार उर्फ लड्डू
वार्ड पार्षद वार्ड नम्बर 19
शेरघाटी नगर परिसद

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129